दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 49 | जयपुर | रविवार, 22 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

धक्का-मुक्की केस

## महिला आयोग की राहुल पर कार्रवाई की मांग: कहा-वे सांसद पर चिल्लाए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद परिसर धक्का-मुक्की केस में राष्ट्रीय महिला आयोग ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला और राज्यसभा के सभापति से नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया राहतकर ने शुक्रवार को नागालैंड की सांसद फांगनोन कोन्यक के साथ कथित तौर पर हुए दुर्व्यवहार पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि संसद में महिलाओं के सम्मान, समानता और गरिमा को बनाए रखना बहुत जरूरी है। नागालैंड से राज्यसभा सदस्य फान्गनॉन कोन्याक ने आरोप लगाया है कि वे जब संसद परिसर पर प्रदर्शन कर रही थीं तो राहुल गांधी उनके करीब आ गए और चिल्लाने लगे। इससे उन्हें असहज महसूस हुआ। इसी मामले में महिला आयोग ने खुद ही संज्ञान लेते हुए लेटर लिखा है। दरअसल, गुरुवार सुबह संसद परिसर में मकर द्वार पर इंडिया ब्लॉक और भाजपा सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान दोनों पक्षों के सांसद आमने-सामने आ गए और धक्का-मुक्की हुई। इसमें भाजपा के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत चोटिल हो गए।

## जयपुर अग्निकांड

# 14 मौतों के बाद हाईकोर्ट ने लिया स्वत:संज्ञान



## भजनलाल सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में शुक्रवार को हुए भीषण अग्निकांड में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 27 घायलों का इलाज एसएमएस अस्पताल में जारी है। इनमें से 25 लोग 80 फीसदी से अधिक झुलसे हुए हैं और 7 मरीजों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। अस्पताला प्रशासन के मुताबिक 7 घायलों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। वहीं, अस्पताल में लाए गए 5 शवों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।

### सीएम ने ली सड़क सुरक्षा के लिए बैठक

इस घटना को लेकर राज्य और केंद्र सरकार पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा का दबाव बढ़ गया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने हादसे की गहराई से जांच के लिए एसआई टी का गठन किया है। वहीं, सीएम भजनलाल शर्मा ने भी सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं दुर्घटना नियंत्रण के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर अधिकारियों के साथ बैठक ली है। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को सभी जिलों में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाते हुए ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हीकरण एवं उनके समुचित निवारण हेतु विशेष निर्देश प्रदान किए। साथ ही सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा सभी जिलों में परिवहन विभाग के उड़नदस्तों का गठन करके अनफिट एवं बिना परमिट के वाहनों, ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ सघन कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।




### स्थानीय प्रशासन पर उठे सवाल

यह हादसा प्रशासन की लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का नतीजा माना जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने पहले भी इस क्षेत्र में यू-टर्न और यातायात के खतरों की शिकायत की थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बता दें, हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद उम्मीद है कि इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई होगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। जयपुर पुलिस कमिश्नर ने इस मामले की गहराई से जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का नेतृत्व डीसीपी वेस्ट अमित कुमार करेंगे। इस जांच टीम का उद्देश्य हादसे के कारणों का पता लगाना और लापरवाही की हर कड़ी की जांच करना है। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा गठित एक अलग समिति भी हादसे की जांच कर रही है। यह समिति सोमवार को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।



HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

IN RE: In the matter of Massive Fire Broke out at Jaipur-Ajmer-Kishangarh-Bhankrota Highway.

JUSTICE ANOOP KUMAR DHAND

ORDER

21.12.2024
Reportable

By the Court:

1. A massive fire broke out at Jaipur-Ajmer-Kishangarh-Bhankrota Highway, occurred on 20.12.2024 at around 5:40AM in early morning, when a truck collided with an LPG Tanker. This incident was so shocking and pricking that it shattered everyone. It was an unfortunate incident which snatched away lives of several people and severe life threatening injuries and widespread destruction over an area of nearly 800 meters.

2. According to Electronic and Print Media Reports, this unfortunate incident occurred when the LPG tanker travelling from Ajmer to Jaipur attempted to take a U-Turn near Delhi Public School, which is also known as black spot. A truck approaching from opposite side collided with the tanker which resulted into a massive fire broke out and burnt dozens of vehicles plying nearby and caused death of more than a dozen of persons and life threatening burn injuries to dozens of persons in this huge fire.

3. The fire was accompanied with several explosions that shocked the nearby area while people fled in panic. The educational institutions and the major areas nearly remained shut

### हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

राजस्थान हाईकोर्ट ने इस दर्दनाक हादसे पर स्वत:संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने निर्देश दिया कि पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने भारत सरकार, पेट्रोलियम मंत्रालय, राज्य के मुख्य सचिव, और आपदा प्रबंधन विभाग को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि ज्वलनशील पदार्थों के गोदाम और खतरनाक फैक्ट्रियां शहरी क्षेत्र से बाहर क्यों नहीं की गईं। पेट्रोलियम सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। कोर्ट ने इस मामले की आगे की सुनवाई के लिए इसे खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं।

### सीसीटीवी में सामने आई थी हादसे की वजह

गौरतलब है कि सीसीटीवी फुटेज से घटना का कारण सामने आए थे। फुटेज के मुताबिक, अजमेर से जयपुर आ रहा एक एलपीजी टैंकर भांकरोटा के पास दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान जयपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने टैंकर के नोजल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर से 18 टन गैस का रिसाव हुआ, जिससे 500 मीटर का क्षेत्र गैस चैंबर में बदल गया।

इसके कुछ ही सेकंड बाद, एक भीषण धमाका हुआ और आग तेजी से आसपास की गाड़ियों तक फैल गई। धमाके की चपेट में आने से मौके पर कई गाड़ियां जल गईं, जिनमें 29 ट्रक, 2 यात्री बसें, 3 कारें, और कई अन्य वाहन शामिल हैं।

## पाकिस्तानी सैन्य पोस्ट पर आतंकी हमला, 16 सैनिकों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**कराची।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार तड़के आतंकवादियों ने सेना की पोस्ट पर हमला किया। इसमें 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हैं। घटना अफगानिस्तान बॉर्डर से 40 किमी दूर माकिन में हुई है। न्यूज एजेंसी एएफपी ने सेना के अधिकारी के हवाले से बताया कि 30 से ज्यादा आतंकवादियों ने सेना के पोस्ट पर करीब 2 घंटे तक हमला किया। इस दौरान आतंकवादियों ने चौकी पर मौजूद वायरलेस उपकरण, दस्तावेज समेत कई चीजों में आग लगा दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए।

हमले के बाद से इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के पास आतंकवादियों की तलाश जारी है। इस घटना की जिम्मेदारी तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी के आतंकियों ने ली है। कई अहम हथियार लूटकर आतंकी फरार आतंकवादियों ने सैन्य चौकी पर किए हमले को अपने सीनियर कमांडरों की शहादत का बदला बताया।

# पॉपकॉर्न जब तक नमकीन है, 5% टैक्स लगेगा

## सेकेंड-हैंड कार की मार्जिनल वैल्यू पर 18% टैक्स; वित्त मंत्री बोलीं-सभी राज्य पेट्रोल-डीजल पर जीएसटी के खिलाफ

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** जीएसटी काउंसिल की 55वीं मीटिंग 21 दिसंबर (शनिवार) को जैसलमेर हुई। इसमें हेल्थ, एजुकेशन और फूडिंग सेक्टर से जुड़े कुछ अहम फैसले हुए। मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस से जीएसटी घटाने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इस पर मंत्री समूह को और काम करना है।

वित्त मंत्री ने कहा कि इंश्योरेंस पर जीएसटी रेट कम करने से ही नहीं कितने स्लैब्स होंगे, इसे लेकर भी फैसला होना है। रेगुलेटरी अथॉरिटी से रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर फैसला होगा।

वहीं, ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप से फूड डिलीवरी पर कितना जीएसटी लगाया जाएगा, इसे लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है। निर्मला सीतारमन ने कहा कि मंत्रियों का समूह एक बार और इस पर बात करेगी। उन्होंने कहा कि खाने की चीज पर 5% जीएसटी है, डिलीवरी पर जीएसटी कितना लगाना है, लगाना है या नहीं लगाना है, इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है।



### जीएसटी काउंसिल से निर्मला सीतारमन की बड़ी बातें...

**1. पॉपकॉर्न जब तक नमकीन है तब तक 5% जीएसटी**

पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने कहा कि इस पर सोशल मीडिया पर भी चर्चा हुई है। ऐसे कई राज्य हैं, जहां नमकीन के साथ पॉपकॉर्न बेचा जाता है, ऐसे भी पॉपकॉर्न है जहां चीनी मिलाई जाती है। उस स्थिति में उस पर टैक्स अलग होगा।

**2. यूज्ड कार की मार्जिनल वैल्यू पर 18% जीएसटी लगेगा**

निर्मला सीतारमन ने कहा कि सभी तरह के यूज्ड कार पर खरीदने और बेचने पर उसका जो मार्जिनल वैल्यू है, उस पर 18% जीएसटी लगेगा। जैसे किसी ने 12 लाख में खरीदी हुई कर सेकेंड हैंड के तौर पर 9 लाख में बेचता है तो इस बचे हुए 3 लाख के मार्जिन पर ही जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि नया ईवी व्हीकल खरीदने पर 5% जीएसटी लगता है। पुराने ईवी खरीदने पर भी आज चर्चा हुई है।

## बजट घोषणाओं से संबंधित भू-आवंटन प्रकरणों की समीक्षा बैठक

### 31 दिसम्बर तक करें सभी भू-आवंटन प्रकरणों का निस्तारण - मुख्यमंत्री शर्मा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणाओं से संबंधित भू-आवंटन के शेष प्रकरणों का त्वरित निष्पादन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 31 दिसम्बर, 2024 तक की अवधि में प्रकरणों के भूमि चिन्हीकरण, चिन्हित भूमि के प्रस्ताव संबंधित विभाग को भिजवाने एवं भूमि आवंटन की प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि इन कार्यों में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से जिला कलक्टर्स के साथ आयोजित बैठक में लंबित भू-आवंटन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बजट घोषणा की अनुपालना में स्पोर्ट्स कॉलेज, रोड़वेज बस स्टैण्ड, जीएसएस एवं ठोस कचरा प्रबंधन के लिए प्रोसेसिंग प्लांट एवं मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर, औद्योगिक पार्क इत्यादि विकास कार्यों के लिए भू-आवंटन के प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत ब्लॉक कार्यालय एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नवीन सहायक अभियंता कार्यालय के लिए भू-आंवटन की भी समीक्षा की।

# राजस्थान के 6 जिलों में 4 दिन बारिश के आसार

### दो अलग-अलग सिस्टम बनेंगे, 27 तक चल सकता है बरसात का दौर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में 23 दिसंबर से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, कोटा संभाग के 4 जिलों में 23, 24 दिसंबर को बादल छाने के साथ बारिश हो सकती है। 25 दिसंबर से एक दूसरा सिस्टम फिर एक्टिव होगा, जिसके असर से पूर्वी राजस्थान के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी राजस्थान के 6 जिलों में बारिश हो सकती है।

उधर, 7 जिलों में शीतलहर चलने का येलो अलर्ट और इतने ही जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

फतेहपुर (सीकर) और भीलवाड़ा में शनिवार सुबह घना कोहरा रहा। फतेहपुर में सुबह कोहरे के चलते विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। वहीं, भीलवाड़ा के दिल्ली-मुंबई नेशनल हाईवे पर रायला गुलाबपुरा की ओर सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही।

पिछले 24 घंटे का राजस्थान का मौसम देखें तो राज्य के अधिकांश शहरों में धुंध रही और आसमान में हल्के बादल रहे।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# राइजिंग यूथ : पाथवे 2047-एजुकेटर्स शेपिंग द फ्यूचर में युवाओं के भविष्य पर विचार-विमर्श





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में आयोजित कार्यक्रम 'राइजिंग यूथ: पाथवे 2047 - एजुकेटर्स शेपिंग द फ्यूचर' में शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं के सशक्तिकरण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत 2047 और विकसित राजस्थान 2047 के विजन को साकार करने हेतु एक प्रभावी रोडमैप तैयार करना था। इस कार्यक्रम का आयोजन बिजनेस रैंकर्स द्वारा राजस्थान यूथ बोर्ड और राजस्थान सरकार के सहयोग से किया गया। इसे पर्यटन विभाग, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड,और सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग का समर्थन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही, NFPA, UNICEF, और भारतीय स्टेट बैंक भी प्रमुख साझेदार के रूप में जुड़े।

### प्रमुख वक्ता और पैनलिस्ट

कार्यक्रम में शामिल प्रमुख हस्तियों में डॉ. ओम प्रकाश बैरवा (आईएएस), श्री अविचल चतुर्वेदी (आईएएस), सुश्री सुषमा अरोड़ा (आईएएस), और डॉ. नीरज के. पवन (आईएएस) शामिल थे।

### मुख्य अतिथि का संबोधन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा, राज्य सरकार युवाओं की शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक युवा को उनके भविष्य निर्माण हेतु सर्वोत्तम अवसर प्रदान करना है।

### मुख्य सत्र और चर्चाएं

कार्यक्रम के दौरान चार प्रमुख सत्र आयोजित किए गए

1 **'एजुकेटर्स फॉर डिवेलपिंग इंडिया एंड राजस्थान 2047'**
इस सत्र में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा हुई, जो युवाओं को जिम्मेदार और सशक्त नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण है।

2 **'फ्यूचर एंटरप्रेन्योरशिप ऑपर्च्युनिटीज इन की एरिया ऑफ डेवलपमेंट'**
पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा, अक्षय ऊर्जा, और अन्य क्षेत्रों में उद्यमिता के अवसरों पर विचार-विमर्श हुआ।

3. **'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 का प्रारंभिक और उच्च शिक्षा पर प्रभाव'**
इस सत्र में तकनीकी नवाचार और शिक्षा प्रणाली में बदलाव पर चर्चा हुई।

4. **'भविष्य के लिए कौशलयुक्त और रोजगार-तैयार कार्यबल का निर्माण'**
उभरती उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दिया गया।

### राइजिंग एजुकेटर्स अवार्ड

कार्यक्रम में एक विशेष सत्र के तहत 'राइजिंग एजुकेटर्स अवार्ड' प्रदान किए गए। यह पुरस्कार उन शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए दिया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजक मूलचंद चहर ने कहा इस आयोजन ने न केवल शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाने का कार्य किया, बल्कि युवाओं के लिए शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण प्रयासों और 2047 तक एक सशक्त भारत व राजस्थान के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।



# 'माइंडफुल टीचिंग'प्रायोरिटीज़िंग वेलबीइंग : कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर में 6 दिवसीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हो गया। माइंडफुल टीचिंग और वेलबीइंग पर अटल एफडीपी माइंडफुल टीचिंग- प्रायोरिटीज़िंग वेलबीइंग कार्यक्रम का उद्घाटन जयपुरिया के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने किया। इसमें देशभर से लगभग 45 संकाय सदस्यों और एफपीएम विद्वानों ने भाग लिया। विशेषकर परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस, एमडी कॉलेज पल्लू, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी, जीआईटी जयपुर, वीजीयू जयपुर, महिला इंजीनियरिंग कॉलेज अजमेर, आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, कनोरिया पीजी, महिला महाविद्यालय जयपुर जैसे संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस एफडीपी का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण में सावधानी की समझ को बढ़ाना, साक्ष्य-आधारित तनाव प्रबंधन रणनीतियाँ प्रदान करना, भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देना और सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को उपकरणों से लैस करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जयपुर फुट का दौरा था, जो वंचितों की सच्ची सेवा का उदाहरण है। सेवा में समर्पण और करुणा के प्रभाव के बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हुए, प्रतिभागी इस अनुभव से गहराई से प्रभावित और समृद्ध हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दानेश्वर शर्मा एवं डॉ. उषा बढेरा ने किया। इस दौरान विभिन्न मूल्यांकनों, प्रश्नोत्तरी स्पर्धाओं में शामिल हुए प्रतिभागियों को समापन समारोह में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद निनाद विरासत समारोह 24 दिसंबर से

## राजस्थान की विभूति ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग एवं भक्ति मती मीराबाई को समर्पित होगा दो दिवसीय समारोह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 24 और 25 दिसंबर को प्रसिद्ध कलाकारों की ध्रुवपद गायिकी और वादन सुनने का अवसर मिलेगा। मौका रहेगा 30वें अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद निनाद विरासत समारोह-ध्रुवपद धरोहर विभूति समर्पण कार्यक्रम का। इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट, रसमंजरी संगीतोपासना केंद्र, जयपुर द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर एवं उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला की सहभागिता में सायं 5 बजे से 8 बजे तक समारोह का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया



जाएगा। यह समारोह ट्रस्ट के संस्थापक गायनाचार्य पद्मश्री पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग और मीराबाई को समर्पित किया जाएगा। इस समारोह में राष्ट्रीय तानसेन सम्मान एवं केंद्रीय संगीत अकादमी से पुरस्कृत एवं आकाशवाणी के टॉप ग्रेड कलाकार भाग लेंगे। पहले दिन प्रोफेसर विजयेंद्र गौतम एवं डॉ. श्याम सुंदर शर्मा, पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग के योगदान पर चर्चा करेंगे साथ ही रोहित बारोटिया द्वारा तैयार डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग भी की जाएगी। वरिष्ठ ध्रुवपद गायिका प्रो. डॉ. मधु भट्ट तैलंग के निर्देशन में पं. लक्ष्मण भट्ट द्वारा राग कीरवानी में रचित गणेश स्तुति की ध्रुवपद-रचना एवं मीराबाई सृजित राग मीरा की मल्हार, जिसे डॉ. मधु ने शोध कर के निकाला है साथ ही राग कीरवानी में डॉ. मधु द्वारा रचित ताल सूलताल में निबद्ध ध्रुवपद रचना को वृन्द गायन द्वारा दोनों विभूतियों को समर्पित किया जाएगा। नाथद्वारा घराने के विख्यात पखावज वादक दिल्ली के पं. डालचंद चंद शर्मा एकल पखावज वादन प्रस्तुत करेंगे। अंतिम प्रस्तुति कानपुर के सुप्रसिद्ध दरभंगा घराने के ध्रुवपद गायक पं. विनोद कुमार द्विवेदी एवं आयुष द्विवेदी की ध्रुवपद गायन की जुगलबंदी प्रस्तुत करेंगे।

दूसरे दिन के प्रारंभ में अजमेर के विख्यात साहित्यकार डॉ. सुरेश बबलानी मीराबाई के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। लखनऊ के विख्यात पखावज वादक अवधि घराने के पं. राज खुशीराम एकल पखावज वादन प्रस्तुत करेंगे। अंतिम प्रस्तुति ध्रुवपद के संकीर्तन हवेली संगीत के नामचीन गायक गोकुल के पं. गोकुलेन्दु तैलंग मंदिरों में प्रस्तुत ध्रुवपद की भक्ति पूर्ण रचनाओं का कीर्तन शैली में सुमधुर गायन करेंगे। इस प्रकार इस समारोह में ध्रुवपद की मंदिर और दरबारी दोनों परंपराएँ श्रोता सुन पाएँगे।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत तिल का तेल, नारियल तेल व मूंगफली के तेल के लिए नमूने..

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल जयपुर प्रथम के द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण इकबाल खान के निर्देशन में एवं कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. इंद्रा गुप्ता के नेतृत्व में खादी ग्रामोद्योग मेला बजाज नगर मैं संचालित विभिन्न खाद्य पदार्थ विक्रेताओं की स्टालों पर ताबड़तोड़ निरीक्षण कर जांच



करते हुए सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के नियमों की पूर्ण पालन हेतु पाबंद किया साथ ही शंकर तेल घाणी, देव तेल घाणी, सांवरिया तेल घाणी व चौधरी तेल घाणी के यहां से तिल के तेल, नारियल तेल व मूंगफली के तेल को जांच हेतु नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाए गए।

# शहर के स्टूडेंट्स ने लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दिल्ली के सिरी फोर्ट स्टेडियम में राष्ट्रीय मय थाई (किक बॉक्सिंग) चैंपियनशिप में अरबिंदो इंटरनेशनल स्कूल के तीन छात्रों ने पदक हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। इनमें अंडर 11 वर्ष में कृष गुर्जर ने अंडर 55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक, अंडर 12 वर्ष में आयुष सैनी ने अंडर 37 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता और अंडर 12 वर्ग में देवेंद्र चरण ने रजत पदक जीतने मे सफलता हासिल की है। ट्रेनर ऋचा गौर के मार्गदर्शन में स्टूडेंट ने मार्शल आर्ट का अभ्यास किया और ये पदक जीते। स्कूल के निदेशक डॉ भरत पराशर, प्रिंसिपल करुणा नागपाल और वाइस प्रिंसिपल रितु शर्मा ने बच्चो के परफॉर्मेंस पर खुशी जताते हुए उन्हें सतत



आगे भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने को प्रेरित किया। स्कूल प्रिंसिपल करुणा नागपाल ने बताया कि स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर फोकस किया जाता है, यही वजह है कि स्टूडेंट्स ने मार्शल आर्ट्स में पदक जीत जयपुर का नाम रोशन किया।

# दूध के टैंकर ने पिकअप को टक्कर मारी, पिकअप पलटी, सड़क पर बिखरी गाजर, एमएनआईटी चौराहे की घटना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एमएनआईटी चौराहे पर शनिवार अलसुबह एक तेज रफ्तार दूध टैंकर ने पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई। इससे सड़क पर गाजर ही गाजर फैल गई। पिकअप गाजर लेकर मुहाना मंडी जा रही थी, इसी दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार अलसुबह करीब 3.50 बजे एमएनआईटी चौराहे पर एक तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर से पिकअप पलट गई। इससे पिकअप में भरी गाजर सड़क पर फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने क्रेन की मदद से पिकअप को सीधा किया। पिकअप ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

### फेरो कवर टूटने से बजरी से ट्रक पलटा, चालक चोटिल

चौधरी पेट्रोल पम्प सांगानेर में शनिवार सुबह एक बजरी से ट्रक नाली का फेरो कवर टूटने से पलट गया। हादसे में ट्रक चालक चोटिल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा कर थाने पर खड़ा करवा दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू करवाया। हादसा सुबह करीब 8.45 बजे हुआ।

# युवक का अपहरण कर मांगी 10 लाख की फिरौती

## अपह्त युवक को मुक्त करवाकर पुलिस ने तीन बदमाशों को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुहाना थाना इलाके में एक युवक का किडनैप कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मारपीट कर बदमाश जबरन कार में डालकर किडनैप कर ले गए। वॉट्सऐप कॉल कर 10 लाख रुपए की फिरौती नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी। मुहाना थाना पुलिस ने तुरंत लोकेशन के आधार पर किडनैप युवक को सुरक्षित छुड़वाकर तीन बदमाशों को राउंडअप किया है। मामले में फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

जांच अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि शिव शक्ति विहार मुहाना निवासी हंसराज जाट ने मामला दर्ज करवाया कि सुमेर नगर विस्तार मानसरोवर में उनका एचडी बार एंड रेस्टोरेंट चलता है। इसमें पीपलू टोंक निवासी मनीष चौधरी काम करता है। गुरुवार रात करीब 11 बजे बेलेनो कार और 2 बाइक पर 6-7 बदमाश आए।

बार के बाहर से मारपीट कर मनीष को जबरन कार में डालकर किडनैप कर ले गए। करीब आधे घंटे बाद बदमाशों ने वॉट्सऐप कॉल किया।

मनीष को छोड़ने के बदले 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी। रुपए नहीं देने पर मनीष को जान से मार डालने की धमकी दी। बार संचालक ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना की। मुहाना थाना पुलिस ने लोकेशन के आधार पर बदमाशों को ट्रेस करना शुरू किया। पुलिस टीम ने किडनैप मनीष को सुरक्षित छुड़वा तीन बदमाशों को पकड़ लिया। मामले में फरार बदमाश और मास्टर माइंड की तलाश की जा रही है।

इस मामले में पुलिस ने 20 वर्षीय लोकेश गडवानी निवासी बैंक कॉलोनी मुरलीपुरा स्कीम, 24 वर्षीय प्रेम गुप्ता निवासी चरण नदी मुरलीपुरा और 25 वर्षीय उमेश कुमार कुमावत निवासी महावीर नगर महारानी फार्म दुर्गापुरा को अरेस्ट किया है।

# जयपुर में खाली प्लाट में मिला मानव भ्रूण

## कचरे के ढेर में था फेंका, सीसीटीवीफुटेज खंगाल रही पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** खाली प्लाट में शुक्रवार शाम मानव भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। कचरे के ढेर में भ्रूण को फेंका गया था। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भ्रूण को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ तलाश शुरू कर दी है। सहायक पुलिस उप निरीक्षक अलीमुद्दीन खान ने बताया- महावीर नगर टोंक रोड स्थित एक खाली प्लाट में मानव भ्रूण मिला है। खाली प्लाट पड़ा होने के कारण स्थानीय लोग उसमें कचरा डाल देते है। खाली प्लाट में कचरे के ढेर में अज्ञात परिजनों ने भ्रूण फेंक दिया। शाम करीब 5 बजे कचरा फेंकने जाने पर ढेर में मानव भ्रूण पड़ा दिखाई दिया। मानव भ्रूण मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। मालपुरा गेट थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

# सेक्सटॉर्शन कर ब्लैकमेल करने की धमकी देकर रुपए ऐठने के मामले में युवती सहित तीन अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने सेक्सटॉर्शन कर ब्लैकमेल करने की धमकी देकर रुपए ऐठने के मामले में युवती सहित तीन बदमाश को अरेस्ट किया है। पुलिस के अनुसार हसनपुरा एनबीसी कमला नेहरु नगर निवासी मकसुद खान ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास एक लडकी का मैसेज आया था इवेन्ट के काम के लिए बात करने के लिए फोन भी आया, मैसेज भी आया मैने फोन पर बात करके पता पूछा। लड़की ने बताया कि वह वरमाला मैरिज गार्ड चौराहे पर पहुंच गई है। इसके बाद वह लड़की के साथ फ्लेट में चला गया। वहां पर लड़की अकेली थी और उसके अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। लड़की ने उसे सम्बंध बनाने को कहा। उसके मना करने के दौरान दूसरे कमरे से चार लड़के आ गए। बदमाशों ने उसे डरा धमका कर ब्लैकमेल करने लगे। उससे 10 लाख रुपए की मांग की। आरोपियों ने कहा कि अगर वह 6 लाख रुपए भी मना लेगा तो उसे छोड़ देंगे। इस पर पीडित ने साढ़े पांच लाख रुपए उनके खातों में डलवा दिए और पचास हजार रुपए नगद दे दिए। इस पूरे प्रकरण को लेकर पीडित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास लगे करीब 25 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद ऋतिक, अभिषेक और प्रिया को कोटा शहर से पकड़ लिया। 30 वर्षीय प्रिया राजपूत निवासी कानपुर यूपी, 21 वर्षीय ऋतिक निवासी महावीर नगर कोटा और 24 वर्षीय अभिषेक चौहान निवासी गुमानपुरा कोटा को अरेस्ट किया गया है।

# विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2023-24 का दूसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** स्वस्थ युवा, सक्षम समाज, समर्थ राष्ट्र की भावना को मूर्त रूप देने हेतु विजयवर्गीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थान राजस्थान द्वारा आयोजित ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2023-24 का दूसरा चरण 21 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान क्रिकेट अकैडमी, जगतपुरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शनिवार को खेले गए पहले टी20 मुकाबले में पिंकसिटी XI ने रेलवेगढ़ा रॉयल्स को शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से मात दी। रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाए। टीम की ओर से सावन ने 19 (30 गेंदों में) और कमलेश विजयवर्गीय ने 17 (13 गेंदों में) की उपयोगी पारियां खेलीं। दीपक विजय, रोचक विजय और सोम्या विजय ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। जवाब में, पिंकसिटी XI ने 9.3 ओवरों में लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। दीपक विजय ने 29 (19 गेंदों में) और लक्ष्य विजय ने 19 (10 गेंदों में) की तेजतर्रार पारियां खेलीं। रेलवेगढ़ा रॉयल्स के सवन और आयुष विज ने गेंदबाजी में संघर्ष दिखाया, लेकिन टीम लक्ष्य का बचाव नहीं कर सकी। मैन ऑफ द मैच पिंकसिटी XI के दीपक विजय (29 रन, 19 गेंदें), रहे। लीग मैच में दूसरा मुकाबला चोमू वॉरियर्स और वॉल सिटी XI के बीच हुआ। वॉल सिटी XI ने 15 ओवर में 5 विकेट खोकर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। दीपक विजय ने 51 रन (20 गेंदों में, 10 चौके) की आक्रामक पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने । अंकित विजयवर्गीय ने 33 रन (19 गेंदों में, 3 चौके, 1 छक्का) बनाए। गेंदबाजी में अभिषेक और भरत ने विपक्षी टीम के 2 विकेट लिए। वॉल सिटी XI ने यह मुकाबला 73 रनों के बड़े अंतर से जीतकर अपने लीग चरण को मजबूती प्रदान की। इस रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खेल भावना का प्रदर्शन किया। चोमू वायरस की ओर सेअक्षय विजय ने टीम के लिए 25 रन (28 गेंदों में, 2 चौके) बनाए और सर्वाधिक योगदान दिया। अमित विजय ने 20 रन (21 गेंदों में, 1 चौका) की पारी खेली। विपक्षी टीम के गेंदबाजों में ए.के. विजय और आदित्य ने शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमशः 2 और 2 विकेट लिए। विजयवर्गीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक उत्कृष्ट प्रयास है।

## मदिरा डिपो से 399 पेटियों हीरा-रांझा की चोरी कर ले जाने वाले युवकों को पकड़ा



बढ़ता राजस्थान


**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** जैतारण कस्बे में स्थित राज्य सरकार के मदिरा डिपो कार्यालयसे शराब की 399 पेटियों की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तारकर लिया है। जैतारण के वृत्ताधिकारी सत्येन्द्र नेगी ने बताया कि गत 18 दिसम्बर को मदिरालय प्रभारी जोधपुर के प्रभारी सुरेश कुमार ने एक रिपोर्ट देते हुए बताया कि आर.एस.जी.एम.एस एक राजकीय उपक्रम है जहां पर मदिरा निर्माण एवं निर्गम कर राज्य सरकार के राजस्व की वसूली की जाती है। 17 दिसम्बर को संस्थान के मदिरा डिपो पर जैतारण पर डिपो कार्यालय एवं गोदाम के ताले गायब थे चोर गोदाम में रखी मदिरा की 399 पेटियां (हीरा-रांझा 180 एमएल 40 यू पी कांच) सीसीटीवी कैमरे चोरी करके ले गये। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी गई। टीम का गठन किया गया। टीम ने सभी सूचनायें एकत्रित की। मुखबिरों से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जानकारी मिलने पर दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया। जिनसे पुछताछ जारी है। पकड़े गये युवकों में पंकज कुमावत पुत्र मदनलाल जाति कुमावत उम्र 25 साल निवासी बम्बो का बास जैतारण पुलिस थाना जैतारण जिला ब्यावर व बलवीर सिंह पुत्र डुंगरसिंह जाति राजपुत उम्र 50 साल निवासी निम्बोल पुलिस थाना जैतारण जिला ब्यावर थे।

# सेतु प्रोजेक्ट बना प्रदेश में मिसाल, तो वहीं कुपोषण के विरूद्ध अभियान भी जारी

### नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र का हो रहा सर्वांगीण विकास, एक वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल सहित हर क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय विकास कार्य

### विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ द्वारा की जा रही सतत मॉनिटरिंग

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ के नेतृत्व में नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में सभी विभागों के सहयोग से सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, विद्युत, आंगनवाड़ी, पर्यावरण संरक्षण सहित हर क्षेत्र में नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र प्रगति की ओर है।गत एक वर्ष में उल्लेखनीय विकास कार्य पूर्ण हुए हैं तो कई प्रगतिरत है।विधायक मेवाड़ ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी स्वीकृत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर जनता को सुपूर्द किए जाएं, साथ ही गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। वे समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से निरंतर संवाद करते हुए सभी कार्यां की मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि आमजन को समय पर कार्यां का लाभ मिल सके। विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ द्वारा डीएमएफ़टी मे भी कई नवीन विकास कार्यों का प्रस्ताव भेजा गया हे। उन्होंने कहा है की नवीन विकास कार्यों में आमजन के सुझावों को प्राथमिकता दी जा रही हे जिससे जनता के मंशा अनुरूप विकास कार्य हो सकें।

**गांवों में बिछ रहा सड़कों का तंत्र :** आशापुरा चौक से आशापुरा कॉलोनी उनवास में सीसी रोड निर्माण, उनवास से मण्डक का गुडा में सीसी रोड निर्माण, कुंडालिया से आशापुरा में सीसी सड़क का निमार्ण कार्य पूर्ण किया गया है। ऐसे ही ग्राम रामपुर में सीसी सडक का निर्माण कार्य, ग्राम सालोर से रामपुर का सीसी सडक कार्य जारी है। सीसी सड़क एवं डेनेज सिस्टम का कार्य ग्राम शिशवी कन्हैयाला डांगी के घर से पीपलिया वाला देवरा तक, ग्राम पंचाय केसुली में भैरूलाल के निवास से खेडामाता मंदिर पीपलवास तक सीसी सडक, ग्राम पंचाय केसुली में माण्डक का गुड़ा भैरूजी से स्कूल तक, ग्राम पंचायत कालीवास से श्यामजी का गुड़ा से माताजी का मंदिर तक सीसी सडक, ग्राम पंचायत कालीवास में लीलरा से टांटीला रोड़ तक सीसी सड़क का कार्य किया जाएगा।

**कुपोषण से लड़ने से लेकर शिक्षा तक कई कार्य जारी**

ग्राम पंचायत उनावास में दो आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। विधायक की पहल पर हर माह में तारीख 9, 18, 27 को अनंता हॉस्पिटल के सहयोग से कुपोषित बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डिजिटलीकृत पेंशेंट रेफरल सिस्टम 'सेतु' लागू किया गया है जिसे अब प्रदेश में मोडल के रूप में अपनाया जा रहा है। रामसराय श्रीगोविंदधाम राजकीय जिला चिकित्सालय नाथद्वारा में जिरियाट्रिक वार्ड का कार्य पूर्ण होकर जनता को सुपूर्द हुआ है।

# विप्र फाउंडेशन ने मनाया प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित व रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान



**सरदारशहर (नि.स.)।** विप्र फाउंडेशन सरदारशहर द्वारा सामाजिक समरसता के लिए स्थानीय पंचायत समिति के प्रधान प्रतिनिधि श्री मधुसूदन राजपुरोहित व रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि का जन्मदिन स्थानीय कामधेनु गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर गौ शाला में गायत्री परिवार द्वारा विप्र फाउंडेशन के आग्रह पर हवन किया गया। इस अवसर पर हवन वेदी जी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दिलाकर अमन चैन, शान्ति व खुशहाली की प्रार्थना की । इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों ने युवा प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र व तहसील अध्यक्ष वैध महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भगवान परशुराम का प्रतीक परसा भेंट किया गया।तत्पश्चात मारुति नगर गौशाला में लापसी का प्रसाद गायों को वितरित किया गया। बाद में राजकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित के जन्मदिन पर फल वितरित किए गये। उसके बाद सवाई छोटी में श्री खैतेशवर गुरुकुल में अध्ययनरत ऋषि कुमारन वह ऋषि कन्याओं को टांपी स्वेटर , टरैक सुट, वितरित किए गये। इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य यजमान प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित, जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल पारीक, पंचायत समिति सदस्य रामनिवास पारीक, इन्द्र सिंह शेखावत गायत्री परिवार के ओम प्रकाश पारीक बनवारी लाल जांगिड़ विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा तहसील अध्यक्ष वैध महेंद्र शर्मा युवा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित मांगीलाल सेवदा मदन मिश्र सचिन शर्मा शुभकरण पारीक केशरी चन्द्र भोजक राजीव भोजक मनीराम व्यास भाजपा नेता राजेंद्र सोनी पुर्व प्रधान भैरोसिंह राजपुरोहित रामप्रसाद बोहरा पार्षद राकेश टाक बाबुलाल प्रजापत दीपक वैद परतनाथ सिद प्रवीण राकेश जगड़वाल मुकेश भामा भोजक गोपी बोचिबाल जितेन्द्र शर्मा अशोक पारीक राजकरण सोनी ओम प्रकाश राजपुरोहित अमिताभ चांवरिया पवन पारीक जाकिर खोखर पुनम चन्द मिस्त्री लक्ष्मीनारायण राजपुरोहित रुघसिह राजपुरोहित रतन सिंह अनोपसिंह दयाल सिंह राजपुरोहित भुपेंद्र सिंह ने जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

# सरल सेवा संस्था द्वारा आदिवासी क्षेत्र वाडीघाटी उंदरी राजकीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वेटर्स एवं कंबल वितरित किए



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** श्रीमती सरला सिंघवी चैरिटेबल सोसायटी व सरल ब्लड सेंटर उदयपुर के वर्ष 2024-25 शिक्षा-सेवा क्षेत्र में शीत-सुहाना-सफ़र अभियान के तहत आदिवासी क्षेत्र ग्राम वाडीघाटी उँदरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं एव स्थानीय ग्रामीणों को 50 स्वेटर और 100 कंबले वितरित की गई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेन्द्र श्रीमाली ने कहा कि जीवन में यदि सफलता और खुशिया चाहिए तो हमे हर कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करना होगा।विशिष्ट अतिथि डॉ.जिनेन्द्र शास्त्री ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। संस्था संयुक्त सचिव संयम सिंघवी ने बताया कि हमारी प्रेरणा पुंज श्रीमती सरला सिंघवी के जन्म दिवस पर पावन स्मृति रूप आयोजित त्रिदिवसीय सेवा के दूसरे दिन इस गतिविधि को किया गया। संस्था के मानद सचिव डॉ श्याम एस सिंघवी ने बच्चों से ज्ञानवर्धक रोचक वार्ता करते हुए कहा की हमारा कुछ नहीं है हम तो साधन मात्र है समाज से जो हमे मिला है वही हम समाज को लोटा रहे है।

विद्यालय प्रधान श्रीमती शाहीन परवीन ने संस्था के प्रति आभार जताया। इस कार्यक्रम में उदयपुर से वीरेंद्र बोल्या, सूश्री तृप्ता जैन, निकिता सिंघवी, महेंद्र आशिया, सहित ट्रस्ट परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

# वैष्णव बैरागी समाज की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आमेट में 25 दिसंबर से पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** वैष्णव बैरागी समाज जिला राजसमंद के तत्वावधान में वैष्णव बैरागी समाज की राज्य स्तरीय क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता 25 दिसंबर से पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम में शुरू होगी। छः दिवसीय वैष्णव बैरागी समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु वैष्णव बैरागी समाज के युवा अध्यक्ष शिक्षक मुकेश वैष्णव सरदारगढ़ की अध्यक्षता व सह संयोजक पवन वैष्णव, सह संयोजक महेंद्र वैष्णव, अशोक वैष्णव आमेट, मुकेश वैष्णव सियाणा, दिलीप वैष्णव नाथद्वारा के सानिध्य में आमेट में बैठक आयोजित की गई । प्रतियोगिता संयोजक शिक्षक मुकेश वैष्णव ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 20 टीमें भाग लेने जा रही है। प्रतियोगिता के प्रथम चरण के सभी लीग मैच खेले जायेंगे। समापन समारोह में विजेता टीम को वैष्णव बैरागी समाज द्वारा पारितोषिक के रूप में ट्राफी व इकतीस हजार रुपए की नकद राशि व उपविजेता टीम को ट्राफी व? पन्द्रह हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की जायेगी व विगत दो वर्षों में कक्षा दसवीं व बारहवीं बोर्ड में 70त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले वैष्णव समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंट्स देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, अतिथियों के लिए वैष्णव बैरागी समाज के भामाशाहों द्वारा छः दिन तक रुकने व भोजन आदि की व्यवस्था की जायेगी । प्रतियोगिता में होने वाले विभिन्न मैचों हेतु युवा अध्यक्ष मुकेश वैष्णव के सानिध्य में मैचों की टाईज डाली गई । बैठक में युवा अध्यक्ष मुकेश वैष्णव, प्रेम दास वैष्णव,अशोक वैष्णव आमेट, दिलीप वैष्णव नाथद्वारा,भरत वैष्णव, मुकेश वैष्णव सियाणा,पवन वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, बजरंग वैष्णव,आगरिया, श्रवण वैष्णव जेतपुरा ,विष्णु वैष्णव गुगली, बबलू वैष्णव राजसमंद,मुरली दास वैष्णव, सचिन वैष्णव लिकी आदि के सानिध्य में भोजन, वित्त, खेल मैदान, पानी , मंच सज्जा आदि विभिन्न समितियों बनाई गई । बैठक में वैष्णव बैरागी समाज की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पोस्टर विमोचन किया गया।

# महिला उद्यमियों का बिजनेस नेटवर्किंग कॉन्क्लेव शी बीज आगामी जनवरी में



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** शी सर्कल इंडिया शी बीज प्रथम की सफलता से प्रेरित हो कर एक बार पुन: अब शी बीज 2.0 लेकर आ रहे हैं, जो जनवरी माह में आयोजित किया जायेगा। संस्थापक तारिका भानूप्रतापसिंह धायभाई ने बताया कि इस आयोजन में उदयपुर शहर की सभी महिला उद्योगों को मौका मिलता है और वे एक ही छत के नीचे एक दूसरे के साथ व्यापार के आदान-प्रदान कर सकती है। साथ ही साथ कई विशेषज्ञों द्वारा महिला उद्योगों के लिए अलग-अलग प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होगी व महिला उद्यमी अपने व्यापार को और अधिक कैसे अलग-अलग माध्यम के द्वारा आगे ले जा सकती है इसके लिए भी कई विशेषज्ञ वहां पर मौजूद रहेंगे। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी वहीं पर एक सामान्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें महिला उद्यमी अपने द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित कर पाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक उनके उत्पादों की पहुंच हो सकें। इस महिला उद्यमी नेटवर्क की कॉन्क्लेव का उदयपुर में खूब उत्साह देखने को मिल रहा है और शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन के माध्यम से शहर की सभी छोटी बड़ी महिला उद्यमी इस कॉन्क्लेव में भाग लेने हेतु अपना पंजीयन कर सकेगी। हाल ही में एक निजी होटल में शी बीज कॉन्क्लेव का पोस्टर विमोचन किया गया। जिसमें शी सर्कल इंडिया की फाउंडर तारीका भानुप्रताप, ओरिएंटल पैलेस की श्रीमती श्रद्धा गट्टानी ,कार्यक्रम संचालक डॉ सोनू जैन व शी सर्कल इंडिया की 35 से अधिक मेंबर्स ने शी बीज पोस्टर का विमोचन किया।

## मिशन कुटुंब कवच : 27 दिसंबर को हर पंचायत और नगरीय क्षेत्र में लगेंगे शिविर

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में जोड़ा जाएगा वंचित नागरिकों को

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन द्वारा भारत सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में हर वंचित नागरिक के पंजीकरण हेतु आरंभ 'मिशन कुटुंब कवच' को लेकर जिलेभर में तैयारियां तेज हो गई है।

कलक्टर असावा द्वारा बैंकों, राजीविका, खान विभाग, उद्योग विभाग, रीको सहित विभिन्न विभागों को अधिकाधिक लोगों को इस योजना में जोड़ने हेतु लक्ष्य सौंप कर निर्देश दिए गए हैं। जिला परिषद एसीईओ डॉ. सुमन अजमेरा को अभियान का नोडल बनाया गया है।

अभियान के तहत 27 दिसंबर 2024 शुक्रवार को सुबह 11 बजे से जिले के समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन होगा एवं शिविरों में योजना से वंचित लोगों का पंजीयन किया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों, रीको, व्यापारिक संगठनों द्वारा भी विशेष शिविरों का आयोजन होगा। कलक्टर ने आमजन ने शिविरों में आकर भारत सरकार की इस किफायती बीमा योजना में पंजीयन करवा कर अपने परिवार को सुरक्षा कवच देने की अपील की है।

## जादूगर आंचल के एडवेंचर विद फायर कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर,प्रवेश निःशुल्क लेकिन पास से होगा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित, लिम्का बुक एवं द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जादूगर आंचल द्वारा 23 दिसम्बर को गांधी ग्राउण्ड में आयोजित किये जाने वाले एडवेंचर विद फायर कार्यक्रम की तैयारियों जोरों पर है। गांधी ग्राउण्ड में शाम 4 बजे से प्रवेश निःशुल्क होगा, लेकिन पास से होगा।

कार्यक्रम संयोजक एवं युवा समाजसेवी डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री ने बताया कि जादूगर आंचल समाज को संदेश देने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जादूगर आंचल 12 किलो वजनी 131 तालें लगी हुई 80 किलो वजीन 151 फीट लम्बी लोहे की जंजीर को शरीर पर बांध कर उक्त कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके लिये प्रशासन से इजाजत ले ली है। कार्यक्रम में प्रवेश के लिये सुरजपोल स्थित क्यूरियो सेन्टर पर डॉ. किरण जैन,बापूबाजार सिथत न्यु एण्ड हेण्ड सेकण्ड बुक पर मनीष दामावत,फतहपुरा स्थित केदार पेट्रोल पम्प पर भूपेन्द्र श्रीमाली, लखारा चौक स्थित जिनेन्द्र ज्वैलर्स पर मनोहर भोरावत एवं सरल ब्लड बैंक पर संयम सिंघवी से पास प्राप्त किये जा सकते है। जादूगर आंचल ने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों में एवं अभिभावकों में पढ़ाई को लेकर दिन-प्रतिदिन मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है। करियर को लेकर अतिमानसिक तनाव की वजह से कई बार विद्यार्थी अवसाद की स्थिति में चले जाते हैं और कई बार तो आत्महत्या जैसे घातक कदम भी उठा लेते हैं। इसी मुद्दे को लेकर जादूगर आंचल अपने ब्रेक दि डि प्रेशन अभियान के तहत इस खतरनाक और साहसिक कारनामें का प्रदर्शन करेगी। जादूगर आँचल मैजिक शौ के निदेशक गिरधारी लाल कुमावत ने कहा की आम जनता एवं विद्यार्थियों में जागृति लानें के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जादूगर आंचल विद्यार्थियों एवं विभागों को यह संदेश देने का प्रयास करेगी की जीवन में कितनी भी समस्याएं आयें, कितनी भी चुनौती आए, उनका डटकर मुकाबला करना है और किसी भी परिस्थिति में जीवन में हार नहीं माननी है।

## श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ कार्यकारिणी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर (नि.स.)।** शनिवार को श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ सरदारशहर की कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गयी। इसी कार्यकारिणी के साथ प्रतिनिधि मंडल का भी विस्तार किया जाएगा। श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा के निर्देशानुसार एवं चूरू जिला अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा बावलिया एवं सुरेन्द्र कुमार चुलेट की अनुशंसा पर तहसील अध्यक्ष शंभुदयाल पांडिया ने श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ बीकानेर महासंघ की नियमावली के अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिये सुरेश लाटा, विकास पारीक, अनुराग मिश्र, विनोद कुमार जोशी, बजरंग शर्मा, पवन महर्षि, जेठमल शर्मा, अंजनी कुमार नाथोलिया, मनोज पारीक, योगेश कुमार शर्मा मंत्री पद के लिये आलोक महर्षि, अशोक कुमार पारीक, सोहनलाल पारीक, बालचंद उपाध्याय, भवानीशंकर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अश्विनी कुमार शर्मा, रमाकांत शर्मा, नरेन्द्र सेवदा, पवन उपाध्याय, उपमंत्री मुकेश कुमार जोशी, अरुण देरासरी, जितेंद्र जोशी, पवन पारीक, रविकांत उपाध्याय, कालीचरण पारीक, मुकेश शर्मा कोषाध्यक्ष पंडित भींवाराम शर्मा, जीवनप्रकाश जोशी मीडिया प्रभारी रमेश कुमार गौड़ व ताराचंद शर्मा ज्योतिष प्रकोष्ठ प्रभारी पंकज दाधीच, पंडित महेश मिश्र, आजाद सुरोलिया, भरत कुमार शर्मा कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश शर्मा, हरीश कुमार पारीक, अनिल कुमार शर्मा, रविप्रकाश शर्मा, अतुल कुमार सेवदा अभिमन्यु लाटा को मनोनीत किया। नयी कार्यकारिणी के गठन के बाद तहसील अध्यक्ष शंभुदयाल पारीक व तहसील महामंत्री अभिषेक पारीक ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सम्पादकीय

# ईवी चार्जिंग का हो बेहतर इंतजाम

वर्ष 2023-24 में देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों का बाजार कुल यात्री वाहन बाजार में बमुश्किल दो फीसदी का हिस्सेदार रहा। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 25 में इसमें 100 आधार अंकों की बढ़ोतरी होगी। इसमें आधे से अधिक ईवी बाजार दोपहिया वाहनों का है। परंतु कार निर्माता इन आंकड़ों से कतई विचलित नहीं हैं। इसी समाचार पत्र में प्रकाशित एक खबर के अनुसार देश की शीर्ष कार कंपनियां आने वाले वर्ष में 15 से 20 नए ईवी पेश कर सकती हैं। 2024 में उन्होंने सात से आठ नई इलेक्ट्रिक कारें पेश की थीं। इनमें से अधिकांश ईवी महंगे स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल हो सकते हैं। कार निर्माता शायद भविष्य पर दांव लगा रहे हैं। मोटे तौर पर उन्हें लगता है कि खर्च करने योग्य आय बढ़ने से 2030 तक 15 फीसदी बाजार ईवी का हो जाएगा और चार्जिंग के ढांचे में जबरदस्त विस्तार होगा। दोनों बातों में दम तो है। परंतु हाल फिलहाल के रुझानों पर नजर डाली जाए तो चार्जिंग या बैटरी स्वैपिंग स्टेशन का नेटवर्क ईवी की चाल को सुस्त कर सकता है।

2015 में देश में फास्टर एडॉप्शन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक ऐंड हाइब्रिड व्हीकल्स (फेम) के रूप में ईवी कार्यक्रम की शुरुआत हुए नौ वर्ष बीत चुके हैं। परंतु देश में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की संख्या 12,000 से कुछ ज्यादा ही हैं जबकि सड़कों पर 17 लाख ईवी दौड़ रहे हैं। एसऐंडपी ग्लोबल मोबिलिटी के अनुसार इस वर्ष के अंत तक करीब 9,000 नए चार्जिंग पॉइंट तैयार हो जाएंगे। फिर भी आंकड़ा जरूरत से बहुत कम होगा। चीन में दो करोड़ ईवी हैं और उनके लिए 32 लाख सार्वजनिक चार्जिंग पॉइंट हैं। वाहन कंपनियां भी ऐसे नेटवर्क में निवेश कर रही हैं। उदाहरण के लिए टाटा पावर ने दो कंपनियों के साथ समझौता करके चार्जिंग स्टेशन बनाना शुरू किया है। टाटा मोटर्स ने शेल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के पेट्रोल पंपों पर चार्जिंग स्टेशन बनाने का फैसला किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी बीपी के नेटवर्क की सहायता लेकर 5,000 चार्जिंग पॉइंट बनाने पर काम शुरू किया है। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, ह्युंडै और एमजी मोटर भी चार्जिंग नेटवर्क कायम करने की योजना बना रही हैं। सवाल यह है कि बड़ी कंपनियों की इन योजनाओं से भारी तादाद में चार्जिंग पॉइंट बन पाएंगे। अभी अधिकांश चार्जिंग पॉइंट स्टार्टअप या छोटे-मझोले उपक्रम चला रहे हैं। वो तय नहीं कर पा रहे हैं कि गाड़ियां बढ़ने पर चार्जिंग स्टेशन बढ़ाएं या स्टेशन बढ़ने पर ईवी की तादाद खुद ब खुद बढ़ जाएगी।

चार्जिंग ढांचे की कमी से ईवी बाजार छोटा रह गया है और केवल पांच फीसदी चार्जिंग ढांचे का इस्तेमाल देख कर उसका विस्तार कौन करे। उसे लगाने के लिए महंगी रियल एस्टेट, चार्जर और बिजली का भी खर्च होता है। बैटरी की अदला-बदली (स्वैपिंग) से ईवी चलते रह सकते हैं। मगर मानकीकरण की कमी और चार्जिंग पॉइंट जैसे भारी खर्च की वजह से भारत में अभी यह लोकप्रिय नहीं हो पाई है। कुल मिलाकर इस निष्कर्ष से बचना मुश्किल है कि सरकार को चार्जिंग ढांचे को गति देनी चाहिए।

# दलित किसके लिए लड़ रहे हैं?


## अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र दृष्टिकोण में, न कि नाम जपने में।

**सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जैसी पहल की है। इसने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए पंच तीर्थ स्थलों का निर्माण करके दलितों की गरिमा पर ज़ोर दिया। ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य दलितों सहित हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाना है। हाल के वर्षों में भाजपा में दलितों का प्रतिनिधित्व काफ़ी बढ़ा है। इन प्रयासों के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव जारी है, जिसमें दलित व्यक्ति पर पेशाब करने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल, जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम और पंच तीर्थ स्थलों का उद्देश्य दलितों के सम्मान और विमर्श को ऊपर उठाना है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर दलित नेताओं को अभूतपूर्व रूप से शामिल किया है। अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को अपनाने में निहित है, न कि केवल उनका नाम जपने या उनकी छवि का आह्वान करने में। बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो दलितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत दलितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चर्चाओं को प्रभावित करती है।**

**प्रियंका सौरभ**



बाबासाहेब अम्बेडकर की विरासत पर चल रहा राजनीतिक विवाद, इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे राजनेता, विशेष रूप से प्रमुख जातियों के, जाति-आधारित भेदभाव को सम्बोधित किए बिना इसका शोषण करते हैं। यह इस बात पर ज़ोर देता है कि दलित केवल पहचान के लिए नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और अवसरों के लिए लड़ते हैं और राष्ट्र के लिए अम्बेडकर के दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हैं। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अम्बेडकर के समर्थकों द्वारा 'ईश्वर की ग़लत खोज' के बारे में हाल ही में की गई टिप्पणियों ने आधुनिक भारत में जाति व्यवस्था की निरंतरता पर चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। इन टिप्पणियों ने इस बात पर बहस छेड़ दी है कि क्या वे जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ दशकों से चल रही सक्रियता को कमजोर करती हैं। बी.आर. अम्बेडकर के विचार और दृष्टिकोण अत्यधिक प्रासंगिक बने हुए हैं, जो न केवल दलितों के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। अम्बेडकर के सिद्धांतों को चुनिंदा रूप से अपनाना और हाशिए पर पड़े समूहों से सम्बंधित मुद्दों पर अपर्याप्त ध्यान उनके मिशन के सार को कमजोर करता है। अम्बेडकर को देवता बनाने की प्रथा सामाजिक परिवर्तन और दलित समुदाय को सशक्त बनाने में उनके अपार योगदान में निहित है। राजनेता, जिनमें से अधिकांश प्रमुख जातियों से हैं, जातिगत भेदभाव को सम्बोधित किए बिना अंबेडकर की विरासत पर बहस कर रहे हैं। कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से अंबेडकर की पहल का विरोध किया, आरक्षण और मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध किया। पार्टी ने जातिगत वास्तविकताओं को सम्बोधित करने के बजाय दलितों को एक गरीब वर्ग (गरीब जनता) के रूप में माना। बजट आवंटन के बावजूद दलितों को अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो 50-60 साल पहले की तरह ही है। अंबेडकर की विरासत पर संसद की बहस प्रमुख जाति के राजनेताओं के बीच जातिगत प्रवचन की सतहीता को उजागर करती है। बुलंद बयानबाजी के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव प्रणालीगत बना हुआ है, जिसका सबूत दलितों के खिलाफ हिंसा जैसी चल रही घटनाओं से मिलता है। दलितों के मुद्दों को उठाने में इंडिया ब्लॉक की तीव्रता हाशिए पर पड़े समूहों के संघर्षों की वास्तविक समझ की कमी के विपरीत है। सरकार ने महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जैसी पहल की है। इसने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए पंच तीर्थ स्थलों का निर्माण करके दलितों की गरिमा पर ज़ोर दिया। ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य दलितों सहित हाशिए पर पड़े समूहों को सशक्त बनाना है। हाल के वर्षों में भाजपा में दलितों का प्रतिनिधित्व काफ़ी बढ़ा है। इन प्रयासों के बावजूद, जाति-आधारित भेदभाव जारी है, जिसमें दलित व्यक्ति पर पेशाब करने जैसी घटनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल, जैसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम और पंच तीर्थ स्थलों का उद्देश्य दलितों के सम्मान और विमर्श को ऊपर उठाना है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर दलित नेताओं को अभूतपूर्व रूप से शामिल किया है। अंबेडकर के विचार दलितों से परे हैं, जो सभी हाशिए पर पड़े समूहों के लिए भेदभाव और असमानता का समाधान प्रस्तुत करते हैं। ध्यान अस्तित्व से हटकर समान अवसर और शासन और प्रशासन में प्रतिनिधित्व की आकांक्षाओं पर केंद्रित हो गया है। अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धा राष्ट्र के लिए उनके दृष्टिकोण को अपनाने में निहित है, न कि केवल उनका नाम जपने या उनकी छवि का आह्वान करने में। बाबासाहेब अंबेडकर एक पूजनीय व्यक्ति बने हुए हैं, जो दलितों की सम्मान और समानता की आकांक्षाओं के केंद्र में हैं। उनकी विरासत दलितों से आगे तक फैली हुई है, जो भेदभाव और राष्ट्र निर्माण पर व्यापक चर्चाओं को प्रभावित करती है। दलित केवल पहचान की राजनीति से परे समान अवसर, शासन में समानता और अपनी आकांक्षाओं के लिए सम्मान चाहते हैं। उनका संघर्ष आकांक्षा और राष्ट्रीय समावेशिता के व्यापक विषयों को शामिल करता है। दलित पहचान के संकट से नहीं जूझ रहे हैं; उनका संघर्ष सम्मान, मान्यता, अवसर और समानता पर केंद्रित है। अंबेडकर से लेकर कांशीराम, मायावती और रामविलास पासवान जैसे नेताओं तक, दलित आंदोलन लचीलेपन और आकांक्षाओं की विरासत पर आधारित है।



दशकों से तुष्टिकरण की राजनीति ने दलितों को वंचित रखा है, कुछ लाभ प्रदान किए हैं जबकि समानता की उनकी आकांक्षाओं को दबा दिया है। अंबेडकर की विरासत पर बहस आधुनिक भारत में जातिगत भेदभाव की निरंतरता को रेखांकित करती है। जाति मानव समानता और सम्मान के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण विश्वासघात बनी हुई है, जो सच्ची सामाजिक प्रगति में बाधा डालती है। जाति-आधारित पूर्वाग्रहों को चुनौती देने और समुदायों में आपसी सम्मान को बढ़ावा देने के लिए अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करें। भेदभाव विरोधी कानूनों को लागू करें और जाति-आधारित हिंसा और असमानता के लिए कठोर दंड का प्रावधान करें। दलितों और अन्य हाशिए के समूहों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों तक पहुँच का विस्तार करें। सामूहिक गौरव को प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर अंबेडकर जैसे दलित नेताओं के योगदान को पहचानें और उनका सम्मान करें। शिकायतों को दूर करने और विश्वास बनाने के लिए समुदायों के बीच खुली चर्चा की सुविधा प्रदान करें। राजनीतिक नेताओं से विभाजनकारी बयानबाजी से बचने और सामाजिक न्याय के लिए नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करें। समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए शासन, शिक्षा और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में दलितों का प्रतिनिधित्व बढ़ाएँ। हाशिए के समुदायों के भीतर समानता और सम्मान की वकालत करने वाली स्थानीय पहलों का समर्थन करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

**वृष**
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन**
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

**कर्क**
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी।

**सिंह**
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

**कन्या**
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे। मित्रों के साथ घूमना-फिरना होगा।

**तुला**
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

**वृश्चिक**
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

**धनु**
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

**मकर**
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा।

**कुंभ**
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

**मीन**
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च होगा।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के सुपर स्टार हैं,डॉक्टर अमित खंडेलवाल जोकि जाने-माने न्यूरो फिजिशियन हैं। होनहार बीरवान के होत चिकने पात ' कहावत को पूर्णरूपेण चरितार्थ किया है। 28 जून सन 1980 में अलवर के मालाखेड़ा गांव में जन्मे डॉक्टर अमित खंडेलवाल शुरू से ही होनहार रहे हैं। परिवार में सबसे छोटे रहे। स्कूली शिक्षा मालाखेड़ा अलवर से हुई एमबीबीएस सन 1999 में अहमदाबाद से हुई एम.डी मेडिसिन 2005 अहमदाबाद से और एम.डी न्यूरोलॉजी 2009 में एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से पदम श्री डॉक्टर अशोक पनगढ़िया जी के मार्गदर्शन में पूरी की। अपने गांव मालाखेड़ा के सबसे पहले डॉक्टर बने। एमडी न्यूरोलॉजी करने के बाद देश से बाहर जाने के अनेक अवसर मिले किंतु अपनी जड़ों से जुड़े रहने का जज्बा अलवर की ओर खींच लाया। अलवर में सन 2012 में सबसे पहले न्यूरो फिजिशियन के रूप में अपनी सेवाएं देना शुरू किया न्यूरोलॉजी के जो मरीज पहले जयपुर और दिल्ली जाते थे उनका इलाज अलवर में ही होना शुरू हुआ। अलवर में सर्वप्रथम स्टॉक के मरीजों में भी थ्रांबोलाईसिस ट्रीटमेंट की शुरुआत की जिससे काफी मरीज को फायदा मिला। न्यूरोलॉजी की जटिल से जटिल बीमारियों जैसे जीबीएस, डिमेंशिया, पार्किन्संस, माईस्थेनिया का निदान व इलाज अलवर में उपलब्ध कराया । सामाजिक सेवा की दिशा में कार्य करते हुए अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में ट्रस्ट की स्थापना की जिसके तहत अपेलेप्सी-डे पर प्रोग्राम शुरू किया जिसमें मिर्गी रोगों की जानकारी के लिए कार्यशालाएं आयोजित की और गरीब मरीजों के निःशुल्क उपचार कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ा ,100 से अधिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए,प्रतिवर्ष गरीब लोगों को कंबल वितरण ,पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित कर सामाजिक सरोवर कार्य की भूमिका भी निभाते रहे । चैरिटेबल फिजियोथैरेपी की सुविधा स्कूलों में विभिन्न बीमारियों के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजित की सन 2020 में धर्मपत्नी डॉ प्रवीण गुप्ता के साथ मिलकर अलवर की प्रथम सुपर स्पेशलिटी पैन मैनेजमेंट सेंटर की शुरुआत की। जोकि पूरे राजस्थान में चुनिंदा पैन मैनेजमेंट सेंटर में शामिल है,जहां लंबे समय दर्द से पीड़ित मरीजों का आधुनिक तकनीकियों से इलाज किया जाता है । स्वभाव से मृदु भाषी और अपने काम के प्रति निष्ठावान और सामाजिक है डॉ अमित खंडेलवाल दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**



डॉ.अमित खण्डेलवाल
( वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन )

## आज का इतिहास

### 22 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- कार्टेज और रोम के मध्य होने वाला ऐतिहासिक युद्ध 146 ईसापूर्व में समाप्त हुआ, इसमें रोमियों की विजय हुई।
- मंगोल के प्रमुख लेफ्टीनेंट बहादुर तैर हुलागु खान ने 1241 में लाहौर पर कब्जा किया।
- रवीन्द्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर 1843 में ब्रह्म समाज में शामिल हुए।
- देश में पहली मालगाड़ी 1851 में रुड़की से चलायी गयी।
- थॉमस एडिसन द्वारा बनाए गए बल्बों से 1882 में पहली बार क्रिसमस ट्री सजाया गया।
- ईतो हीरोबूमि 1885 में जापान के पहले प्रधानमंत्री बने।
- '323 ब्रूसीय' 1891 में फोटोग्राफी द्वारा खोजा जाने वाला पहला उल्कापिंड बना।
- अमेरिका में 1910 में पहली बार डाक बचत पत्र जारी।
- न्यूयार्क में 1937 में द लिंकन टनल यात्रा के लिए खोल दिया गया।
- मानवेंद्र नाथ राय ने 1940 में रेडीकल डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना की घोषणा की।
- यूगोस्लाविया में मार्शल टीटो ने 1941 में सेना की नई ब्रिगेड का गठन किया।
- इटली की संसद ने 1947 में नया संविधान अंगीकार किया।
- ब्रिटेन और फ्रांस ने 1956 में मिस्र की बंदरगाह पोर्ट सईद पर 50 दिन तक अतिग्रहण जारी रखने के बाद इस बंदरगाह को छोड़ दिया और अपनी सेना को मिस्र से वापस बुला लिया।
- ओहायो के कोलंबो चिड़िया घर में 1957 में कोलो नामक गुरिल्ला के बच्चे का जन्म हुआ जो चिड़िया घर में पैदा होने वाला पहला गुरिल्ला था।
- अमरीकी राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी और ब्रितानी प्रधानमंत्री हैरल्ड मैकमिलन ने बहामास में बातचीत के बाद 1962 में एक बहुआयामी नैटो परमाणु बल बनाने का फैसला किया।
- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जे.एन.यू.), नई दिल्ली की स्थापना 'जेएनयू अधिनियम के अन्तर्गत भारतीय संसद द्वारा 1966 में की गई थी।
- तत्कालीन सोवियत संघ ने 1971 में जमीन के नीचे परमाणु परीक्षण किया।
- निकारागुआ की राजधानी मानागुआ में 1972 में आए 6.25 तीव्रता के भूकंप में 12 हजार से अधिक लोग मारे गए।
- चिली की वायु सेना को 1972 में दो महीने पहले अर्जेंटाइन ऐंडीज में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक विमान के 14 लोग बचे मिले।
- थाईलैंड ने 1978 में संविधान अंगीकार किया।
- स्कॉटलैंड की सीमा के नजदीक लॉकरबी शहर में 1988 में एक पैन एम का जंबो जेट 258 यात्रियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हुआ।
- चाड ने 1989 में संविधान अपनाया।

## विशेष आलेख

# चूल्हा भी नहीं जला..



बेचारों के ऐसी विपदा आन पड़ी है कि चूल्हा भी नहीं जला, शायद आप यही सोच रहे होंगे ऐसे ही कहानी की शुरूआत करूंगा,क्योंकि शीर्षक भी कुछ ऐसा ही है, लेकिन अब चूल्हा वो नहीं रहा मित्रों जो विपदा में जलता ही नहीं था अब तो चूल्हा भी अचरज कर रहा है सोच रहा है कि यहां ठाकुरजी ने मौज कुछ ज्यादा ही दे दी लोगों को इसलिए अब मेरी भी कीमत वो रही ही नहीं । यहां तो चूल्हा औरतों के मन की चाँबी है जब मन किया तो जलाया वरना स्विगी है ना जोमाटो है ना। जब से लोगों के मन पर स्विगी और जोमाटो का कब्जा हुआ है तब से बेचारा चूल्हा कभी जलता है-कभी नहीं। इस चूल्हे की दुर्दशा ऐसी हुई पड़ी है कि बस पूछो ही मत । इनका सिलेण्डर तीन से चार महीने चलता है। कई बार मैं ये सोचता हूं कि एक दौर वो भी था हमारा जब हम सिलेण्ड्र के लिए दिन भर लाईन में लगते थे तक शाम को सिकन्दर बनकर भरा सिलेण्डर लेकर घर ऐसे आते जैसे सिकन्दर जंग जीत कर आया हो।

उस समय ये स्विगी या जोमाटो नहीं था,,अरे-अरे माफ करो भाई यदि ये होते भी तो हम कौनसा तीर मार लेते । हम तो वैसे ही फक्कड़ थे (उस दौर में सभी फक्कड़नाथ थे ) मतलब पैसा इतना ही था कि चूर्ण खा लें या फिर मिठाई की गोली बस। पर आज घर में इस सिलेण्डर की भी कोई खास औकात नहीं रही,जब काम नहीं करना होता तो पचास बहाने जेब में हैं इनके। जैसे दारूबाजों के पास बहानों की कोई कमी नहीं। मसलन कोई दुकानदार शाम होते ही रोज लवली-लवली तो कभी पटियाला लेता है तो ऐसे में उसका यदि धंधा बढिया हो गया तो शाम पाँच बजते ही अपने नौकर को कहता है गप्पू आज दो हाफ लिया यार ,आज दहाड़ी शानदार चित हुई है और यदि किसी दिन बोहनी भी नहीं हुई तो भी पाँच बजे यार गप्पू दो हाफ लिया आज दिमाग खराब हो रहयों है सुबह से दो रूपया की भी बोहनी नाय हुई। ठीक इसी प्रकार जब से स्विगी और जमाटो दिमाग में समाया है बस बारिश हुई तो आज तो मौसम शानदार है बाहर से कुछ मंगवा लें? गर्मी है तो किचन में गमी देखो कैसी आग बरस रही है आज बाहर से ही मंगवा लो ना और सर्दी है तो रजाई में से निकलने का मन ही नहीं हो रहा आज बाहर से ही मंगवा लो ना। ये तो प्यार वाले मामले हैं और कुछ मामले सच के भी है जब सिरदर्द होता है,थकान-थकान सी होती है या हाथ पाँव टूटे-टूटे होते हैं और कुछ मामले तो मुँह फुलाई वाले भी हैं कि आज बाहर से ही मंगवाओं मैं तो नहीं बना रही कुछ भी,मुझे तो भूख है भी नहीं वैसे भी। अब आधुनिक भारत में नई तकनीक वाली युवतियां या महिलाएं 365 दिन में से लगभग 200 दिन स्विगी और जोमाटो का लाभ प्राप्त कर रही हैं।

मेरा नमन उन माताओं व बहनों को है जो आज भी अपने घर परिवार के लिए गर्मागर्म भोजन भगवान के भोग के लिए अपने परिवार के लिए घर में ही पका रही हैं। हालांकि कभी कभार रेस्टोरेंट या भोजनालय का भोजन करना ठीक रहता है लेकिन रोज-रोज बाहर से मंगवा कर हम कितने भी अमीर बन लें पर कितने कंगाल हैं ये बैंक के कर्जे, गाड़ी की किश्ते और बनिए के मैंथली ब्याज बता ही देते हैं।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी, अलवर संस्करण**

# 'हर हादसे से सबक लेने की बात, लेकिन लापरवाही जारी'- नतीजा, बार-बार त्रासदी

किसी भी हादसे का सबक यही होना चाहिए कि वैसी लापरवाहियां न बरती जाएं। हर तरह के सुरक्षात्मक इंतजाम किए जाएं, ताकि दोबारा वैसी त्रासदी न हो। मगर विडंबना है कि एक जैसी दुर्घटनाएं बार-बार हो जाती हैं और बहुस्तरीय लापरवाही कायम रहती है। करीब पांच महीने पहले उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में भारी संख्या में जमा लोगों के बीच भगदड़ मच गई थी। उस घटना की भयावहता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उसमें एक सौ तेईस लोगों की जान चली गई और डेढ़ सौ से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ऐसा नहीं कि वह कोई अकेली घटना थी, जिसमें व्यवस्था में लापरवाही की वजह से लोगों की मौत हुई, बल्कि जब-तब उस तरह के आयोजन होते रहते हैं और उनमें कई तरह की लापरवाहियां हादसे को न्योता देती रहती हैं। जबकि आयोजकों और प्रशासन को यह अंदाजा रहता है कि अगर बड़ी संख्या में लोग किसी जगह जमा हो रहे हैं, तो वहां हादसे की आशंका होती है। गौरतलब है कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक कथावाचक का प्रवचन सुनने एक लाख से ज्यादा लोग जमा हो गए। खबरों के मुताबिक, आयोजन स्थल में प्रवेश द्वार पर फैली अव्यवस्था की वजह से कई महिलाएं गिर गईं। सुर्खियों में आए एक वीडियो में भी कुछ महिलाएं भीड़ में गिरती दिखीं, लेकिन पुलिस का बयान आया कि वहां भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनी। गनीमत थी कि कुछ लोगों के तत्काल सक्रिय होने की वजह से अफरातफरी की स्थिति कोई भगदड़ या बड़े हादसे में तब्दील होने से बच गई, वरना जितनी संख्या में लोग वहां पहुंचे थे, उसमें नतीजों का बस अंदाजा लगाया जा सकता है। सच यह है कि पहले हुए ऐसे हादसों के बावजूद, आयोजकों की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी के चलते ऐसी स्थिति बनी रहती है। ऐसे में कभी भगदड़ के कारण लोगों की मौत हो जाती है, तो उसके लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहरा कर असली कसूरवारों पर शायद ही कभी सख्त कार्रवाई होती है। नतीजतन, आस्था के नाम पर लाखों लोगों के जुटान के बावजूद सुरक्षा इंतजामों का सवाल आमतौर पर हाशिये पर रहता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# होटल में संदिग्धावस्था में मिला शेफ का शव

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रणथम्भौर रोड स्थित एक होटल में एक कर्मचारी का संदिग्धावस्था में शव मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। कोतवाली थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि मृतक भारत चौधरी (24) पुत्र नरेन्द्र चौधरी निवासी ऋषिकेश (उत्तराखण्ड) है। वह रणथम्भौर रोड स्थित एक रिसोर्ट में करीब एक महीने से शेफ का काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर पर लाल चकते के निशान मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

# पीएम आवास योजना को लेकर वार्डवाईज शिविर कल से

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के मालपुरा शहरी क्षेत्र के पात्र लोगो को लाभ देने एवं आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए वार्ड वाईज शिविरो का आयोजन 23 दिसम्बर सोमवार से किया जाएगा। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी उपखण्ड अघिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि वार्डवाईज शिविरो की श्रृखलां में 23 दिसम्बर को वार्ड नं. 1 से 7 तक, 24 दिसम्बर को वार्ड नं. 8 से 14 के लिए, 26 दिसम्बर को वार्ड नं. 15 से 21 तक के लिए, 27 दिसम्बर को वार्ड नं. 22 से 28 तथा 30 दिसम्बर को वार्ड नं. 29 से 35 तक के लिए शिविरो का आयोजन होगा। ये सभी शिविर नगरपालिका कार्यालय में प्रात: 9.30 बजे से सायंकाल 6 बजे तक आयोजित होगें। शिविरो के प्रभारी अतिरिक्त प्रशसनिक अधिकारी जयनारायण जाट होगें। शिविरो के लिए पालिका के कनिष्ट अभियन्ता बसराम मीणा, वरिष्ठ सहायक निहालचन्द जैन, कनिष्ठ सहायक मोहित विजय व कनिष्ठ तकनीकी सहायक कनिष्क कुमावत की ड्यूटिया लगाई गई है। पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए पात्र आवेदको को आधार कार्ड , परिवार के अन्य सभी सदस्यो के आधार कार्ड, आवेदक के सक्रिय बैंक खाते की पासबुक, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा आवेदक जिस भूमि पर आवास बनाना चाहता है उस भूमि के मालिकाना हक भूमि दस्तावेजो की प्रतियां साथ लानी होगी।

# कॉलेज परिसर में लगी अंबेडकर प्रतिमास्थल के सौंदर्यीकरण की मांग

## कॉलेज प्रशाशन ने लिखा नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र

बढ़ता राजस्थान

**वजीरपुर/गंगापुरसिटी ( नि.स. )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर के संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा के नेतृत्व में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की कॉलेज परिसर में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर सादर नमन किया। साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष वजीरपुर मुकेश बैरवा को पत्र लिखकर अंबेडकर प्रतिमा स्थल की मरम्मत एवं सौंदर्यकरण की मांग की है। पत्र में लिखा है कि अंबेडकर प्रतिमा स्थल बहुत बुरी स्थिति में है। जगह- जगह टूटा हुआ है। ईंटें निकल रही है। टाइल्स तक नहीं लगी हुई है। आस पास की जगह भी साफ सुथरी नहीं है। जर्जर होता जा रहा है। माल्यार्पण के लिए चढ़ने पर बहुत डर लगता है। यह बाबा साहेब के सम्मान के अनुकूल नहीं है। अम्बेडकर स्थल का सौन्दर्यकरण करवाया जाए।

# हादसा टला, आए दिन रहती है जाम की स्थिति बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से झुका विद्युत पोल

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पीपलवाड़ा कस्बे के नजदीकी गांव डिडवाडी बाजार मस्जिद के पास रास्ते किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर पोल पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। गनीमत रही कि पोल झुक गया, जिससे हादसे होने से बच गया। सरपंच नरेंद्र महावर ने बताया कि क्षेत्र में बनास नदी से बजरी से भरे सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्राली सड़कों पर काल बनकर सरपट दौड़ रहे हैं। गांवों में जाम की स्थिति बनी रहती है। इनसे उपखंड बौंली में अनेक घटनाएं घटित हो चुकी है। ऐसा ही मामला मेरी ग्राम पंचायत हिंदूपुरा गांव डिडवाडी में गुरुवार रात्रि को हुआ। इस दौरान बड़ा हादसे होने से बच गया। मस्जिद के पास रास्ते किनारे लगा बिजली पोल पर बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। पोल झुककर रह गया, जिससे हादसा होने से बच गया। पोल पर सिंगल फेज बिजली ट्रांसफार्मर लगा हुआ था और गांव में बिजली आपूर्ति चालू थी। ट्रांसफार्मर के पास मकान और बिजली केबिल मकानों के पास से गुजर रही थी।उस समय आसपास मकान में रहने वाले लोग डर गए। ग्रामीणों ने सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद करवाई गई। बजरी खनन व परिवहन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। सरपंच ने बताया कि बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी जानकारी निगम अधिकारियों को दे दी गई है। लेकिन इसके बाद भी बिजली पोल को नहीं बदला गया है।

# विद्यालय में साइकिलों का हुआ वितरण, छात्राओं को मिली सुविधा



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलासोद में शुक्रवार को छात्राओं के बीच साईकिलों का वितरण किया गया। साइकिलें मिलने पर छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान, विद्यालय के प्रधानाचार्य बत्तीलाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से साईकिलें वितरित करने का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का है। यह सुविधा छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। शिक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि,एसएमसी व एसडीएमसी सदस्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने रूके विकास कार्यो को गति देने के दिए निर्देश

## कलक्टर रात्रि चौपाल में उमड़े फरियादी




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड के लावा स्थित ग्राम पंचाययत भवन में जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें कलक्टर ने रूके विकास कार्यो को गति देने के निर्देश प्रदान किए। उपखंड के लावा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सुशासन सप्ताह के तहत शुक्रवार की रात्रि को जिला कलेक्टर टोंक डॉक्टर सौम्या झा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों की ओर से ग्राम पंचायत क्षेत्र में पिछले 9 माह से किसी प्रकार के कोई विकास कार्य नहीं होने की शिकायत की। जिस पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट की। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी से विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही पंचायत समिति के विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत क्षेत्र में लंबित पड़े विकास कार्यों को करवाने के निर्देश दिए। जिसमें भी पांच विकास कार्य अविलंब शुरू करने के निर्देश दिए गए। रात्रि चौपाल में जनसुनवाई करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. झा ने ग्रामीणों की ओर से सौंप गए सभी प्रकरणों का मौके पर निस्तारण करते हुए लोगों को राहत प्रदान की। ग्रामीणों की ओर से श्मशान भूमि के रास्ते पर सीसी रोड बनवाने, ग्राम चोरूपुरा में सड़क के दोनों तरफ नालियों का निर्माण करवाने, लावा में गौशाला के लिए भूमि आवंटन करने, भूमिहीन परिवारों की ओर से रहने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अधिकांश लोगों के नाम पृथक करने पर ग्रामीणों की ओर से उनके योजना में नाम आने के बावजूद उनके नाम काटने पर जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी अभिमन्यू पूनिया को ग्रामीणों को राहत प्रदान करवाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के झूलते तारों को खिंचवाने, डिग्गी सोहेला मार्ग पर रोड लाइट लगवाने, फोटोग्राफर द्वारा उसके फोटोग्राफी के बकाया बिलों का भुगतान करवाने सहित विभिन्न समस्याओं से ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को अवगत करवाया। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकांश ग्रामीणों की ओर से उनके आवासीय मकानों व दुकानों के पट्टे नहीं मिलने की शिकायतों पर जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी को शिविर लगाकर ग्रामीणों को हाथों-हाथ मौके पर ही पट्टे देने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में घुमंतू, अर्ध घुमंतु एवं विमुक्त भूमिहीन 10 परिवारों को रियायती दर पर आबादी भूमि के आवासीय भूखंडों के पट्टों का भी वितरण किया गया। रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मालपुरा विनोद कुमार मीणा, जिला परिषद टोंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, मालपुरा उपखंड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक मालपुरा आशीष प्रजापत, तहसीलदार पवन कुमार, विकास अधिकारी अभिमन्यू चौधरी, सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर चौधरी, डिग्गी नायब तहसीलदार हंसराज चौधरी, जिला परिषद सदस्य छोगा लाल गुर्जर, लावा सरपंच कमल कुमार जैन, पूर्व जिला परिषद सदस्य किशन लाल फगोडिया गिरदावर लादू लाल खंगार, पटवारी दिनेश सैनी, ग्राम विकास अधिकारी प्रहलाद चौधरी सहित सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जोगीमहल से गणेश मंदिर तक हुआ सर्वे, सरकार से अब बजट का इंतजार

## सर्वे हुआ पूरा, त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक रोप वे की जागी उम्मीद

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर में त्रिनेत्र गणेश के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब जल्द ही सीढियों की चढ़ाई नहीं करनी पड़ेगी। सरकार की ओर से इस दिशा में कवायद शुरू कर दी गई है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रणथम्भौर में जोगी महल से रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक रोप वे का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सर्वे का कार्य भी किया गया है।



### निजी कंपनी के माध्यम से कराया सर्वे

जानकारी के अनुसार इस संबंध में एनएचएआई की ओर से आरबी एसोसिएशन इंजीनियरिंग व कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद की ओर से रोप वे की प्री फिजिबिलिटी को लेकर सर्वे किया गया है। सर्वे कार्य के पूर्ण होने के बाद कंपनी की ओर से उच्च अधिकारियों को इस संबंध में रिपोर्ट भी भेज दी गई है। हालांकि अभी तक उच्च स्तर से बजट जारी नहीं किया गया है।

### सर्वे में यह जुटाई जानकारी

जानकारी के अनुसार सर्वे में फिलहाल रोप-वे की लंबाई और पिलर लगाने सहित कितने पेड़ों को काटना होगा। इसकी जानकारी की गई है। साथ ही यह रोप-वे कितनी ऊंचाई का बनाया जाएगा। इसे लेकर भी सर्वे में जानकारी जुटाई गई है।

### यह होंगे लाभ

- बार- बार लगने वाले जाम से निजात मिलेगी।
- बुजुर्ग श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।
- पर्यटन में इजाफा होगा।
- रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

रणथम्भौर में रोप वे का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य को पर्यटन विभाग की ओर से डील किया जा रहा है। पूर्व में इस संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी मुझे मामले की अधिक जानकारी नहीं है।

**रामानंद भाकर, उपवन संरक्षक, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर।**

### सर्वे पूरा हुआ

रोप वे के निर्माण के लिए एनएचएआई की ओर से एक कंपनी की ओर से सर्वे पूरा करा दिया है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी है। अब जल्द ही लाइसेंस और डीपीआर तैयार करने का कार्य किया जाएगा।

**मधुसूदन सिंह, सहायक निदेशक, पर्यटन सवाईमाधोपुर।**

### जल्द तैयार की जाएगी डीपीआर

जानकारी के अनुसार सर्वे का काम पूरा होने के बाद अब वन विभाग व भारतीय पुरातत्व विभाग की ओर से भी अनुमति दी जानी अभी बाकी है। सर्वे के बाद अब जल्द ही अनुमति आने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में अब जल्द ही डीपीआर बनाना शुरू किया जाएगा।

### पूर्व में कांग्रेस सरकार की ओर से की गई थी घोषणा

रणथम्भौर दुर्ग तक रोपवे बनने की घोषणा करीब चार साल पहले कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में की गई थी। इसके लिए 250 करोड़ से अधिक की डीपीआर तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया था। हालांकि बाद में सरकार के बदलने के कारण डीपीआर का काम रुक गया था। अब फिर से भाजपा सरकार में इस संबंध में बजट में घोषणा कर सर्वे कार्य पूरा किया है।

# चार प्राथमिकी की दर्ज, रात में हो रही सख्ती

## दो दिन में अवैध बजरी परिवहन करते पांच वाहन जब्त, तीन गिरफ़्तार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मलारना डूंगर थाना पुलिस ने बीते दो दिनों में अवैध रूप से बजरी परिवहन करते पांच वाहन अलग-अलग स्थानों से जब्त किए हैं। इस दौरान पुलिस ने बजरी चोरी व अवैध खनन के आरोप में चार-अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कमलेश (28) पुत्र बाबूलाल मीना निवासी काबुल थाना डबलाना बूंदी, कल्लाराम मीना (34) व लोकेश मीना (30) पुत्र प्यारेलाल मीना निवासी मीना मोहल्ला शिवदासपुरा है। थानाधिकारी सम्पत सिंह ने बताया कि गत दिवस गुरुवार को भूखा रोड गुर्जर बस्ती के पास से तीन मिनी ट्रक अवैध रूप से बजरी परिवहन करते दिखे। इन्हें जब्त कर तीन चालकों को गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। इसी तरह शुक्रवार सुबह बजरी से भरी एक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भूखा रोड से पुलिस थाने के गेट के सामने से निकल कर जलेबी चौक मैदान की तरफ जाने लगी। इसका पता चलते ही पुलिसकर्मियों ने पीछा कर राजकीय सामुदायिक अस्पताल के पास से इसे जब्त कर लिया। इसी तरह दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली स्टेशन रोड से कस्बे में जा रही थी। इसे जलैबी चौक मैदान के पास से जब्त किया है। दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलयों के चालक भागने में सफल रहे। इनके चालक व मालिकों के खिलाफ भी दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है।

### रात की जगह अब सुबह दौड़ने लगी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

अवैध रूप से बजरी परिवहन रोकने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें रात भर इलाके में गश्त करती रहती है। रात के अंधेरे में सख्ती के बाद अब ये वाहन दिन में निकल रहे हैं। शुक्रवार सुबह आठ बजे के लगभग भूखा रोड से आए लगभग एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस थाने के सामने से भूखा मोड़ होते हुए गंगापुर मोड़ आरएसी चेकपोस्ट के सामने से गंगापुर मार्ग पर निकल गए। इस दौरान किसी ने इन्हें रोकने तक का प्रयास नहीं किया।

**नियमित कार्रवाई कर रहे :** हम अवैध रूप से बजरी परिवहन करने वालों पर नियमित कार्रवाई कर रहे हैं। दो दिन में पांच वाहन जब्त कर तीन चालक गिरफ्तार किए हैं। चार एफआईआर भी हुई है। सुबह के वक्त ड्यूटी बदलने के दौरान मौका पाकर कुछ लोग वाहनों को भगा ले गए होंगे। सुबह भी सतर्कता बरती जाएगी।

सम्पत सिंह, थानाधिकारी, मलारना डूंगर

# लटिया नाले में कब्जा कर गंदे पानी से की जा रही थी खेती

## गरजा बुलडोजर, चार बीघा से अधिक भूमि अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** वर्षों से नाले एवं नगर विकास न्यास (यूआइटी) की जमीन पर अवैध कब्जा जमाए अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रशासन ने लटिया नाले की चार बीघा से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई से सुबह से शाम तक चली। प्रशासन के अनुसार आलनपुर पुलिया स्थित ण्मोकार नगर के सामने यूआईटी एवं नाले की करीब चार बीघा भूमि पर अतिक्रमण कारियों ने सालों से कब्जा कर रखा था। महान रमेश करेल्या, शंकर सैनी, बबलू सैनी आदि नाले में पंप लगाकर गंदे पानी से खेती कर रहे थे। इसके चलते लटिया नाले का बहाव क्षेत्र भी प्रभावित हो रहा था। यहां मिल रही अतिक्रमण की शिकायतों के खिलाफ यूआइटी प्रशासन ने शुक्रवार को कार्रवाई की। इस दौरान खसरा नंबर 1200, 1201, 1202, 1203, 1204, 1205, 1206 एवं 1207 की करीब 4 बीघा भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही यहां कार्रवाई के बाद नगर विकास न्यास के स्वामित्व का बोर्ड भी लगाया गया।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार विनोद शर्मा, गिरदावर आलोक उज्ज्वल, यूआइटी एक्सईएन अमित गोयल सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।



### बारिश में कॉलोनी में भर गया था नाले का पानी

जानकारी के अनुसार इस बार आई तेज बारिश के दौरान अतिक्रमण के चलते लटिया नाला ओवरफ्लो हो गया था। इस दौरान नाले का पानी ओवरफ्लो होकर ण्मोकार नगर सहित आसपास की कॉलोनियों में भर गया था। इस दौरान यहां लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

**इनका कहना है:**

अतिक्रमण के खिलाफ यूआइटी प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। लटिया नाले की जमीन पर जहां भी अतिक्रमण है। उन्हें चिह्नित कर सभी को हटाया जाएगा।

**अनूप सिंह, सचिव यूआईटी**

# 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर' कैम्पेन के अन्तर्गत 23 दिसम्बर को रायपुर व 24 दिसम्बर को माण्डलगढ में आयोजित होगें कैम्प

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 24 दिसम्बर 2024 तक जिले में गुड गवर्नेस के अन्तर्गत 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कैम्पेन' का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि सुशासन सप्ताह का मुख्य उददेश्य आमजन को दी जाने वाली सेवाओं मे सुधार लाना एवं उनकी समस्याओं को दूर करना है। इस दौरान विशेष कैम्प का आयोजन कर आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण किया जायेगा।

**ब्लॉक स्तर पर यहां होगा कैम्पों का आयोजन :** अतिरिक्त जिला कलक्टर के आदेशानुसार 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर' कैम्पों का आयोजन 23 दिसम्बर को रायपुर ब्लॉक की पंचायत समिति सभागार, रायपुर में तथा 24 दिसम्बर को माण्डलगढ ब्लॉक की पंचायत समिति सभागार, माण्डलगढ में किया जाएगा।

# मालपुरा के महेश सेवा सदन में कल सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

## विख्यात भजन गायक नन्दू जी भैया सम्पूर्ण रात्रि प्रस्तुत करेगें

## भजनामृत अखण्ड ज्योति, छप्पन भोग व अनुपम झांकी के होगें दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में 23 दिसम्बर सोमवार को सायंकाल 7.30 बजे से बाबा श्याम का भव्य एवं अनुपम दरबार सजेगा। साथ ही इस मौके पर आयोजित भजनामृत में श्याम जगत के सुविख्यात भजन गायक श्रद्धेय नन्दकिशोर जी शर्मा नन्दु भैया बाबा श्याम के भजनो से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेगें। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्याम भक्त व आयोजक परिवार के मुखिया रामगोपाल शर्मा ने बताया कि बाबा श्याम की असीम कृपा से 23 दिसम्बर सोमवार को महेश सेवा सदन में



बाबा श्याम का आकर्षक एवं भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस मौके पर विराट श्याम भजनामृत का आयोजन होगा। इसमें बाबा श्याम के परम भक्त, श्याम जगत के सुविख्यात भजन गायक परम श्रद्धेय नन्दकिशोर जी शर्मा नन्दू भैया सहित जयपुर के राजेश आटोलिया जयपुर व राजू खण्डेलवाल निवाई सहित अन्य कई भजन कलाकर अपनी प्रस्तुतियां देगें। शर्मा ने बताया कि बाबा श्याम के दरबार में बाबा श्याम की अलोकिक व अनुपम फूल बंगला श्रंगार झांकी, अखण्ड ज्योति, पावन दरबार, व छप्पन भोग झांकी के दर्शन लाभ प्राप्त होगें।

इस विराट आयोजन को लेकर आयोजन स्थल महेश सेवा सदन में तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी है। मालपुरा के श्याम भक्त शर्मा परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से आव्हान किया है कि बाबा श्याम के इस पावन दरबार में उपस्थित होकर दर्शन लाभ व भजनामृत का आनन्द लेने का आव्हान किया है।

# किसान दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार कल अविकानगर में

## केन्द्रीय कृषि, विज्ञान व किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी होगें मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में किसान दिवस के मौके पर 23 दिसम्बर सोमवार को जैविक खेती एवं पशुपालन विषय पर फार्मर नाम से राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संस्थान में गठित फार्मर फार्मर के अध्यक्ष एन.एल.जाट ने बताया कि संस्थान के केन्द्रीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि, विज्ञान एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री



भागीरथ चौधरी होगें। कार्यक्रम के सममानीय अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, अखिल भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी, कुलपति प्रो. आर.एस.चन्देल होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता



संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर करेगें।

सोमवार को कार्यक्रम के प्रारम्भ जैविक खेती पर डॉ. एस.सी.शर्मा व जैविक पशुपालन पर डॉ. डॉ. रणजीत सिंह गोदारा व्याख्यान देगें।

# बैंकिंग सेवा आपके सहयोग में,परेशानियों के लिए अवगत करायें : प्रशांत कुमार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पंजाब नेशनल बैंक भरतपुर जिले का लीड बैंक है। जिले की सभी बैंक इससे संबंधित है किसी भी पेंशनर्स को अगर कोई भी परेशानी महसूस हो समय पर उसका निस्तारण नहीं हो रहा हो वह लीड बैंक को सूचित कर सकता है उसकी समस्या का जितना जल्दी से जल्दी संभव हो सकेगा निराकरण किया जाएगा आपको किसी प्रकार की परेशानी उठाने की आवश्यकता नहीं है । जिनके बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं उन्हें बैंक शिक्षा के लिए ऋण उपलब्ध कराती है साथ ही किसानों के लिए अन्य सभी के लिए रोजगारों के लिए भी बैंकों का दायित्व है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के अंक ऑन फ्रेंड प्रदान करें आप सभी पेंशनर्स बंधु इसमें सहयोग कर सकते हैं । यह कहना है पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम प्रशांत कुमार का। प्रशांत कुमार भुसावर के श्याम रिशोर्टस में आयोजित पेंशनर्स समाज शाखा भुसावर के वार्षिक अधिवेशन में बतौर विशिष्ट अतिथि अपना उद्बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर रहे अध्यक्षता पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा ने की स्थानीय शाखा के अध्यक्ष महेश जाति ने बताया कि पेंशन समाज शाखा भुसावर के वार्षिक अधिवेशन में भरतपुर एवं डीग जिले की सभी शाखाएं उपस्थित हुई पेंशनर समाज का परिचय कराते हुए सभी शाखओ से पधारे लोगों का स्थानीय कार्यकारिणी द्वारा टीका के साथ साफा सोल उड़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक की ओर से संभागियों को एक बैग से सम्मानित किया। अपने अध्यक्ष के भाषण में शंकर सिंह मनोहर ने कहा समस्त पेंशनरों की समस्याओं के लिए हम सजग हैं आप जिले के माध्यम से अपनी समस्याओं को समय-समय पर प्रेषित करते रहें हम उनका जल्दी से जल्दी समाधान करेंगे राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली सुविधाओं के लिए हम हमेशा राज्य सरकार को अवगत कराते रहते हैं इस अवसर पर अपनी 80 वर्षीयआयु पूर्ण करने पर उपस्थित पेंशनरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर लीड बैंक मार्केटिंग मैनेजर निम्बूरिस, शाखा प्रबंधक कालूराम मीणा सहित लव कुमार सिंगल उपस्थित रहे।





## ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर जाने वाले सूफी संत जायरीनो की सेवा का शिविर 23 को काली मोरी पर लगाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आगामी 23 दिसंबर को दिल्ली से पैदल यात्री गुड़गांव, नूंह, रामगढ़ होते हुए हजारों की संख्या में अलवर मूंगस्का के रास्ते काली मोरी फाटक बस स्टैंड पर पहुंचेंगे और रात्रि को सभी पद यात्री विश्राम करेंगे। जिनके भोजन का रहने का अस्थाई कुशल व्यवस्था, मुस्लिम वैलफेयर सोसाइटी अलवर द्वारा की गई है। सोसाइटी के अध्यक्ष इकरामुद्दीन के देख रेख में होगी व दिनांक 24 दिसम्बर की सुबह 6 बजे तक ख्वाजा गरीब नवाज का काफिला अजमेर के लिए प्रस्थान करेगा। अत: आप सभी से विनम्र निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में आकर सभी पद यात्रियों का स्वागत करें व सेवा करें। इस कष्ट के लिए मुस्लिम वैलफेयर सोसाइटी अलवर आप सभी का आभारी रहेगा। ये निवेदन एच के खान ने किया है।



## एनएसएस का आदर्श वाक्य है, 'नॉट मी बाउट यू': शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, इसकी शुरुआत 24 सितंबर, 1969 को हुई थी। यह कहना है भुसावर पुलिस उपाधीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा का, शर्मा जीबी महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत उपाधीक्षक कार्यालय के चारों ओर साफ सफाई की शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मकसद छात्रों को सामुदायिक सेवा के ज़रिए उनका व्यक्तित्व और चरित्र विकसित करना है। एनएसएस के ज़रिए छात्रों को सरकार के अलग-अलग सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों और गतिविधियों में हिस्सा लेने का मौका मिलता है.एनएसएस का आदर्श वाक्य है, 'नॉट मी बाउट यू'। एनएसएस के बैज में कोणार्क पहिया आठ बार बना होता है, जो दिन के 24 घंटों का संकेत देता है। एनएसएस के कुछ प्रमुख कार्यक्रमों में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, साहसिक कार्यक्रम, नशामुक्ति, बालश्रम, बालविवाह, सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली, एड्स जागरूकता कार्यक्रम, साक्षरता कार्यक्रम, परेड, पीटी, योगा एवं खेल शामिल हैं. इस अवसर पर स्वयंसेवकों सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।




## अलवर में आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा ध्यान अभियान : शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रात 8 बजे आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता गुरूदेव श्री श्री रविशंकर द्वारा पूरे विश्व के करोड़ों लोगों को ध्यान के अमृत का रसपान करवाएंगे। इसी के क्रम में शनिवार को अलवर शहर में दून वैली सेकेंडरी स्कूल में 500से अधिक बच्चों और स्टाफ द्वारा, सुमेरु सिंगर एवं सीनियर फैकल्टी, एन एस भूटानी द्वारा ध्यान करवाया गया, बहुत ही सुंदर अनुभव रहा। अलवर शहर में ही क्रद्रस्र कॉलेज अलवर में आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षिका श्रीमती कैलाश शेखावत ने ध्यान करवाया, जिसमें सैकड़ों प्रशिक्षार्थी एवं टीचर्स ने भाग लिया और सकारात्मक ऊर्जा का संचरण महसूस किया। अलवर सेंट्रल जेल में ही आर्ट ऑफ लिविंग टीचर और अलवर डीटीसी राहुल यादव एवं अलवर डीडीसी नवीन धामनी के द्वारा , योग और ध्यान करवाया गया। ध्यान से मन में शांति, स्थिरता, आनंद की अनुभूति का अनुभव लोगों ने किया। उपरोक्त जानकारी अलवर मीडिया प्रभारी एन एस भूटानी द्वारा उपलब्ध कराई गई।

# विद्यार्थी अपने परिवार, समाज और देश के प्रति ईमानदार रहे : डॉ विजय सिंह जाट, संयुक्त निदेशक

### राजकीय कला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घघाटन कार्यक्रम शनिवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। इस विशेष शिविर के उद्‌द्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विजय सिंह जाट, संयुक्त निदेशक (अकादमिक) आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर एवं मुख्य वक्ता डॉ. गंगाश्याम गुर्जर, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कर्मवीर सिंह, संयोजक, राष्ट्रीय सेवा योजना रहे। डॉ. विजय सिंह जाट ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से स्वंयसेवको को अवगत कराते हुए उन्हें अपने परिवार, समाज और देश के प्रति ईमानदार रहने के लिए प्रेरित किया और स्वंयसेवको को मोबाइल की लत छोड़कर कैरियर निर्माण करने के लिए जागरूक किया। डॉ गंगाश्याम गुर्जर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवको को साधारण विद्यार्थियों से विशेष बताते हुए उनको आलस्य छोड़कर तत्पर भाव से राष्ट्र सेवा में संलग्न होने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने स्वंयसेवको को अनुशासन में रहकर सात दिवसीय विशेष शिविर में दुसरो के लिए समर्पित भाव से सेवा करने की भावना सीखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. कर्मवीर सिंह ने अतिथियों का परिचय देते हुए स्वागत भाषण दिया। डॉ. सरोज मीना ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. अनिल यादव ने सभी स्वयंसेवको को समन्वित कर कार्यक्रम के लिए तैयार किया।

अतिथियों का धन्यवाद डॉ. महेश गोठवाल ने दिया और कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुभाष खटीक ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में सोनिया, साहिल, संगीता, तनु, तनीषा, प्रियांशी, अंजली, चांदनी, मोहित, राशिका आदि स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के उपरान्त डॉ. विजय सिंह जाट, संयुक्त निदेशक (अकादमिक) आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के द्वारा महाविद्यालय के शैक्षणिक संकाय सदस्यों के साथ मीटिंग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को समयबद्ध रूप से क्रियान्वित करने हेतु निर्देश दिए।



# एनएसएस शिविर में कालेज छात्राओं ने बाजार में रैली निकाल लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

### कहा : आमजन के जीवन स्तर में होगा सुधार

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय शिविर के तहत शुक्रवार को स्वयंसेवी छात्राओं की ओर से रैली निकाली गई। यह रैली केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत करते हुए प्रिंसिपल डॉ. बरखा तोमर ने बताया कि रैली में छात्राएं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लिखी तख्तियां लिए और नारे लगाती हुई चल रही थीं। इस दौरान छात्राओं ने बाजारों में दुकानदारों और राहगीरों को बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए काफी योजनाएं चलाई हुई हैं। छात्राओं ने बताया कि सरकार की ओर से आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना, अटल पेंशन योजना, आयुष्मान भारत, जन धन योजना, स्किल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजनाओं का पात्र व्यक्ति लाभ ले सकते हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना है। आमजन के हितों को लेकर योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना है। योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन स्तर में सुधार करना है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी मंजू अग्रवाल, डॉ. भरत कुमार, अविनाश गुप्ता, विष्णु गोयल स्वयंसेविका बीना, निशा, खुशी, काजल, पूजा आदि मौजूद रहे।



## एक्सइएन की जनसुनवाई मे 38 बिजली प्रकरणो मे से 32 का किया निस्तारण, स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मोबाइल पर मिलेंगे बिल, बकायेदारों के कटेंगे कनेक्शन

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** एक्सइएन बयाना विवेक शर्मा ने आज एक्सइएन कार्यालय पर जनसुनवाई की जिसमें 38 प्रकरण को सुना गया जिसमें से 32 का मौके पर निस्तारण किया गया। 18 बिल संशोधन, 2 नए कनेक्शन नहीं जोड़ने देने ,4 टूटे पोल बदलने, 2 जले ट्रांसफॉर्मर बदलने, 8 नए कृषि कनेक्शन कराने , 4 विद्युत आपूर्ति मे व्यवधान के परिवाद प्राप्त हुए। 38 मे से 32 परिवाद का निस्तारण सुनवाई के दोरान मौके पर कराया गया। एक्सइएन विवेक शर्मा जनसुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं से देश हित मे बिजली का दुरुपयोग रोकने व बिजली बचाने की अपील की गई। एक्सइएन ने बताया कि उपभोक्ताओं को त्वरित गति से घरेलू कनेक्शन करने की कार्यवाही की जा रही है। जिनके घर पर बिजली कनेक्शन नहीं है वो फाइल लगा दे तुरंत कनेक्शन दिए जाएंगे।जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है उनके कनेक्शन काटने की कार्यवाही जल्द की जाएगी। बयाना कस्बे के स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को बिल की जानकारी मोबाइल पर मिलेगी इसलिये एसे उपभोक्ता अपने खाते में मोबाइल नंबर अपडेट कराले। बयाना उपखण्ड मे राजस्व वसूली 90 प्रतिशत है जो डिस्कॉम द्वारा निर्धारित 100प्रतिशत से बहुत कम है।जिन फीडर इंचार्ज की राजस्व वसूली कम हे उनपर जल्द कार्रवाई की जाएगी। पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई जिसमें अनुदान पर सोलर पैनल लगवाकर 300 यूनिट फ्री का लाभ उठाने की अपील की गयी। एक्सईएन ने बताया की किसानो को वन क्लिक मे एक साथ बिजली की सूचना उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर व्हाट्सअप ग्रुप बनाये गये हैं जिससे किसानों को समय समय पर बिजली की जानकारी मिल रहीं हैं । एक्सईएन ने बताया कि बयाना उपखण्ड मे 50 हजार बिजली उपभोक्ता हैं व बड़ा क्षेत्र भी है इसलिए समस्याओं की समस्या के निराकरण के लिए जनसुनवाई की जा रहीं हैं वही डिस्कॉम अपने विद्युत तंत्र को मजबूत करने के लिए नए बिजली घर व नए फीडर खीचने के कार्य कर रहा है ।जनसुनवाई मे उपभोक्ताओं से बिल समय पर जमा कराने को कहा गया।22 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत मे लंबित वीसीआर व बिल का निस्तारण कराने हेतु फीडर इंचार्ज के माध्यम से नोटिस बटवाए गए हैं।बकायेदारों से अपील की गई है कि वो अपने बकाया राशि का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करवाए। जनसुनवाई मे जेइन पंकज कुमार सिंह, मनोज शर्मा, अंकित सारस्वत , अखिलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## हनुमान जी मंदिर पर भागवत कथा की निकली भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** राजेन्द्र नगर पश्चिम स्थित हनुमान जी मंदिर पर भागवत कथा के प्रारंभ के लिए भागवत प्रेमी महिलाएं पीली साडी में सजधज कर कलश लेकर राजेन्द्र नगर के विभिन्न चौराहों से भजन कीर्तन नाच गान करती हुई निकलीं। कलश यात्रा का भक्तों द्वारा द्वार-द्वार पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भागवत की व्यास गद्दी को कथावाचक मुकेश चन्द शास्त्री सम्भाल रहे हैं।कथा के परीक्षत का दायित्व आर.के.गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी आशा गुप्ता निभा रहे हैं।आज कथा में व्यास मुकेश चन्द शास्त्री ने भागवत के महात्म्य का वर्णन करते हुए सुखदेव जी जन्म के प्रसंग का बड़े ही रोचक ढंग से किया। जिसे सुनकर भक्तगण भावविभोर होगये। कलश यात्रा में शामिल महिलाओ को पटका पहनाकर नैमी चंद शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष ने सम्मान किया । भागवत कथा कलश यात्रा में श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेवी कौशलेश शर्मा,सेवानिवृत्त उपनिदेशक समाज कल्याण व कार्यकारी अध्यक्ष नैमी चंद शर्मा,समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य केदारनाथ पाराशर, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा,अन्न पूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा,समता आन्दोलन के वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार सारस,मिथिलेश मुद्गल ,राकेश चाहर अध्यक्ष,घनश्याम सिंह ,प्रेम चंद अग्रवाल ,तेजपाल गुप्ता, खजान सिंह , सेवानिवृत्त अध्यापक उमाशंकर शर्मा ,खैम चन्द शर्मा ,लक्ष्मण प्रसाद पाठक, वी.पी.गुप्ता ,गुडडू, वी.डी.शर्मा, कैलाश चन्द गोयल, एम.एन.सिंघल ,कुसुम शर्मा, विनोद शर्मा , रानी शर्मा नैमी चंद गुप्ता ,श्रीमती योगेश सिंह, बृजमोहन आदि गणमान्य पुरुष महिलाएं उपस्थित रहे। अंत में नैमी चंद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।



## सरकारी सेवाओं में चयनित डेढ़ दर्जन प्रतिभाओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थाने

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** उपखंड के गांव ब्रह्मबाद में शनिवार को ग्रामीणों की ओर से प्रतिभा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मबाद पंचायत क्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से सरकारी नौकरियों में नव चयनित युवाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष भूरा भगत रहे। अध्यक्षता भामाशाह ठेकेदार घासीराम गुर्जर ने की। जबकि अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के जिलाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पूर्व सैनिक संगठन एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष बलराम कांवर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने आरएएस, आरजेएस, नर्सिंग ऑफिसर, शिक्षक आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित करीब डेढ़ दर्जन प्रतिभाओं और उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह और दुपट्टा भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आतिथि वक्ताओं ने कहा कि सम्मान से प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ता है और दूसरे विद्यार्थियों को भी मेहनत कर सफलता पाने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों पर ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम में भम्बल पटेल, माधो पटेल, पदम बैसला, बृजेंद्र पटेल, राजेश मुद्गल, मुन्नालाल, बुधेश तिवारी, राजकुमार मिश्रा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, बच्चू सिंह पीटीआई, हरिचरन, राजेंद्र सिंह, गुमान सिंह, बच्चू जाटव, घनश्याम मुद्गल, राकेश तिवारी आदि कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ओ पी टाइगर ने किया।

# बेनामी या बेहिसाब आय पाए जाने पर 10 फीसदी अतिरिक्त लग सकता है जुर्माना

## कोटा सीए ब्रांच की ओर से जीएसटी वार्षिक रिटर्न व इनकम टैक्स पर सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**कोटा,( का.स. )।** कोटा सीए ब्रांच की ओर से अध्ययन कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को झालावाड़ रोड स्थित एक निजी होटल में जीएसटी वार्षिक रिटर्न व इनकम टैक्स की धारा 115बीबीई पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि सेमिनार के मुख्य वक्ता इंदौर से पधारे सीए अंकित करनपुरिया ने जीएसटी वार्षिक रिटर्न फॉर्म में सभी तालिकाओं में भरे जाने वाले सभी आवश्यक विवरणों को विस्तार से समझाया। साथ ही झालावाड़ से पधारे सीए निखिल तिवारी ने उपस्थित सीए सदस्यों को इनकम टैक्स के सेक्शन 115 बीबीई के नए प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। झालावाड़ से पधारे सीए निखिल तिवारी ने सीए सदस्यों को बताया कि धारा 115बीबीई आयकर अधिनियम, 1961 के तहत लागू की गई है, जिसका उद्देश्य अघोषित आय, अज्ञात स्रोतों से आय, या बेहिसाब धन पर कर लगाना है। यह धारा उन मामलों में लागू होती है जहां करदाता अपनी आय का उचित स्रोत साबित नहीं कर पाता। लागू होने वाले मामलों के अंतर्गत धारा 68: नकद जमा या नकद ऋण जो उचित स्रोत से प्रमाणित नहीं है। धारा 69:बेहिसाब संपत्ति। धारा 69ए बेहिसाब नकदी या अन्य मूल्यवान संपत्तियां। धारा 69बी: अज्ञात स्रोत से खरीदी गई संपत्ति। धारा 69सी: बेहिसाब खर्च। धारा 69डी: हुंडी लेन-देन से संबंधित बेहिसाब आय। उन्होंने कहा कि ऐसी आय पर 60 फीसदी कर लागू होता है। इसके अलावा, कर पर 25 फीसदी सरचार्ज (प्रभावी दर 75 फीसदी) भी लागू होता है। 4 फीसदी स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर मिलाकर कुल प्रभावी कर दर 78 फीसदी तक पहुंच सकती है। इस धारा के तहत आय पर धारा 80सी से 80यू तक की कटौती और धारा 10, 11, 12 की छूट उपलब्ध नहीं होती। सेट-ऑफ या कैरी फॉरवर्ड भी नहीं किया जा सकता। विभाग का लक्ष्य काले धन पर रोक लगाना और बेहिसाब आय को नियंत्रित करना है। आयकर विभाग की जांच में बेनामी या बेहिसाब आय पाए जाने पर धारा 271एएसी के तहत अतिरिक्त 10 फीसदी जुर्माना लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में सैशन चेयरमैन सीए डीसी मित्तल व सीए अनीश माहेश्वरी व कॉर्डिनेटर सीए शुभम मित्तल रहे। इस मौके पर सीपीई कमेटी के चेयरमैन सीए रोहित पाटौदी, पूर्व चेयरमैन सीए शशांक गर्ग, वाइस चेयरमैन सीए पंकज दाधीच, सीए गिरीश शर्मा, सीए सचिन मंगल, सीए अनिल विजय व सीए नीरज जैन समेत 80 से अधिक सीए सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा मनाएगी वीर बाल दिवस पर बलिदान सप्ताह

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा( नि.स. )।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया है । गत 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश के पर्व पर पीएम ने 26 दिसंबर को दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ जी के निर्देश अनुसार आगामी 26 दिसंबर को पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट ने बताया कि प्रत्येक मंडल स्तर पर विशेष सभा होंगी। इसमें साहिबजादों की अनुकरणीय साहस एवं बलिदान के विषय में युवाओं को जानकारी दी जाएगी। गुरुद्वारों में शब्द कीर्तन का श्रवण किया जाएगा। सांसद सीपी जोशी एवं विधायक सुरेश धाकड़ की अनुशंसा पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम का संयोजक हर्ष जैन एवं सह संयोजक हिम्मत सिंह एवं राहुल राठौर को मनोनयन किया।

# 3 दिवसीय प्रवास पर स्पीकर ओम बिरला आज कोटा में

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संसदीय क्षेत्र के तीन दिवसीय प्रवास पर रविवार को कोटा आएंगे। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष कोटा महोत्सव सहित विभिन्न आयोजनों में भी शामिल होंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 22 दिसम्बर रविवार सुबह 6.45 बजे उम्मेद क्लब नयापुरा में आयोजित विजय रन- 2024, सुबह 10 बजे संत नामदेव आईटीआई भवन में आयोजित नामदेव छीपा महासभा के अधिवेशन व सायं 4 बजे सनाढ्य ब्राह्मण समाज के राज्य स्तरीय युवा परिचय सम्मेलन एवं विप्र सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

# बैन के बावजूद धड़ल्ले से बिक रहा मौत का चाइनीज मांझा



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता कस्बे में बैन के बावजूद चाइनीज मांझा खुलेआम बिक रहा है। यह खतरनाक मांझा पूरे बारां जिले सहित अंता क्षेत्र में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। हर साल इस मांझे की वजह से कई लोग घायल होते हैं और कुछ मामलों में तो मौत भी हो जाती है। खासकर जब यह मांझा बिजली के तारों से सटा होता है और किसी इंसान के शरीर को छूता है, तो इससे मौके पर ही मौत हो सकती है। दोपहिया वाहन सवार इसके प्रमुख शिकार होते हैं, और मकर संक्रांति का महीना, खासकर 14 जनवरी, इस मामले में अत्यधिक खतरनाक साबित होता है।

### चाइनीज मांझा कितना खतरनाक है? जानिए क्यों हो जाती है मौत?

साधारण डोर धागे की तुलना में चाइनीज मांझा नायलॉन, शीशा और अन्य खतरनाक केमिकल्स से बना होता है, जिससे यह बहुत अधिक तेज और घातक हो जाता है। पतंगबाज इसे ऊंचे इलाकों में उड़ाते हैं, और जब पतंग कटती है या गिरती है, तो आकाश में उड़ते परिंदे और दोपहिया सवार इसके शिकार हो जाते हैं। अगर यह मांझा बाइक या किसी वाहन के सवार की गर्दन पर आ जाए, तो गंभीर चोटों के साथ-साथ जान भी जा सकती है।

### क्यों बिक रहा है चाइनीज मांझा?

चाइनीज मांझा और सामान्य पतंग डोर के दाम में अंतर होता है। यह सामान्य डोर से थोड़ा महंगा होता है, लेकिन पतंगबाजों के लिए यह एक मजबूत और तेज काटने का साधन बनता है, और व्यापारियों के लिए यह ज्यादा मुनाफा कमाने का जरिया बन जाता है। हालांकि, इसके बावजूद इसकी बिक्री पर कोई सख्त कानून नहीं है, और यह खुलेआम बिक रहा है। जबकि केंद्र और राज्य सरकारें इसके खिलाफ एडवाइजरी जारी करती रही हैं, स्थानीय प्रशासन ने भी अपनी ओर से इस पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास किए हैं, लेकिन पूरी तरह से इस पर नियंत्रण पाना संभव नहीं हो पा रहा है।

### नहीं है कोई सख्त कानून

चाइनीज मांझे की बिक्री को रोकने के लिए अभी तक कोई सख्त कानून नहीं बनाया गया है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने इस पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके, इसके अवैध बिक्री पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लग पाया है।

# ताश के पतो पर दाव लगाकर जुआ खेलने वाले 19 व्यक्ति गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री ) ।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रदत्त आदेशानुसार जिला चितौड़गढ में लॉकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 21.12.2024 को सरिता सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ के निर्देशन एवं बद्रीलाल राव पुलिस उप अधीक्षक वृत निम्बाहेड के निकटतम पर्यवेक्षण में श्री राम सुमेर मीणा पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा के नेतृत्व में टीम गठित कर कस्बा निम्बाहेड़ा में सी के होटल में कार्यवाही करते हुए होटल के कमरे में जुआ खेल रहे 19 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया जाकर जुआ दाव पर लगी राशि 32080 रूपये नगद जप्त करने में सफलता अर्जित की है। दिनांक 21.12.2024 को मुल्जिमान कमल जैन, सकेब खान,अर्जुन सिंह, फैसल खान,असवद खान , ऐरान खान, सिजैन खान, अलजार शेख ,राहुल उर्फ महावीर ,मोहम्मद अफाज, अयान, यशपाल सिंह,नाहिद खां, अफजल अहमद, पंकज, अशु खान,आजम खां, मोनिस खां के द्वारा सी के होटल के कमरा न0 301 में ताश के पतो पर रूपयो का दाव लगा कर जुआ खलने से दाव पर लगी राशि कुल 32080 रूपये नगद व ताश के पत्ते जप्त कर मुल्जिमान को गिरफ्तार किया जाकर थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा पर राजस्थान सार्वजनिक जुआ अध्यादेश में कार्यवाही जारी है।

## कोटा महोत्सव बस एक दिन दूर

# कोटा की फिजा में घुलेंगे उत्सवी रंग, परंपरागत साफे में नजर आएंगे कोटावासी

### 23 से 25 दिसम्बर तक चंबल रिवर फ्रंट, विजय श्री रंगमंच व के एस टी पर होंगे कार्यर् म
### सेलिब्रिटी नाइट्स में मैथिली ठाकुर, रजत चौहान, विनिता चौहान, मोनिशा नायक की होंगी प्रस्तुतियां
### तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे आयोजक, सभी वर्गों को जोड़ने के पुरजोर प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** हाडोती का अनूठा सांस्कृतिक उत्सव ''कोटा महोत्सव'' बस एक दिन बाद धरातल पर उतरने वाला है। 23 से 25 दिसंबर तीनों दिन इस महोत्सव की धूम रहेगी। सुबह से लेकर रात तक नानाविध आयोजनों की झड़ी लगेगी और कोटावासी इनका भरपूर लुत्फ उठा सकेंगे। गणेश वंदन के साथ शुरू होने वाले कोटा महोत्सव के खास आकर्षण होंगे चंबल महाआरती, दीपदान, परम्परागत साफा पहने हुए जन समूह द्वारा भव्य हेरिटेज वॉक, कचोरी फेस्ट, प्रतिभाओं द्वारा प्रस्तुतियां, कोटा डोरिया फैशन शो ,कोटा क्वीन प्रतियोगिता एवं अनोखी पतंगबाजी। इनके अलावा तीनों दिन ख्यातनाम कलाकार सेलिब्रिटी नाइट्स में अपना जादू बिखेरेंगे। महोत्सव के प्रथम दिन 23 दिसम्बर को खड़े गणेश जी मंदिर से गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम प्रातः 9 बजे शुरू होगा। यहां फूल बंगला, श्रृंगार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 10 बजे से चंबल रिवर फ्रंट शौर्य घाट पर करियर फेयर, फूड कोर्ट, फोटो एग्जिबिशन, क्राफ्ट बाजार, अमृता हाट, लघु उद्योग मार्ट, पेंटिंग वर्कशॉप शुरू होंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी जिसमें सृजन द स्पार्क समूह द्वारा संगीत से कार्यक्रम को सजाया जाएगा। शाम 4 बजे चंबल महाआरती एवं दीपदान से आकर्षक नजारा देखने को मिलेगा। इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा कई दिन से आटे के दीपक तैयार किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के साथ विभिन्न संगठनों की भागीदारी से होने वाले ''कोटा महोत्सव'' को भव्य रूप देने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी से अपील की है कि अधिकाधिक भागीदारी के साथ आयोजनों को सफल बनाएं और परंपरागत साफा पहनकर कोटा की विरासत से जुड़ें। दूसरे दिन 24 दिसंबर को भव्य हेरिटेज वॉक मथुराधीश मंदिर गढ़ पैलेस से रामपुर कोतवाली तक निकल जाएगी और समापन पर कचोरी फेस्ट का आयोजन किया जाएगा जिसमें संभागियों को कोटा की स्वादिष्ट कचोरी खिलाई जाएगी।

दोपहर 12 बजे से चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर शहर के विभिन्न निजी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के मध्य सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं शाम 4 बजे फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।

### 25 दिसम्बर को साफा-मूंछ प्रतियोगिता

कोटा महोत्सव के तीसरे दिन 25 दिसम्बर को चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर प्रातः 10 बजे साफा-मूंछ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद लोकल टेलेन्ट हंट विजेता कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां, युवा महोत्सव के विजेताओं द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सायं 6.30 बजे से कोटा डोरिया फैशन शो, कोटा की क्वीन प्रतियोगिता खास आकर्षण रहेंगे। 25 दिसंबर को समापन पर किशोर सागर तालाब पर सायं 7 बजे से बैण्ड वादन एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। तीनों दिन कार्यक्रम स्थलों पर रात्रि आतिशबाजी की जाएगी। अनोखी पतंग बाजी प्रदर्शन भी खास आकर्षण रहेगा।

# जिला कलक्टर ने किया बांसथूनी मॉडल कॉलोनी का निरीक्षण

## माँ बाड़ी केंद्र पर बच्चों से किया संवाद



बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां,( शफीक मंसूरी )।** जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने शनिवार को जिले के बांसथूनी में निर्माणाधीन सहरिया मॉडल कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएम जनमन के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा भी की। उन्होंने कॉलोनी में विकसित सड़क, पेयजल, सिवरेज, रोड़ लाईट तथा अन्य ढ़ांचागत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूर्ण हो चुके आवासों का आवंटन कर जल्द पट्टे जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेहरावता में निर्माणाधीन मल्टीपरपज सेंटर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**माँ बाड़ी केंद्र का निरीक्षण, बच्चों के पोषण स्तर की जांच:** जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने शनिवार को जिले के बांसथूनी में माँ बाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और पोषण स्तर की गहन जांच की।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने बच्चों और शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके दैनिक दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए, जिससे कलक्टर ने उनकी भागीदारी की सराहना की। कलक्टर ने भोजन की गुणवत्ता और पोषण स्तर पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, और माँ बाड़ी केंद्र इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर जबर सिंह, उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व ध्यान दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ के बूंदी सेवाकेंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने भाग लिया और ध्यान का लाभ उठाया

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी में विश्व ध्यान दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दिवस है। विश्व ध्यान दिवस हर साल 21 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानसिक शांति और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी ने ध्यान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में बताया ब्रह्माकुमारी द्वारा राजयोग मेडिटेशन पिछले कई दशकों से सिखाया जा रहा है जिसके माध्यम से पूरे विश्व में लाखों लोग तनाव मुक्त, व्यसन मुक्ति जीवन का आनंद ले रहे हैं ।ध्यान शब्द का प्रयोग वास्तव में दो अर्थ में किया जाता है एक साधारण रूप में जब हम किसी व्यक्ति विशेष के प्रति उनकी देखभाल करते हैं तो उसे ध्यान कहा जाता है या जब कोई भी कार्य करने लगते हैं तो यही कहा जाता है कि यह ध्यान पूर्वक करना परंतु दूसरा ध्यान शब्द का प्रयोग मेडिटेशन के लिए किया जाता है । मन को परमात्मा में लगाने की विधि को भी ध्यान कहा जाता है यह ध्यान की सर्वोत्तम विधि है जिसके द्वारा हम सकारात्मक चिंतन करते हुए परमात्मा को सही रूप में जानकर अपने मन को उनसे जोड़ते हैं और परमात्मा से असीम शक्ति,गुण आध्यात्मिक ऊर्जा के रूप में स्वयं में समाते हैं जो हमें आंतरिक शांति और शक्ति की अनुभूति कराता है। कार्यक्रम के दौरान, सभी ने सामूहिक रूप से ध्यान किया और मानसिक शांति का अनुभव किया। जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद देता है। राजयोग मैडिटेशन की ये विधि मानव जीवन को संपूर्ण तनाव मुक्त बना देती है और निरंतर अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है, तन और मन स्वस्थ रहता है, हर परिस्थिति को हम सकारात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं, निर्णय शक्ति, परखने की शक्ति बढ़ती है.कार्यक्रम के दौरान, सभी ने सामूहिक रूप से ध्यान किया और मानसिक शांति का अनुभव किया।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों ने कहा कि उन्हें ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति और आंतरिक शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि वे अपने दैनिक जीवन में ध्यान को शामिल करेंगे। इस प्रकार, विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को ध्यान के लिए प्रेरित किया और उन्हें मानसिक शांति का अनुभव कराया।

# पुलिस प्रशासन ने आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट व टिप्पणी के बारे में दिए आवश्यक निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन उपाधीक्षक कार्यालय में सीएलजी व शांति सदस्य की बैठक ली ।

बैठक में पुलिस प्रशासन ने शांति सोहार्थ बनाये रखने की समझाइश की ।बैठक में वृताधिकारी आशीष भार्गव ,सीआई देवेश भारद्वाज, तहसीलदार,सीएलजी व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# देईखेडा रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया उत्साह से रक्तदान, 201 युनिट हुआ रक्तदान

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन( सनील मेघवाल )।** ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित पहली बार रक्तदान महादान परिवार के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर शनिवार को सुबह 10बजे विधिवत पूजन के साथ शुरू हुआ। रंगमंच पर आयोजित युवा सरपंच राजकुमार मीना के जन्मदिन पर सुबह से युवाओं में रक्तदान के प्रति उत्साहित होकर बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया । शिविर में एमबीबीएस कोटा टीम को 145व बूंदी बल्ड बैंक को 46युनिट रक्तदान सौफा कुल 201युनिट रक्तदान हुआ । दोपहर बाद शिविर में लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, विधायक केशवरावपाटन सीएल प्रेमी, पूर्व जिला प्रमुख महावीर मीना, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष आन्नदी लाल मीना, उप महापौर पवन मीना, सामाजिक कार्यकर्ता सीपी मीना, अशोक मीना देईखेडा अध्यक्ष रामेश्वर मीना बहडावली, यशवंत चमावली पवन नागर केवल मीना आदि युवाओं देर शाम तक उत्साह से रक्तदान मे भाग लेकर युवाओं ने सहयोग किया।

# हेल्पिंग हैंड प्रोजेक्ट के अंतर्गत जर्सियां वितरण की

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जैन सोशल ग्रुप बूंदी के द्वारा आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गणेशपुरा नयागांव में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा प्रथम से आठवीं तक के सभी बच्चों को सर्दी से बचने के लिए निशुल्क जर्सियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कुसुम गोस्वामी सहित स्कूल स्टाफ ने सभी का स्वागत एवम् अभिनन्दन किया।जैन सोशल ग्रुप बूंदी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पवन सरोज लुहाड़िया एवं विपिन प्रियंका गोधा ने बताया जैन सोशल ग्रुप प्रत्येक वर्ष सर्दियों में विभिन्न स्कूलों में हेल्पिंग हैंड कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को जर्सियां एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों को उलन कपड़े वितरण का करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष योगेंद्र एकता कासलीवाल एवं मंत्री सुरेंद्र संगीता छाबड़ा स्कूल विद्यालय समिति के अध्यक्ष सौरभ मीणा एवं स्कूल प्रधानाचार्य कुसुम गोस्वामी ने सरस्वती माता के दीप प्रजनन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष योगेंद्र जैन ने जैन सोशल ग्रुप के द्वारा करवाए जा रहे हैं सामाजिक कार्यों का जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सुनील पापड़ीवाल, योगेश गंगवाल ,रोबिन दीक्षिता कासलीवाल जितेन्द्र सपना बाकलीवाल सहित स्कूल के श्रीमती वृषभानुजा गौतम, श्रीमती कमलेश शर्मा श्रीमती सोनल शर्मा सहित विद्यालय में ग्रामीण महिला पुरुष एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम के प्रभारी विपिन गोधा एवं पवन लुहाड़िया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सामान्य अस्पताल के बाहर दवा लेकर लौट रही बुजुर्ग महिला को जेसीबी ने कुचला लोगो की मदद से पहुंचाया अस्पताल

## आरोपी चालक हुआ फरार, बुजुर्ग महिला धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के सामान्य अस्पताल के ठीक बाहर एक बुजुर्ग महिला को जेसीबी द्वारा टक्कर मारने का मामला सामने आया है। जेसीबी चालक ने साइड में चल रही बुजुर्ग महिला को रौंद दिया। जिसमें उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना को जब लोगों ने देखा तो जेसीबी चालक को पकड़ने का भी प्रयास किया लेकिन वह मौके से भाग गया। घटना के बाद महिला के परिजनों को सूचना दी गई। जिनके आने पर उसे धौलपुर रेफर किया है। घटना के बाद सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने जेसीबी को जप्त कर लिया है, चालक की तलाश की जा रही है। बाड़ी कुशवाहा फाउंडेशन के अध्यक्ष रिंकू कुशवाहा ने बताया कि वह अपने मित्रों के साथ दिन में करीब 2 बजे अस्पताल की तरफ से निकल रहा था। अचानक जब चीखने चिल्लाने की आवाज सुनी तो देखा की जेसीबी ने साइड में खड़ी महिला पर जेसीबी को चढ़ा दिया है। इस पर उन्होंने तुरंत महिला को बचाने का प्रयास किया और जेसीबी को रुकवाया। जेसीबी के हटने पर देखा तो महिला का एक पैर पूरा कुचला हुआ था साथ में उसके शरीर में अन्य स्थानों पर भी गंभीर चोटे आई है। ऐसे घायल महिला को तुरंत अस्पताल के अंदर भर्ती कराया। वहीं बाहर आकर देखा तो जेसीबी चालक मौके से भाग गया। लोगों ने उसे पकड़ने का भी प्रयास किया लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका। इस पर पुलिस को सूचना दी साथ महिला के परिजनों को बुलाया गया। घायल बुजुर्ग महिला 70 वर्षीय सरूपी देवी पत्नी बाबूलाल मीणा है जो उमरेह गांव की है। जिनके परिजनों के आने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। क्योंकि उसके पैर में गंभीर चोट के साथ शरीर में अन्य स्थानों पर भी चोटें आई हैं।

घटना को लेकर टाउन चौकी प्रभारी हरवीर सिंह ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली पुलिस ने मौके पर पहुंच जेसीबी को जप्त कर लिया है। चालक की तलाश की जा रही है।घटना को लेकर अभी घायल महिला के परिजनों ने कोई रिपोर्ट नहीं दी है।

# शहर में चोर हुए बेलगाम, पुलिस चौकी के आसपास रखे आधा दर्जन खोखो में चोरी

## पीड़ित दुकानदारों का आरोप, पुलिस नहीं करती कोई कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

### खोखेनुमा दुकानों से हजारो का माल हुआ पार,स्थानीय लोगो में आक्रोश



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में वेलगाम चोरों के आगे पुलिस प्रशासन पस्त नजर आ रहा है। शुक्रवार की देर रात को शहर के महाराज बाग टाउन चौकी के ठीक सामने चोरों ने आधा दर्जन खोखो में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा उक्त अस्थाई दुकानों से लाखों रुपए के समान को पार किया है। घटना की जानकारी शनिवार को सुबह पीड़ित दुकानदारों को हुई है, जिनमें अधिकांश गरीब महिलाएं हैं। ऐसे में पीड़ित महिलाओं और आसपास के लोगों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश देखा गया। घटना के बाद पीड़ित दुकानदारों ने टाउन चौकी में मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महाराज बाग सर्किल के पास कांच की चूड़ी,ज्वेलरी और श्रंगार का सामान एवं सिलाई,पिको,प्रेस करने वाले यह दुकानदार है। जिनमे अधिकांश महिलाओं की दुकाने है। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि बे इन खोखो में अपनी दुकान चलाकर परिवारों का पालन पोषण कर रही हैं। जिनमें पूर्व में भी कई बार चोरी हुई है। जिसका आज तक कोई पता नहीं लगा है। शुक्रवार की रात को चोरों ने छह खोखो के तालों को तोड़कर सामान को पार किया है। सुबह उन्हें फोन पर जानकारी मिली कि उनके खोखे टूटे पड़े हैं। इस पर उन्होंने आकर देखा है चोरी का पता लगा। चोरी की इस घटना में हवेली पाड़ा निवासी मीना पत्नी लियाकत,बल्लू पुत्र लियाकत निवासी हवेली पाड़ा,महिला जैतून पत्नी आसीन निवासी हवेली पाड़ा,बबीता पत्नी बहादुर जाटव निवासी बारहमासी पीपल के चार खोखो से कांच की चूड़ियां,श्रृंगार के सामान के साथ ज्वेलरी का सामान चोरी गया है। दुकान की पेटियां भी गायब है। जिनमें थोड़ी बहुत नगदी है। वही थोड़ी दूरी पर बबीता पत्नी दिनेश जाटव निवासी कृष्णा कॉलोनी की सिलाई का खोखा है। जिसमे रखी सिलाई मशीन,पीको मशीन और पैसों की गुल्लक चोर चुरा कर ले गए हैं। बबीता ने बताया कि चौकी के सामने उनकी दुकान है।पुलिस कोई सुनवाई नहीं करती है। पूर्व में भी उनकी दुकान की पट्टी टूटने की रिपोर्ट कराई थी जिसका कोई समाधान नहीं हुआ। वहीं वाटर बॉक्स की दीवार सहारे जितेंद्र पुत्र रामभरोसे प्रजापति के खोखे से चोर बीड़ी,गोल्ड मोहर, गुटखा, इनवर्टर की बैटरी सहित तमाम सामान चुरा ले गए है।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में एबीवीपी की कार्यकारिणी गठित

## तरुण अध्यक्ष और पूर्णिमा मंत्री नियुक्त, सदस्यों ने छात्र हित में काम करने का संकल्प लिया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धौलपुर ने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज धौलपुर की इकाई का गठन किया है। इंजीनियरिंग कॉलेज की कार्यकारिणी में तरुण शर्मा को इकाई अध्यक्ष और पूर्णिमा को मंत्री पद का दायित्व दिया गया है। कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी छात्राओं ने विद्यार्थी हित में काम करने का संकल्प लिया। कार्यकारिणी के गठन के दौरान विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक विकास अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो वर्ष भर सक्रिय रहकर देश हित में काम करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करता है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र का पुनर्निर्माण है। कार्यकारिणी के गठन के दौरान जिला सोशल मीडिया संयोजक विष्णु भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी परिषद रचनात्मक कार्यों के माध्यम से विद्यार्थियों का विकास करती है, जो विद्यार्थियों को समाज सेवा से जोड़ती है। इंजीनियरिंग कॉलेज की कार्यकारिणी का गठन करने के बाद तरुण शर्मा को इकाई अध्यक्ष, नमन शर्मा, निखिल बासु को इकाई उपाध्यक्ष, पूर्णिमा को इकाई मंत्री, नंदकिशोर राठौर, गौशाक गौर, भावुक पिपेश को इकाई सह मंत्री, सचिन मीणा एसएफएस संयोजक, पलक शर्मा, सचिन मीणा एसएफएस सह संयोजक, भूमि सिंघल एसएफडी संयोजक, तनु बंसल, हर्षपाल एसएफडी सह संयोजक, सचिन त्यागी, हर्षांक सक्सेना एसएफडी टोली सदस्य, सौम्या सक्सेना राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, मोहित तिवारी, आदित्य पाराशर, मोहित वर्मा राष्ट्रीय कला मंच सह संयोजक, सचिन परमार खेलो भारत संयोजक, मोहित शर्मा, देवराज कुशवाह, अजय सिंह खेलो भारत सह संयोजक, किशन गिरी गोस्वामी सोशल मीडिया संयोजक, मयंक यदुवंशी सोशल मीडिया सहसंयोजक, दीपक मीणा छात्रावास संयोजक और सुरेंद्र को छात्रावास सहसंयोजक का दायित्व दिया गया है। कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी छात्राओं ने विद्यार्थी हित में काम करने का संकल्प लिया।



# खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग

## ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू , जागीरपुरा गांव में बड़ा हादसा होने से टला

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर के कौलारी थाना क्षेत्र स्थित जागीरपुरा गांव में घर में खाना बनाते वक्त अचानक सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में आग लगते ही खाना बना रही महिला दौड़कर बाहर निकली। जिसके शोर मचाने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बसई नवाब चौकी पुलिस पहुंच गई। जहां पुलिस ने सिलेंडर में आग लगने की घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि गांव की प्रदीप पुत्र चौब सिंह कुशवाहा की पत्नी घर में खाना बना रही थी इसी दौरान सिलेंडर लीक होने की वजह से आग लग गई सिलेंडर में आग लगने के बाद खाना बना रही महिला दौड़कर बाहर आई जिसके चीखने चिल्लाने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए जहां ग्रामीणों ने सिलेंडर को बाहर निकाल कर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस वक्त महिला घर के अंदर खाना बना रही थी। उस वक्त घर के सभी लोग बाहर की ओर बैठे हुए थे। सिलेंडर में अचानक आग लगते ही महिला भी तुरंत दौड़कर बाहर आ गई। वहीं ग्रामीणों द्वारा समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

# राजाखेड़ा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जागरूकता शिविर

## प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी, शहर को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा में शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राजाखेड़ा नगर पालिका में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति राजाखेड़ा के तत्वावधान में आयोजित शिविर में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट आकाश शर्मा ने बताया कि गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग-अलग पात्र में रखने चाहिए। कचरे को सड़कों पर नहीं फेंकना चाहिए। नगरपालिका का कचरा संग्रहण वाहन आने पर उसी में कचरा डाला जाना चाहिए एवं बाजार से सामान लाते समय घर से कपड़े का थैला लेकर जाना चाहिए। प्लास्टिक की थैलियों का कम से कम उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर पड़ी प्लास्टिक की थैलियां गाय व अन्य जानवरों की आंतों में फंस जाती हैं, जिससे उनकी असमय मृत्यु हो जाती है। प्लास्टिक के दहन से कई जहरीली गैस उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को श्वास संबंधी बीमारियां हो रही हैं और प्रदूषण भी बढ़ रहा है। शिविर में उपस्थित सभी लोगों को अपने शहर को स्वच्छ बनाने की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में पालिका के कार्यवाहक ईओ पप्पू सिंह, निजी सहायक विशाल कुमावत और कनिष्ठ सहायक अंकित मंगल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



### शहर में लगातार जारी है अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

# तुलसीवन रोड़ स्थित भारद्वाज बगीची के पीपल वाले हनुमान मंदिर पर हुआ आयोजन

## भैरो बाबा की पूजा के साथ सुबह से शाम तक सैकड़ो लोगो ने पाई प्रसादी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के तुलसीवन रोड स्थित भारद्वाज की बगीची के पीपल वाले हनुमान मंदिर पर शनिवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अन्नकूट को लेकर पिछले कई दिनों से मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जा रही थी। मंदिर के पुजारी हरिओम शिवहरे ने बताया कि मंदिर से जुड़े श्रद्धालु हलवाई संजय प्रजापति,राजू हलवाई, अंकुश, दीपक,सोनू सहित तमाम लोग पिछले कई दिनों से अन्नकूट को लेकर तैयारी कर रहे थे। ऐसे में शनिवार को सुबह सबसे पहले पीपल वाले हनुमान मंदिर पर प्रसाद लगाया गया और भैरो बाबा की पूजा की गई। इसके बाद ठीक ग्यारह बजे से अन्नकूट महोत्सव शुरू हुआ जो शाम तक चला। जिसमें शहर के कई मोहल्लों के लोगो और आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट आयोजन को लेकर आयोजन युवा कालू कोठारी, देवेश, अशोक,सूरज बड़े बुजुर्ग मधुसूदन भारद्वाज, निहाल आदि ने बताया कि शहर में दीपावली की गोवर्धन पूजा से यह अन्नकूट महोत्सव आयोजित किए जाते हैं। जो अलग-अलग मंदिरों और संत आश्रमों पर लगातार जारी रहते हैं। ऐसे में यह अन्नकूट महोत्सव बसंत पंचमी तक चलेंगे। भगवान कृष्ण के गोवर्धन पूजा से जुड़े इस विशेष आयोजन में लोग बिना बुलाए ही प्रसादी पाने पहुंच जाते है। और कढ़ी,चावल,बाजारा के साथ सभी मिक्सर सब्जियों की बनी सतकूट की सब्जी को बड़े चाव से खाते हैं।

इस अन्नकूट आयोजन में लोगों द्वारा ही आर्थिक सहयोग और सामान दिया जाता है। पंगत प्रसादी के बाद जो प्रसादी बचती है उसे लोगों में वितरित कर दिया जाता है।

# चंबल नदी के किनारे धूप सेंकते नजर आए जलीय जीव : मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुओं को देखने के लिए लगती है लोगों की भीड

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** सर्दी शुरू होने से धौलपुर से गुजर रही चंबल नदी में घड़ियाल और मगरमच्छों के झुंड के झुंड निकल रहे हैं। चंबल नदी के अधिकांश घाटों पर धूप निकलने पर घड़ियाल और मगरमच्छ के कुनबे धूप का सेवन करने के लिए निकल रहे हैं। स्थानीय पर्यटक जलीय जीवों का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं, लेकिन नगर परिषद की लापरवाही की वजह से इस बार चंबल सफारी शुरू नहीं हो सकती है। चंबल नदी वर्तमान समय में जलीय जीवों से गुलजार हो रही है। अधिक सर्दी पड़ने की वजह से मगरमच्छ घड़ियाल, डॉल्फिन एवं कछुए के झुंड के धूप निकलने पर चंबल घाटों पर निकल रहे हैं। सुबह 11 के बाद जैसे ही धूप निकलना शुरू होता है, तो घाटों पर सैकड़ों की तादाद में जलीय जीवों के झुंड बाहर निकल कर आ जाते हैं। जलीय जीव विशेषज्ञ एवं फोटोग्राफर मुन्ना लाल निषाद ने बताया कि सर्दी शुरू होने के साथ ही चंबल नदी जलीय जीवों से गुलजार हो रही है। घड़ियाल और मगरमच्छ के कुनबे धूप का सेवन करने के लिए घाटों पर चहल कदमी आए दिन कर रहे हैं। सुबह धूप निकलने के बाद शाम 5 बजे तक जलीय जीवों का कुनबा चंबल के घाटों पर बालू में देखा जा रहा हैं। चंबल नदी में अधिकांश घड़ियाल, मगरमच्छ, डॉल्फिन और कछुओं की संख्या पाई जाती है। वर्तमान समय में चंबल नदी में करीब ढाई हजार से अधिक घड़ियाल,



1000 से अधिक मगरमच्छ, कछुआ एवं आधा दर्जन डॉल्फिन है। सभी जलीय जीव सर्दी के सीजन में धूप का सेवन कर रहे हैं। स्थानीय पर्यटक और जलीय जीव प्रेमी चंबल नदी पर जलीय जीवों की क्रीड़ाओं का लुत्फ उठाने पहुंच रहे है।

# डॉ. नरूका की इलाज के दौरान हुई मौत

## खुद पर डीजल डालकर लगाई थी आग, जयपुर के एसएमएस अस्पताल में तोड़ा दम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** डीजल डालकर खुद को आग लगाने वाले डॉक्टर की इलाज के दौरान शनिवार को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में मौत हो गई। डेड बॉडी को एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। डॉक्टर दिनेश नरूका सैंपऊ सीएचसी पर तैनात थे। जानकारी के मुताबिक अलवर जिले निवासी डॉक्टर दिनेश नरूका लंबे समय से धौलपुर जिले के सैपऊ उपखंड मुख्यालय की सीएचसी पर तैनात थे। डॉ. नरूका पत्नी के साथ सरकारी क्वार्टर में रहते थे। 19 दिसंबर को अलसुबह उनकी पत्नी वॉशरूम के लिए गई थी। इसी दौरान डॉक्टर ने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। पत्नी की चीख पुकार के बाद सरकारी क्वार्टर के पास मौजूद अन्य चिकित्साकर्मी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दरवाजे को तोड़कर डॉक्टर नरूका को लगी आग को बुझाया। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद इलाज कराने मध्य प्रदेश के नजदीकी शहर ग्वालियर ले गए। ग्वालियर में सेहत में सुधार नहीं होने पर परिजन उन्हें जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे थे। एसएमएस के बर्न यूनिट में डॉक्टर नरूका का उपचार किया जा रहा था, लेकिन शनिवार सुबह उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जयंतीलाल मीणा ने बताया कि डॉ. दिनेश नरूका का निधन चिकित्सा विभाग के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने बताया कि जयपुर सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में उनकी डेड बॉडी को रखवाया गया है। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

# महिला के साथ ठगी का आरोपी गिरफ्तार : पति को देने के लिए फोन कर मांगे थे रुपए, पुलिस कर रही पूछताछ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर की कोतवाली थाना पुलिस ने 19 फरवरी को महिला के साथ हुई ठगी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी ने महिला को फोन कर महिला के पति को देने के लिए पैसों की मांग की थी। जिसके बाद महिला ने आरोपी को ऑनलाइन पैसे दे दिए थे। कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेंद्र रावत ने बताया कि 19 फरवरी 2024 को जेल रोड की रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी।

शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसे फोन कर उसके पति को पैसों की जरूरत बताते हुए 5500 रुपए मांगे थे। पति की जरूरत को देखते हुए महिला ने आरोपी के खाते में 5500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद महिला ने जब पैसों को लेकर पति से पूछताछ की, तो उसे ठगी की वारदात का पता चला। कोतवाल ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामले की गहनता से जांच की गई। जिस मामले में आरोपी राहिल (22) पुत्र फजरू निवासी दुदावल थाना नगर जिला डीग को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।



## पारसोली में रात्रि चौपाल का आयोजन

# जिला कलक्टर ने सुने लोगों के अभाव-अभियोग निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

## मेधावी विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में पंचायत समिति बड़ीसादड़ी की पारसोली ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में पट्टा, पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, कृषि कनेक्शन, पेंशन, जमाबंदी, अतिक्रमण हटाने, स्वच्छता सहित सरकारी विभागों से संबंधित 40 से अधिक प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने तहसीलदार को विद्यालय में खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने, बीडीओ को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने मकानों की जांच करने, खेत पर मकान बनाने हेतु पट्टा देने के निर्देश दिए। उन्होंने खेड़ी कलां गांव में शमशान विकास की मांग पर बीडीओ को लक्ष्मीपुर और पारसोली पंचायत से समन्वय कर समाधान निकालने की निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को सिंचाई पाइपलाइन की सब्सिडी के प्रकरण में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने घुमंतु, अर्ध घुमंतु समुदाय को आवासीय पट्टे की मांग पर कहा कि इनके प्रस्ताव सरकार को भिजवा दिए गए हैं और जल्द ही इस पर कार्यवाही होगी। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जिला कलक्टर ने पंचायत में विद्यालय, आंगनवाड़ी, शौचालय, स्वच्छता की स्थिति, पोषाहार, उज्जवला गैस सिलेंडर की उपलब्धता आदि की जानकारी ली।

**मेधावी विद्यार्थियों, सरकारी सेवा में चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया :** जिला कलक्टर ने बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों, खिलाड़ियों तथा सरकारी सेवाओं में नव चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके करियर को लेकर संवाद भी किया। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि किसी भी परीक्षा को पास करने के लिए सही दिशा, इच्छा शक्ति और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। उन्होंने तैयारी में पुराने पेपर देखकर प्रश्नों का स्तर पता लगाने और उस हिसाब से तैयारी करने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी एवं आमजन को इनका अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसीईओ विशाल सीपा, उपखंड अधिकारी प्रवीण मीणा , तहसीलदार पंकज मीणा, सीएमएचओ डॉ ताराचंद गुप्ता, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान शंकर लाल जाट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से विकास खटीक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# विजयनगर पुलिस ने नकली तेल व देशी घी के पीपे किये जब्त, पुलिस ने किया एक युवक को गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** विजयनगर पुलिस ने नकली मिलावटी तेल व घी के बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए तेल व घी के पीपे जब्त की किये और इन्हें लाने में प्रयुक्त कार को भी जब् कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

विजयनगर थाने के थानाधिकारी करणसिंह ने बताया कि गत 20 दिसम्बर को मैसर्स जगदम्बा वेजिटेबल प्रोडेक्टस प्रा. लिमी कम्पनी के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि एक व्यक्ति हमारी कम्पनी के ब्राण्ड सुपर पोस्टमेन तेल के नाम से नकली तेल के टीन भरकर विजयनगर शहर में बेचने के लिए कार से आ रहा है। इस पर थानाधिकारी मय टीम सूचना के अनुसार बरल रोड़ पहुँचे जहां सूचना के अनुसार एक कार आती दिखाई दी जिसको पुलिस टीम ने रुकवाया व देखा तो एक व्यक्ति कार चलाता दिखा व कार में सुपर पोस्टमैन तेल के पीपे एवं सरस गी का पीपा दिखाई दिया। जिस पुलिस टीम ने चालक को नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम सांवरलाल पुत्र फतेहलाल जाति ब्राह्मण उम्र 35 वर्ष निवासी अरणिया चारभुजा मंदिर के पास शंभुगढ जिला भीलवाड़ा होना बताया जिसको गांडी में भरे सुपर पोस्टमैन ब्राण्ड तेल एवं सरस देशई घी ब्राण्ड घी के पीपे (टीन) के बारे में पुछा तो बताया कि इन पीपे (टीन) में सुपर पोस्टमैन ब्राण्ड एंव सरस के ब्राण्ड के नाम से नकली तेल व घी होना बताया। उक्त सभी पीपों को कार से उतार कर गिना गया। जिसमें सुपर पोस्टमैन के नकली तेल के 15 - 15लीटर के कुल 24 तेल के पीपे (टीन) से भरे पाये गये एव एक 15 किलो का सरस देशी घी का पीपा (टीन) से भरा था। व दो छोटे कार्टून सरस देशी घी के नाम से जिसमें प्रत्येक कार्टून में एक -एक लीटर के 10-10 डिब्बे भरे पाये गये। इन सभी को रखने बाबत चालक के पास किसी प्रकार को कोई वैध लाईसेनस नहीं मिला जिस पर समस्त तेल व घी को जब्त किया गया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पुछताछ कर रही है।

विजयनगर थाने के थानाधिकारी करणसिंह ने बताया कि सांवरलाल शर्मा पुत्र फतेहलाल शर्मा जाति ब्राह्मण (35)साल निवासी चारभूजा मंदिर के पास अरणिया शम्भुगढ पुलिस थाना शम्भुगढ भीलवाड़ा का रहने वाला है।

# शहीद को सम्मान : अगरपुरा में हनुमान मंदिर के पास बनाया स्टेच्यू, ढाई फीट ऊंची प्रतिमा लगाई

## शहीद भगतसिंह की मूर्ति का लोकार्पण आज उनके पौत्र करेंगे, चित्रकार खून से बनाएंगे लाइव चित्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** भामाशाहों ने शहर के पास अगरपुरा गांव में हनुमान मंदिर के पास सहीद-ए-आजम भगत सिंह के स्टेच्यू का निर्माण कराया है। यहां मूर्ति स्थापित की गई। 22 दिसंबर को दोपहर 12.15 बजे फरीदाबाद में रहने बाले भगतसिंह के पौत्र यादवेंद्रसिंह संधु मूर्ति का लोकार्पण करेंगे। 300 युवा 15 टीमों के रूप में व्यवस्थाएं व्यवस्थाएं संभालेंगे। चित्रकार केळी कदम स्टेज पर खून से भगतसिंह का चित्र बनाएंगे। अतिथि मंदिर निर्माण व लोकार्पण समारोह में सहयोग करने वाले भामाशाह होंगे। भामाशाहों व सहयोगकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह के दौरान देशभक्ति गीत बजेंगे। नशा मुक्त युवा भारत आंदोलन के कार्यकर्ताओं व देशप्रेमी भामाशाहों के सहयोग से शहीद भगतसिंह की करीब ढाई फीट ऊंची मूर्ति लगवाई गई। मार्बल की मूर्ति आमेट के कारीगरों ने बनाई है। मूर्ति के लोकार्पण के लिए गत दिनों नशा मुक्त युवा भारत के सामाजिक कार्यकर्ता नारायण भदाला के नेतृत्व में फरीदाबाद स्थित यादवेंद्रसिंह के निवास पर निमंत्रण दिया था। मूर्ति को रोज सुबह-शाम आरती होगी। शहीद के विचार घर-घर तक पहुंचे इस उद्देश्य को लेकर अगरपुरा में आमजन के सहयोग से मूर्ति स्मापित की है। करीब 300 स्क्वायर फीट में बनवार स्टेच्यू की ऊंचाई करीब 2 फीट है। इसमें करीब 6 फीट की ऊंचाई पर शहीद भगतसिंह की मूर्ति है। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे- दोपहर में भगतसिंह के पौत्र व अन्य अतिथियों के आगमन पर पुष्पवर्षा की जाएगी। संचालन सूरज पारीक करेंगे। गांव के युवाओं की 15 टीमें कार्यक्रम में सहयोग करेगी।

### मंदिर के पास बनने वाले पुस्तकालय का होगा भूमि पूजन

शहीद भगत सिंह के मंदिर के पास ही एक पुस्तकालय का निर्माण भी कराया जाएगा। जिसका भी समारोह के दौरान भूमि पूजन कराया जाएगा। पुस्तकालय का भूमि पूजन भी यादवेंद्रसिंह सिंधु द्वारा किया जाएगा। पुस्तकालय में अनादी से पहले के जितने भी क्रांतिकारी थे, उनके जीवन चरित्र को दर्शाती हुई पुस्तकें रखी जाएगी। यहां आमजन इन पुस्तकों क को निशुल्क पढ़ सकेंगे। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए भी पुस्तकें निशुल्क उपलब्ध रहेगी। पुस्तकालय करीब 600 स्कवायर फीट का होगा, जिसमें करीब 50 टेबल लगाई जाएगी, जहां विद्यार्थी बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे।

# आज कपासन में एक शाम कचहरी भैरूजी के नाम विशाल भजन संध्या

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** क्षेत्र में शांति एवं खुशहाली की कामना को लेकर राष्ट्रीय महाकाल सेना के संस्थापक संत खुशाल भारती महाराज के संयोजन में 22 दिसं. को एक शाम कचहरी भेरूजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा ।जिसको लेकर भक्तो एवं श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया। जानकारी अनुसार संत खुशाल भारती महाराज के नेतृत्व में नगर कपासन के कचहरी स्कूल स्थित भेरूजी क्षेत्र पाल देवता के दरबार में 22 दिसंबर को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा ।जिसमें साधु संतों सहित नगर एवं समीपवर्ती क्षेत्रों के भक्त एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। यहां नगर में 22 दिसं. रविवार रात्रि आयोजित भजन संध्या में भजन गायक नरेश प्रजापत,सुरेश गहलोत,भेरूलाल बारेगामा,गुलशन जागा आदि भजन गायक अपने मुखारविंद से भजनों की प्रस्तुतियां देंगे ।साथ ही 22 दिसं. सुबह हवन-पूजा आदि धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन तथा सांयकाल महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। जिसको लेकर भक्तो एवं श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां जारी है। इधर संत खुशाल भारती महाराज द्वारा नगर सहित समीपवर्ती क्षेत्रों के भक्तो एवं श्रद्धालुओ से पवित्र धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# दो ग्राम स्मैक सहित दो गिरफ्तार, पुछताछ जारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** डीएसटी व सेंदड़ा थाने की संयुक्त कार्यवाही के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही कर दो ग्राम स्मैक सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेंदड़ा पुलिस के थानाधिकारी रामकिशन ने बताया कि सेंदड़ा की संयुक्त टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक मोटर साईकिल जिस पर दो व्यक्ति सवार थे, जिन्हें रुकवाया व तलाशी लेने पर पीछे बैठे व्यक्ति के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई जिसका वजन 2 ग्राम हुआ इस पर स्मैक को जब्त कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया व मोटर साईकिल को जब्त किया जाकर आरोपियो के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

# विधायक आक्या टीम की ओर से श्री काल भैरव मंदिर पर ट्राई साइकिल पाकर हर्षित हुआ दिव्यांग

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** विगत 20 वर्ष से अधिक लंबे समय से ई-ट्राई साईकिल के लिए प्रयास कर रहे एक बुजुर्ग दिव्यांग को जब टीम विधायक चंद्रभान सिंह के सदस्यों ने पॉलोटेक्निक परिसर में स्थित प्राचीन श्री काल भैरव मंदिर परिसर में ई- इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साईकिल भेंट की तो बुजुर्ग दिव्यांग के चेहरे पर खुशी छा गई । जानकारी देते हुए टीम विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के सदस्य अनिल ईनाणी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह की ओर से शनिवार को विगत 20 वर्षों से ई ईलेक्ट्रॉनिक -ट्राई साइकिल के लिए संघर्ष कर रहे चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र के विजयपुर के उंदरी निवासी बुजुर्ग दिव्यांग भंवरलाल जटिया को टीम आक्या के सर्व श्री हरिओम सिंह चौहान आक्या, रवि विरानी के साथ मंदिर के पुजारी बाबूलाल जटिया ने ईलेक्ट्रॉनिक साईकिल का वितरण किया गया, ईलेक्ट्रॉनिक साईकिल पाकर बुजुर्ग दिव्यांग के चेहरे पर खुशी छा गई द्य उन्होंने बताया कि विधायक आक्या की ओर से लगातार दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल ई -इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र का वितरण किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक शिविर लगाकर 2200 से अधिक दिव्यांग जनों को उपकरणों का वितरण किया गया है इसके अलावा 1000 से अधिक नए दिव्यांग जनों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है जिन्हें शीघ्र ही आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरण किए जाएंगे । इस अवसर पर श्री काल भैरव मंदिर के पुजारी बाबूलाल जटिया, भगवान जटिया, मनोहर खटीक, मनोहर अग्रवाल, दुर्गेश शर्मा, अनिल रावल, कमलेश पारीक, अजय सिंह कृष्णावत, प्रदीप नायक, संजय खाब्या, गोपाल चतुर्वेदी, धीरज भट्ट, दीपक जोशी, संजय सिंगारिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंच गौरव में बास्केटबॉल खिलाड़ियों का सम्मान किया गया



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के तहत एक जिला एक खेल में चयनित बास्केटबॉल खेल के अर्जुन पुरस्कार विजेता, अंतरराष्ट्रीय एवं प्रतिभावान राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र भीलवाड़ा द्वारा यह आयोजन नगर परिषद बॉस्केटबॉल स्टेडियम पर किया गया।

जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत बताया कि एक जिला एक खेल में चयनित बास्केटबॉल खेल के विकास के लिए जिले में राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसी चरण के प्रारंभ में ऐसी खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सुरेंद्र कटारिया, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित भंडारी, मोहम्मद हारुन, शिव खोईवाल, दीपक चौधरी, पंकज गवारिया, लोकेश खटीक, कृतिका खटीक, महिमा चावला, दिव्यांशी शर्मा, प्रद्युम्न, कुंदन बैरवा,राशी खोतानी, शताक्षी राठौड,वैभवी विजयवर्गीय,सौम्या चोरड़िया,मनस्वी भडाना,प्रांजल जगत्याणी एवं मनप्रीत रहे। जो खिलाड़ी बाहर थे उनके प्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह ग्रहण किया। इस अवसर पर बास्केटबॉल के स्तंभ रहे प्यारेलाल खोईवाल को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोशन देवपुरा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक, अभिभावकगण एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# खेलकूद उत्सव में प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर के धमाणा मार्ग स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन किया गया ।जिसमे प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा कबड्डी,वॉलीबाल,जलेबी रेस,दौड़,रस्सी खींच, चेयर रेस,खो-खो प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। प्रधानाध्यापिका कौशल्या झाला ने बताया कि खेलकूद उत्सव में प्रत्येक कक्षा से प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के वैद्य महेंद्रमोहन दाधीच,पुष्पा वैष्णव,अरुणा टेलर,प्रकाश चंद्र पंवार, अंशु सिरोया,कविता सिरोया,खुशबू, विनीता,पूजा,रेखा,अपर्णा,कौशल्या दाधीच, आशा,किरण, दिव्यांशी आदि विद्यालय परिवार सहयोग के साथ उपस्थित रहा।

# शीतल यश जैन महिला मंडल का वार्षिक उत्सव संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (नि.स.)।** शीतल यश जैन महिला मंडल का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ शीतल स्वाध्याय भवन काशीपुरी मे संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष सुनीता बोरदिया ने बताया की मंडल द्वारा वर्ष भर मे किये गए विभिन धार्मिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। मंत्री रेखा चौधरी ने बताया की यश मन्दाकिनी परीक्षा में मेरिट में आने वाली दस बहिनों को पुरस्कार दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत विभिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताए हुई। पारितोषिक वितरण मे धरमसहायिका मोनिका विकास बाबेल ने सहयोग किया। पुष्पा गोखरू, संतोष सिंघवी, बलवीर देवी चोरडिया, इंदिरा बापना, निर्मला बुलिया, संतोष देवी चिपड़ का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम मे सुनीता गाँधी, प्रमिला कोचिटा, अलका डोसी, सुनीता चौधरी, ममता लोढ़ा, कविता सूर्या, मंजू कोठरी, अनीता बाबेल, निष्मा पोखरना, अलका सिंघवी, श्वेता नैनावटी, शिल्पा डांगी, भारती आंचलिया, मधु हिरण, समता भंडारी, पुष्पा बापना, प्रियंका पानगड़िया, अन्नू मेहता, मंजू मेहता, अलका बम्ब सहित 70 बहिने उपस्थित थी। अध्यक्ष सुनीता बोरदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# हिन्दुस्तान जिंक वर्ष 2024 के लिए भारत की शीर्ष 50 ग्रेट मैनेजर कंपनियों में

## कंपनी के तीन मैनेजर को शीर्ष 100 ग्रेट मैनेजर्स में स्थान

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड को 2024 के लिए भारत में ग्रेट मैनेजर की शीर्ष 50 कंपनियों में स्थान मिला है। पीपल बिजनेस कंसल्टिंग द्वारा प्रदान की गई यह मान्यता, समान अवसर प्रदान करने वाले नियोक्ता के रूप में हिंदुस्तान जिंक की स्थिति को और मजबूत करती है, जो उच्च प्रदर्शन वाले संस्थान के निर्माण के लिए कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनियों के लिए ग्रेट मैनेजर्स पुरस्कार सबसे प्रशंसित पुरस्कारों में से एक है जो संगठनों को उद्योग में बेंचमार्क करने में सक्षम बनाता है। भारत के शीर्ष 50 में शामिल होने के अलावा, हिन्दुस्तान ज़िंक के तीन मैनेजर को 2024 के लिए भारत के शीर्ष 100 ग्रेट मैनेजर में नामित किया गया है। पुरस्कार की प्रक्रिया में सावधानीपूर्वक मूल्यांकन शामिल था जिसमें व्यापक टीम फीडबैक और उद्योग विशेषज्ञों से युक्त एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा आयोजित साक्षात्कार शामिल थे। यह मान्यता ऐसे संगठन को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो अपने कर्मचारियों को श्रेष्ठ तरीके से सीखने और तेजी से विकास के अवसर प्रदान करने के लिए वातावरण प्रदान करता है। यह उन्हें कार्यस्थल पर प्रोफेशनल कैरियर और बेहतर संतुलित जीवन भी प्रदान करता है। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि, हम भारत में ग्रेट मैनेजर्स की शीर्ष 50 कंपनियों में शामिल होने पर गौरवान्वित है। हम हमारे कर्मचारियों को ग्लोबल कंपनी के साथ स्थिरता और स्टार्ट अप की तरह के अनुभव के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करता है, जो वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम व्यावसायिक तरिकों का लाभ उठाते हैं। यह, हमारी सभी को समान अवसर प्रदान करने और वर्ल्ड क्लास संचालन के परिणामस्वरूप ग्रेट मैनेजर कंपनी बनी है। हिन्दुस्तान जिंक में कार्य करने वाले कर्मचारियों को हम उनके कौशल को सशक्त बनाने और संगठनात्मक क्षमताओं को बढ़ाते हुए उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। भारत की प्रमुख मेटल कंपनी के रूप में, हिन्दुस्तान जिंक विविध और समावेशी कार्यबल को बढ़ावा देने में सबसे आगे है। कंपनी ने लंबे समय से नवाचार और तेजी से डिजिटलीकरण एवं स्वचालन द्वारा संचालित मानकीकृत कार्य अनुभव सुनिश्चित कर नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से पहलों को प्राथमिकता दी है जो इस क्षेत्र से जुड़े भारी और शारीरिक श्रम की गलत धारणा को दूर कर रही है।

जीवन के हर चरण में कर्मचारियों को सहयोग हेतु हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता - व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों - ने करियर को बढ़ाने वाले अवसरों को जन्म दिया है, जिसमें नाइट शिफ्ट, रीच जॉब कन्टेंट और प्रोग्रेसिव वर्कप्लेस पॉलिसी जैसे जीवनसाथी को कार्य हेतु अवसर, बच्चे की देखभाल के लिए साल भर का विश्राम और मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता हेतु छुट्टी की नीतियां शामिल हैं।

# मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है : विधायक रामसहाय वर्मा

## 126 वाहन चालक व परिचालक सहित आमजन की हुई नेत्र जांच, 80 लोगों को नि:शुल्क वितरित किए चश्मा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** रोड सेफ्टी लाईन जयपुर एवं सडक् सुरक्षा प्रकोष्ठ परिवहन आयुक्त राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अभिनन्दन फूड कैफेपर नेत्र जांच एवं निशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करने वाले ट्रक चालक व परिचालक सहित आमजन की नेत्र जांच एवं परीक्षण करके चश्मा वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रहे नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस नरेंद्र काला व शिखरचन्द काला ने भगवान महावीरजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति मानवसेवा में अपनी भागेदारी निभाएं। अध्यक्षता कर रहे पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि मानवसेवा के लिए ऐसे कार्य करे। जिससे व्यक्ति की समाज में पहचान बने। पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस नरेंद्र काला ने कहा की नरसेवा नारायण सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति मानव सेवा के लिए सदेव प्रयासरत रहे एवं सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि सेठानी स्व. घीसी बाई की पुण्यतिथि पर आयोजित 73 वां नेत्र जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर में 126 वाहन चालक व परिचालक सहित आमजन की नेत्र जांच की गई व 80 लोगों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस अवसर पर थानाधिकारी हरिराम वर्मा, परिवहन निरीक्षक अशोक कुमार, परिवहन निरीक्षक मिथिलेश कुमार, बार अध्यक्ष एडोकेट महेश शर्मा, जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, सरावगी समाज अध्यक्ष शिखर काला, कर सलाहकार सुरेश काला, अजीत काला, बिष्णु बोहरा, अशोककुमार बिलाला, सुनील भाणजा,



महेश पाटनी, प्रधानाचार्य देवेन्द्रपालसिंह चौधरी, पवन सांवलिया, त्रिलोक हरभगतपुरा, मनोज पाटनी, रामप्रसाद महाराजपुरा, बद्री नटवाडा, विनय झांझरी, राकेश संघी, पवन बोहरा व शिब्बू पाटनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी प्रकार रोड सेफ्टी लाईन प्रभारी सचिव प्रताप भाटिया, जसवंत सिंह व सुरेन्द्र भाटिया सहित आरटीओं व रोड सेफ्टी लाईन के कई अधिकारी मौजूद थे।

# ठेके पर देने के विरोध में एक दिवसीय धरने में जयपुर पहुंचे

## धरने पर रहे विद्युत निगम कर्मचारी, कार्यालय में कामकाज रहा प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार की ओर से विद्युत निगम को ठेके पर देने की तैयारी की जा रही है। विद्युत निगम के निजीकरण के विरोध में राज्यभर में विद्युत निगम के कर्मचारियों की ओर लगातार विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के चलते विद्युत निगम के कर्मचारी शुक्रवार को धरने पर रहे। विद्युत निगम के निजीकरण के विरोध में राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार को जयपुर विद्युत निगम मुयालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इसमें जिले से भी विद्युत निगम के कार्मिकों ने भाग लिया। इस दौरान जयपुर विद्युत वितरण निगम, उत्पादन निगम एवं प्रसारण निगम के कर्मचारियों ने एक दिवसीय अवकाश लेकर जयपुर स्थित निगम मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया।



**कार्यालयों में कामकाम रहा प्रभावित :** जयपुर धरने पर शामिल होने के लिए जिले से पांच हजार से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। ऐसे सवाईमाधोपुर, बौंली, चौथकाबरवाड़ा, मलारना डूंगर, खण्डार, गंगापुरसिटी, बामनवास आदि डिस्कॉम कार्यालयों में कर्मचारियों के अभाव में कामकाज ठप रहा! इस दौरान जयपुर, अजमेर, जोधपुर सहित अन्य विद्युत निगमों में विभिन्न नामों एवं मॉडल पर किए जा रहे निजीकरण को रोकने एवं सीपीएफ कटौती बंद कर जीपीएफ कटौती शुरू करने की मांग की।

**जरूरी काम से आए फरियादी निराश लौटे :** विद्युत डिस्कॉम कार्यालयों में कर्मचारियों के नहीं होने से किसानों व उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली बिल, ट्रांसफार्मर सहित विद्युत संबंधित कार्यों के लिए आने वाले फरियादियों को परेशान होना पड़ा। विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य कार्मिकों के नहीं मिलने से उपभोक्ता निराश लौट गए।

**कक्षों में पसरा रहा सन्नाटा :** कर्मचारियों के अभाव में खैरदा स्थित विद्युत डिस्कॉम कार्यालयों के कक्षों में दिनभर सूनापन रहा। कुछ ऐसे ही हालात ब्लॉक मुयालयों पर देखने को मिला, जहां डिस्कॉम कार्यालय में सन्नाटा रहा और कक्षों में कुर्सियां खाली मिली!

# महर्षि कश्यप महाविद्यालय में मिस-मिस्टर फ्रेशर व प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**दूनी/टोंक( नि.स. )।** महर्षि कश्यप स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूनी में सत्र 2024-25 की मिस फ्रेशर व मिस्टर फ्रेशर पार्टी व बी ए व एम ए प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का अभिनंदन समारोह दूनी ग्राम सेवा सहकारी समिति लि के अध्यक्ष मोतीलाल मेहरा चेयरमैन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ जिसमें बी ए प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें मिस फ्रेशर खुशबु वर्मा व मिस्टर फ्रेशर अंकित चौधरी को चुना गया जिन्हें मुख्य अतिथि महाविद्यालय संस्थापक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन व महाविद्यालय निदेशक डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने ताज व शील्ड एप्रिन व माला पहनाकर अभिनंदन किया इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमें अनुशासन में रह कर बढे सपने देखने चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं तथा कम अंक आने पर हताश नहीं होना चाहिए इससे सबक लेकर और मेहनत करनी चाहिए यही आपके जीवन का सही समय है अभी जो लक्ष्य का निर्धारण करके मेहनत करेगा वहीं सफल होगा और तरक्की करेगा इस अवसर पर




प्राचार्य डॉ पी आर मीणा, प्रबंध निदेशक राजेंद्र मेहरा एडवोकेट, राधेश्याम प्रजापति, अजय सिंह, मुकेश वर्मा, श्रीमती रिंकू जैन, श्रीमती आशा जैन, परमानन्द मेहरा, गणेश, युसुफ खान, गोपाल विजय, शिवकिशन चौधरी, गिरिराज गुर्जर, रमेश सतवाडा, रामपाल गुर्जर अंकुश प्रजापति, शैलेन्द्र सिंह, विनोद मीणा सहित छात्र एवं छात्राएं व अभिभावक मोजूद थे।

# मन लगाकर करें पढ़ाई-कर्मानंदगिरी

## 13 छात्राओं को मिली साइकिले, छात्राओं में खुशी की लहर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय करीरिया में मुख्य अतिथि भाजनानन्दगिरी आश्रम के संत कर्मानंदगिरी महाराज के सानिध्य में छात्राओं को निःशुल्क साइकिले वितरित की गई। साईकिले मिलने पर छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड गई। मुख्य अतिथि संत कर्मानंदगिरी महाराज ने छात्राओं को मन लगाकर पढने व अपना व परिवार और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आपको भी अपना लक्ष्य तय करके आगे बढना है। उन्होंने कहा कि साईकिल मिलने से छात्राओं की राह भी आसान होगी। प्रधानाचार्य वेदप्रकाश मिश्र ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों व सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया। साईकिल वितरण प्रभारी श्रीराम बैरवा ने बताया कि विद्यालय की 13 छात्राओं को निःशुल्क साइकिले वितरित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वेदप्रकाश मिश्र, प्राध्यापक श्रीराम बैरवा, वरिष्ट अध्यापक संस्कृत लाडबाई मीना, वरिष्ट अध्यापक गणित मुकेश कुमार, वरिष्ट अध्यापक हिंदी मुकेश कुमार शर्मा, वरिष्ट अध्यापक विज्ञान वैष्णवी गौत्तम, अध्यापक सुगना खींची, अध्यापक अनिता मीना, शारिरीक शिक्षक भंवर लाल शर्मा, अंकित योगी, गोविन्द हाकला, हेमराज गुर्जर व सांवरमल खटाणा सहित कई अभिभावकगण व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद थे।

# प्रयागराज महाकुम्भ हेतु एक थाली एक थैला अभियान कृषि मण्डी से हुआ शुरू

## मण्डी समिति से 1 हजार व अधिवक्ता परिषद से 200 थाली एवं थैला का मिला सहयाग

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** विश्व के सबसे बड़े एवं विशाल धार्मिक आयोजन प्रयागराज महाकुम्भ में सम्पूर्ण विश्व से करोड़ों श्रद्वालु जाते है। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्वालुओं के कारण आयोजन स्थल पर करोड़ों किलो प्लास्टिक कचरा उत्सर्जित होता है जिसके कारण वातावरण प्रदूषित होता है एवं गंदगी फैलती है। यह प्लास्टिक लम्बे समय तक विघटित नही होता जिसके कारण मृदा एवं जल स्त्रोत प्रदूषित होता है। इस समस्या के निराकरण हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रत्येक घर से एक थाली एक थैला एकत्रित करके प्रयागराज महाकुम्भ आयोजन स्थल भेजने का अभियान चला है। इस अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण समिति ने मण्ड़ी प्रांगण एवं न्यायालय परिसर में जाकर लोगों को जागरूक किया एवं




अभियान से जुडने् हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर निवाई मण्डी समिति से 1 हजार तथा अधिवक्ता परिषद से 200 थाली एवं थैला का सहयाग प्राप्त हुआ। यह अभियान आगामी एक सप्ताह तक जारी रहेगा जिसमें सभी आमजन एवं पर्यावरणप्रेमी शामिल होंगे। इस मौके पर मण्ड़ी व्यापारी ओमप्रकाश चवंरिया, रामअवतार घाटी, ताराचन्द बोहरा, शिवप्रकाश पारीक, कार्तिक पारीक, अधिवक्ता संघ के सीताराम शर्मा, रामबाबू शर्मा, रमेश गुर्जर, एड्वोकेट नरेन्द्र चौधरी, रामेश्वर चौधरी, अबरार अहमद, जमील खान, मनीष जैन, मोनू जैन व शुभम सोनी सहित व्यापारी एवं नागरिक मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना पशुपालकों के लिए होगी वरदान साबित

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** राज्य सरकार मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशु पालकों को आर्थिक संभल देगी। सब कुछ ठीक रहा तो यह बीमा योजना पशुपालकों के लिए वरदान साबित होने वाली है। हालांकि प्रथम फेज में सरकार ने दुधारू पशु गाय, भैंस, भेड़, बकरी व उष्ट्र वशीय जैसे पशुओं को इस योजना में शामिल किया है।

### बीमा प्रीमियम पर 400 करोड़ रुपए होगा खर्च

योजना के तहत राज्य सरकार पशुधन का निशुल्क बीमा करेगी। बीमा प्रीमियम पर राज्य सरकार का 400 करोड़ रुपये खर्च होगा।

प्रथम फेज में 5-5 लाख दुधारू गाय, भैंस, 5-5 लाख भेड़, बकरी तथा 1 लाख उष्ट्र वशीय पशुओं को शामिल किया गया है।

चयनित पशुपालक के अधिकतम 2 दुधारू पशु (गाय, भैंस अथवा दोनो), 10 बकरी, 10 भेड़ एक उष्ट्र वंश पशु का नि:शुल्क बीमा किया जाएगा। यह बीमा उन्हीं पशुओं का होगा जो किसी अन्य योजना के तहत बीमित नहीं है।

### 12 जनवरी अंतिम तिथि

राज्य सरकार ने पशुधन का ऑनलाइन बीमा करवाने की 13 दिसंबर 24 से 12 जनवरी 25 तक डेडलाइन जारी की है। निर्धारित तिथि के बाद बीमा नहीं हो सकेगा। इस योजना में ऑफलाइन बीमा का कोई प्रावधान नहीं है। बीमा एक वर्ष के लिए होगा।

### यह होंगे पात्र

योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश के सभी जनाधार कार्ड धारक पशुपालक पात्र होंगे। पशुपालकों को बीमा विभाग के एप / सॉफ्टवेयर पर आवेदन करना होगा। मोबाईल ऐप/वेबपोर्टल पर पशुपालक स्वयं के मोबाइल फोन से या ईमित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

# सुशासन सप्ताह के तहत पंचायत समिति मुख्यालयों पर हो रहा शिविर का आयोजन

## जन समस्याओं के निस्तारण के साथ ही पात्र व्यक्तियों को किया जा रहा योजनाओं से लाभावित

बढ़ता राजस्थान

**जालोर ( नि.स. )।** सुशासन सप्ताह के तहत 19 से 24 दिसम्बर तक चलाए जा रहे प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर का आयोजन कर जन शिकायतों के निस्तारण के साथ ही विभागों द्वारा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा हैं। सुशासन सप्ताह शिविर में दोनों पैरों से दिव्यांग प्रकाश कुमार को मिली व्हीलचेयर सुशासन सप्ताह के तहत जालोर पंचायत समिति सभागार में में आयोजित शिविर में दोनों पैरों से दिव्यांग जालोर निवासी प्रकाश कुमार पुत्र अदराराम मेघवाल को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी के समक्ष जालोर निवासी दिव्यांग प्रकाश कुमार पुत्र अदराराम मेघवाल ने उपस्थित होकर बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग है जिसके कारण उसे घूमने-फिरने एवं रोजगार कार्य स्थल पर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसे दैनिक कार्यों के लिए दिव्यांग उपकरण व्हीलचेयर की आवश्यकता है। परिवेदना सुनकर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर के ब्लॉक प्रभारी को दिव्यांग प्रकाश कुमार को मौके पर ही दिव्यांग उपकरण व्हीलचेयर उपलब्ध करवाकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिस पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर के ब्लॉक प्रभारी ने मौके पर ही आवेदन तैयार करवाकर प्रकाश कुमार को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई जिसे पाकर प्रकाश कुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि अब वह अपने दैनिक कार्यों एवं रोजगार कार्यस्थल पर व्हीलचेयर के माध्यम से आसानी से आवागमन कर सकेगा।

# पीपल्दा जागीर में आंगनबाड़ी केंद्र में जन्मोत्सव, जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु अभियान



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** प्राथमिक विद्यालय पीपल्दा जागीर की समन्वित आंगनबाड़ी केंद्र मे कन्या जन्मोत्सव, जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु अभियान नई चेतना कार्यक्रम बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रावती कँवर सेवानिवृत्ति महिला पर्यवेक्षक रही,कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा शर्मा महिला पर्यवेक्षक ने की, रेखा शर्मा ने बताया की वर्तमान समय में बेटियां किसी भी प्रकार से बेटियों से कमजोर नहीं है हर क्षेत्र में बेटियां अपना नाम रोशन कर रही हैं उन्होंने गाँव की महिलाओ को कन्याओं के साथ हो रहे उत्पीड़न की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे मे बताया, महिलाओ को अपने अंदर यह हीन भावना कतई पैदा नहीं करनी है की मुझे लड़की हुई है, लड़किया ईश्वर का अनमोल खजाना है जो हर किसी के नसीब मे नहीं होता था,बालिका के जन्मदिन पर केक काटकर मिठाई वितरित की गई, इस शुभ अवसर पर शिमला गोचर कार्यकर्त्ता, संगीता मीणा कार्यकर्त्ता,अनुपमा कार्यकर्ता सरिता वर्मा सहायिका ,ललिता बैरवा साथिन, बृजेश बाई और राजसेविका की महिलाएं स्थानीय विद्यालय का स्टॉफ बालचंद सामरिया, सत्यनारायण मीणा, रूचि चंद्रा, ग्राम की महिलाएं और युवतिया शामिल रही।

# पिता की अर्थी को बेटियों ने कंधा दे पेश की मिसाल



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** आम तौर पर पिता की मौत के बाद बेटों की ओर से ही पिता की अर्थी को कंधा देकर मोक्षधाम तक ले जाया जाता है। लेकिन आज के समय में बेटियां भी बेटों के फर्ज को अदा कर रही हैं। ऐसा ही उदाहरण शुक्रवार को जिला मुयालय के पुराने शहर स्थित ब्रह्मपुरी मोहल्ले में मिस्त्री चौथमल महावर (87) के देहांत पर उनकी पुत्रियों ने पेश किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक के कोई पुत्र नहीं है और इनकी छह पुत्रियां हैं।

उनके देहांत के बाद उनकी पुत्रियों रुक्मिणि, सीमा, पिंकी, ममता आदि ने उनकी अर्थी को मोक्षधाम तक कंधा दिया। यह लोगों के बीच चर्चा का विषय भी बना रहा।

# शिखर आई.टी.आई के तीन छात्रों का बी ए आर सी में चयन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर टेक्नीशियन पदों के लिए आयोजित की गई परीक्षा में शिखर आई.टी.आई चारभुजा रावतभाटा के तीन होनहार छात्रों का चयन हुआ है। शिखर आई.टी.आई के प्रधानाचार्य श्री राजेश सिंह ने बताया कि शिखर आई.टी.आई के छात्र यश वाधवा,अरविंद वैष्णव एवं आशुतोष धाकड का चयन इस सरकारी परीक्षा में हुआ है। यश वाधवा को बी.ए.आर.सी मैसूर अरविंद वैष्णव एवं आशुतोष धाकड को हैवीवाटर बोर्ड मोनोगुरु में टेक्नीशियन पदों पर



नियुक्ति दी गई है। शिखर आई.टी.आई में शनिवार को इन छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें चयनित तीनों छात्रों को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चयनित तीनों छात्रों ने शिखर आई.टी.आई के अनुदेशकों एवं प्रबंधन का आभार प्रकट किया और अपने चयन का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद एवं शिखर आई.टी.आई कॉलेज की सरकारी परीक्षा हेतु दी गई विशेष क्लासेज को दिया। कॉलेज के निदेशक श्री ब्रजराज राठौर ने चयनित सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्रों का चयन हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

# घर में बर्तन-कपड़े धोने से कोई नामर्द नहीं हो जाता मर्दानगी की कोई परिभाषा तय नहीं : गुलशन देवैया



फिल्म शैतान में नशेड़ी युवा, हेट स्टोरी में बिगड़ैल रईसजादा तो हंटर में सेक्स एडिक्ट, ऐक्टर गुलशन देवैया ने अपने करियर के शुरुआत से ही लीक से हटकर बोल्ड किरदारों को चुनने का साहस दिखाया। इसी कड़ी में वह इन दिनों अपनी नई फिल्म झांसी का राजकुमार को लेकर चर्चा में हैं। समाज में तय जेंडर रोल की आम धारणा को तोड़ती इस फिल्म में गुलशन एक कामकाजी पत्नी के बेरोजगार हाउस हस्बैंड के रोल में हैं।

**हमारे समाज में हमेशा से यही कहा जाता रहा है कि मर्द कमाकर लाते हैं और औरतें घर संभालती हैं। आपकी फिल्म जेंडर रोल की इस तय धारणा को तोड़ती है। इस बारे में आपकी निजी राय क्या है?**

मैं बिल्कुल ऐसा नहीं मानता कि मैं मर्द हूं तो मैं घर में नहीं रह सकता हूं। घर के कामकाज नहीं कर सकता हूं। ये नियम किसने बनाए? ऐसा कहां पर लिखा है? मेरे हिसाब से ऐसा कोई जेंडर रोल तय नहीं होना चाहिए। हालांकि, यह सोच हमारे समाज में है, जिस पर चर्चा होनी चाहिए। इसीलिए, हमने यह फिल्म बनाई है, क्योंकि मैं इस चीज के बिल्कुल पक्ष में नहीं हूं। मेरा मानना है कि मर्दानगी की कोई एक परिभाषा नहीं होती। हम लोग ये मान लेते हैं कि ये मर्दानगी है और ऐसा करना मर्दानगी नहीं है। मेरे हिसाब से घर में कामकाज करने वाला, कपड़े धोने वाला भी मर्द है और वो जिनके छाती पर बाल होते हैं, जो बहुत रफ-टफ टाइप के होते हैं, वे भी मर्द है।

**आप खुद घर के काम-काज में कितना हाथ बंटाते रहे हैं? अगर आप इस परिस्थिति में हों कि आपकी पत्नी घर चलाए और आपको घर संभालना हो तो क्या आप इससे सहज होंगे?**

मैं जब बहुत छोटा था, शायद 1984 से मेरी मम्मी को बीमारियां होने लगीं। उससे पहले घर के सारे काम, मेरा टिफिन बांधना, होमवर्क कराना, सब मम्मी करती थीं, जबकि वह खुद पब्लिक सेक्टर में जॉब करती थी। मेरे पिताजी भी काम करते थे, मगर घर के काम मां करती थीं, क्योंकि वह उस जमाने से थीं कि उन्हें लगता था कि ये औरतों के ही काम हैं। लेकिन जब वे बीमार हुईं तो बहुत छोटी उम्र से मुझे और पापा को घर का काम करना पड़ा। अगर वह ठीक होतीं तो मुझे नहीं लगता कि मैं वह सब सीखता, लेकिन आज वो अनुभव मेरे लिए काफी अहम साबित हो रहे हैं, क्योंकि मैं कभी नहीं सोचता कि ये औरत का काम है, ये मर्द का काम है। हालांकि, ऐसा मम्मी की बीमारी की वजह से हुआ। शायद अगर मम्मी ठीक होती तो मेरी सोच कुछ हद तक अलग हो सकती थी, मगर चूंकि मैंने बचपन से पापा के साथ मिलकर घर के काम किए हैं तो मैं इस सोच के साथ काफी सहज हूं कि मर्द घर के काम कर सकते हैं। मैं नहीं मानता कि बर्तन धोना, घर साफ करना या कपड़े धोना-सुखाना सिर्फ औरतों का काम है।



**फिल्म में आपका किरदार दिल्ली से झांसी में नई जिंदगी शुरू करता है। आप भी बैंगलुरू से ऐक्टर बनने मुंबई आए। आपके लिए नए शहर में नई शुरुआत कितनी चुनौतीपूर्ण रही थी?**

मेरे सामने एक ही दिक्कत थी कि मैं काम सीखकर आया था, इतना तैयार होकर आया था कि भरोसा था कि कोई ना कोई काम तो मिल जाएगा। फिर भी, मैं खुद को लेकर बड़ा अंडर कॉन्फिडेंट था क्योंकि मुझे फिल्म बिजनेस की कोई समझ नहीं थी। मैं सिर्फ क्राफ्ट सीखकर आया था, जबकि यहां फिल्म बिजनेस समझना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर आप इसे नहीं समझेंगे तो यह आपके लिए एक मॉन्स्टर है। जबकि, समझ लेंगे तो यह पता चलेगा कि इससे डील कैसे करना है। इसलिए, मेरा मानना है कि मैं आज जो हूं, अपने साथ जो सहज हो पाया हूं, वह सब इस शहर की वजह से है। मेरे लिए अपने मां-बाप की छत्रछाया से निकालना बहुत जरूरी था। मुंबई ने मुझे यह पहचान दी है। मैं कहूंगा कि मुंबई में जगहें भले छोटी हैं, पर मुंबई का दिल बहुत बड़ा है।

**आपको लगता है कि एक बाहरी शहर या बॉलिवुड में कोई पहचान ना होने के चलते आपका संघर्ष लंबा रहा। आपको इंडस्ट्री का चलन समझने में वक्त लगा?**

मैं इस इनसाइडर-आउटसाइडर वाली बहस में एक अहम पक्ष रखना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि आप शुरू से ऐक्टर्स की लिस्ट देखें, मतलब 50 के दशक से देख लीजिए कि कितने ऐक्टर फिल्मी परिवार वाले हैं और कितने बाहर से आए हैं।

आप आंकड़े देख लीजिए, शाहरुख खान, धर्मेंद्र, राजेश खन्ना, दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन ये सारे सुपरस्टार आउटसाइडर ही थे। इन्होंने बाद में फिल्मी फैमिली बनाई, लेकिन वे खुद बाहर से आए थे। अभी भी दीपिका पादुकोण, अनुष्का शर्मा, प्रियंका चोपड़ा सारी जानी-मानी ऐक्ट्रेसेज आउटसाइडर हैं, तो मैं चाहता हूं कि लोग इस नजरिए से भी सोचें।

**आपने करियर के शुरुआत में शैतान में ड्रग एडिक्ट, हेट स्टोरी में बिगड़ैल अमीरजादे, हंटर में सेक्स एडिक्ट के ऐसे रोल किए, जो हीरो की आम धारणा से एकदम अलग है। आपको ये रोल चुनते हुए रिस्क नहीं लगा?**

जब मैं इंडस्ट्री में आया था ना, तो एक ट्रेंड चल रहा था कि सभी की बॉडी होती थी। सब जिम जाते थे। सिक्स पैक ऐब अनिवार्य था। सब एक तरह के कपड़े पहनते थे। सबकी हेयर स्टाइल एक किस्म की होती थी तो मैंने भी वो चीजें करने की कोशिश की लेकिन मैं उसमें सहज नहीं था। मुझे लगा कि जो ऐसा कर रहे हैं, वो अपनी जगह ठीक हैं, पर मैं यह नहीं हूं। मुझे कुछ अलग करना चाहिए क्योंकि मैं इस दबाव में अपनी मौलिकता कहीं न कहीं खो रहा हूं। इसके लिए साहस नहीं, खुद पर भरोसे की जरूरत पड़ती है कि ठीक है, ये मेरा रास्ता है। बाकी सब जो कर रहे हैं, वो उनकी चॉइस है, लेकिन मेरे लिए वह रास्ता ठीक नहीं है। यह सोचकर जब आप काम करते हैं कि तो फिर ये लीक से हटकर है या बोल्ड चॉइस है, यह सब दिमाग में नहीं आता।

**हम औरतों से जुड़े स्टीरियोटाइप्स को लेकर काफी चर्चा करते हैं। आपको पुरुषों को लेकर कोई ऐसी सामाजिक धारणाएं हैं जो गलत लगती हैं?**

*ये जो घर चलाने, परिवार पालने की जिम्मेदारी मर्दों के ही सिर पर डाली जाती है, वो भी एक स्टीरियोटाइप है, जो मुझे सही नहीं लगता। मतलब, घर में अगर 3 बच्चे हैं। एक भाई है, एक बड़ी बहन है, एक छोटी बहन है, तो मर्द पर ही यह दबाव रहता है कि वह घर, बहनों की जिम्मेदारी उठाए। मर्द यह बोझ ढोते भी हैं और बेवजह अपनी जिंदगी कॉम्प्लिकेट करते हैं। बहन बोले भी कि भैया, हम हाथ बंटा लेंगे, तो भी वे कहेंगे कि नहीं, नहीं मैं भी सब करूंगा, क्योंकि मैं मर्द हूं, क्योंकि वे भी इस स्टीरियोटाइप में फंसे हुए हैं कि यह हमारी ही जिम्मेदारी है।*

बढ़ता स्वास्थ्य

## सर्दियों में बच्चों की डाइट में शामिल करें ये फूड्स, नहीं पड़ेंगे बीमार

सर्दियों के मौसम में बच्चों की सेहत का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। इस मौसम में सर्दी-जुखाम, खांसी, बुखार और सांस से जुड़ी बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। इस मौसम में अगर बच्चों की सेहत का ध्यान ना रखा जाए, तो उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो सकती है। सर्दियों में बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए उनके आहार में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हों।



### मौसमी फल और सब्जियां

सर्दियों में बच्चों की डाइट में मौसमी फल और सब्जियां भी जरूर शामिल करें। फल और सब्जियों में प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम, फाइबर, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की इम्युनिटी को मजबूत बनाते हैं। सर्दियों में बच्चों की डाइट में पालक, ब्रोकली, मेथी जैसी हरी सब्जियां जरूर शामिल करें। इसके अलावा, आप बच्चों को अनार, सेब, संतरा जैसे फल खाने को भी जरूर दें।

### गुड़

सर्दियों के मौसम में बच्चों को गुड़ खाने के लिए देना चाहिए। गुड़ खाने से शरीर में गर्माहट आती है और इंफेक्शन से लड़ने में भी मदद मिलती है। खांसी- जुकाम की समस्या में भी अदरक के साथ गुड़ खाने से काफी आराम मिलता है। आप बच्चों को खाने के बाद स्वीट डिश के तौर पर गुड़ दे सकते हैं। इसके अलावा आप दूध में भी चीनी की जगह गुड़ डालकर बच्चों को दे सकते हैं।

### अंडा

सर्दियों के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को अंडा खाने के लिए दें। अंडे में प्रोटीन, विटामिन, ओमेगा 3 फैटी एसिड और मिनरल्स जैसे कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। यह शरीर को गर्म रखने में मदद करता है। अंडा खाने से शरीर को एनर्जी मिलती है और इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। आप बच्चों को उबला हुआ अंडा या ऑमलेट बना कर दे सकते हैं।

### ड्राई फ्रूट्स


बच्चों की सेहत के लिए ड्राई फ्रूट्स काफी फायदेमंद होते हैं। ड्राई फ्रूट्स में विटामिन, फैट और एंटी ऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं। सर्दियों में बच्चों को बादाम, काजू, अखरोट और अंजीर जैसे ड्राई फ्रूट्स खिलाएं। इससे उनके शरीर को एनर्जी मिलेगी और बीमारियों से बचाव भी होगा। आप ड्राई फ्रूट्स को दूध में मिक्स करके या फिर स्नैक्स के रूप में बच्चों को दे सकते हैं।

### घी

सर्दियों के मौसम में घी का सेवन भी काफी फायदेमंद होता है। बच्चों को घी खिलाने से उनकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है। इसके अलावा, आंखों, डाइजेशन और त्वचा के लिए भी घी बहुत फायदेमंद होता है।

## डायबिटीज वालों का ब्लड शुगर घटाएंगे ये फूड्स

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जो दुनिया भर में महामारी की तरह फैल रही हैं। आज बदलते लाइफस्टाइल और खानपान के चलते लगभग हर घर में आपको एक डायबिटीज का रोगी जरूर देखने को मिलता है। डायबिटीज को समय रहते नियंत्रित करना बेहद जरूरी है, अन्यथा व्यक्ति की स्थिति अधिक खतरनाक हो सकती है। यानि डायबिटीज धीरे-धीरे आपके शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करने लगती है। हालांकि डायबिटीज रोगियों के ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए दवा उपलब्ध है लेकिन इतना काफी नहीं होता, इसके लिए आपको अपने दैनिक आहार में कुछ बदलाव करने की जरूरत होती है। ऐसे में आप इन देसी व खाद्य पदार्थों को शामिल करने पर भी विचार कर सकते हैं, जो आपके ब्लड शुगर को कम करने और डायबिटीज मैनेंजमेंट में मदद करेंगे। डायबिटीज दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। हर साल दुनिया भर में लाखों लोग डायबिटीज के कारण मर जाते हैं। डायबिटीज की बीमारी किसी को भी हो सकती है, यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें ब्लड शुगर का स्तर असामान्य रूप से अधिक होता है। ब्लड प्रेशर में स्पाइक या तो इसलिए होता है क्योंकि शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर रहा होता है, या यह उत्पादित इंसुलिन के लिए अच्छी तरह से प्रतिक्रिया करने में सक्षम नहीं होता है। ऐसे में डायबिटीज रोगियों को अपने खानपान के प्रति सचेत व सर्तक होने की आवश्यकता होती है। डायबिटीज रोगियों को हाई फाइबर वाले आहारों को डाइट में करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि फाइबर ब्लड में शुगर रिलीज को कम करने और असामान्य स्पाइक को रोकता है।



### रागी

गेंहूं में कार्बोहाइड्रेट की अधिक मात्रा पाई जाती है। इसलिए इसके सेवन में कटौती करना उचित माना जाता है। यदि आप डायबिटीज के रोगी हैं, तो आप गेंहू के आटे के बजाय रागी का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो कि आपकी स्वास्थ्य की दृष्टि से एक स्वस्थ विकल्प है। रागी में फाइबर, कैल्शियम और आवश्यक अमीनो एसिड से होते हैं, जिससे इसे एक पौष्टिक अनाज के रूप में जाना जाता है। आप रागी डोसा या रागी आलू पराठा भी ट्राई सेवन कर सकते हैं।

### कुट्टू

कुट्टू को आमतौर पर उपवास या व्रत को भोजन माना जाता है। यह एक स्वस्थ और पौष्टिक अनाज है, जो कि आपके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह एक कम ग्लाइसेमिक सूचकांक वाला अनाज है, इसलिए डायबिटीज रोगियों के लिए यह काफी फायदेमंद माना जाता है।

### मूली

मूली हाई फाइबर से भरपूर है और आपके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में भी मददगार है। यदि आप डायबिटीज के रोगी हैं, तो आप मूली को सलाद के रूप में खा सकते हैं या आप मूली के पराठे बनाकर भी खा सकते हैं। आप मूली के साथ मौसमी सब्जियों के साथ नींबू का रस और हल्का नमक डालकर इसे खा सकते हैं, जिससे इसका स्वाद भी बेहतर होगा और आपको इसके फायदे भी मिल जाएंगे।

### करेला

स्वाद में कड़वा करेला आपके लिए फायदों से भरपूर है। जिस तरह दवा जितनी कड़वी होती है, उतनी जल्दी असर करती है, ठीक वैसे ही करेला भी है। स्वाद के कारण कई लोग इसे पसंद नहीं करते लेकिन करेला आपके वजन घटाने से लेकर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मददगार है। करेले में डायबिटीज को कंट्रोल करने में मददगार पॉलीपेप्टाइड-पी या पी-इंसुलिन नामक एक यौगिक होता है।



## दुबले पतले लोग वजन बढ़ाने के लिए खाएं घी और ब्रेड, तेजी से बढ़ेगा वजन

जहां एक तरफ दुनियाभर में लोग मोटापे की समस्या या ज्यादा वजन से परेशान हैं, तो वहीं तमाम ऐसे लोग भी हैं जिनका वजन बहुत कम है और वजन बढ़ाने के लिए परेशान रहते हैं। कम वजन वाले लोग अक्सर इंटरनेट पर वजन बढ़ाने की डाइट सर्च करते हैं। ऐसे लोग जो दुबले-पतले हैं और अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, ये लेख उनके लिए ही है। वजन बढ़ाने के लिए घी का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। नियमित रूप से घी खाने से आप हेल्दी तरीके से अपना वजन बढ़ा सकते हैं। घी के साथ ब्रेड खाने से वजन बढ़ाने में बहुत फायदा मिलता है। ऐसे लोग जो कम वजन वाले हैं, उनके लिए घी और ब्रेड किसी रामबाण से कम नहीं है।

**वजन बढ़ाने के लिए घी और ब्रेड के फायदे :** वजन बढ़ाने के लिए घी खाना बहुत फायदेमंद होता है। घी में मौजूद गुण और पोषक तत्व वजन बढ़ाने और शरीर को बीमारियों से बचाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। घी में हेल्दी फैट, कैल्शियम और कैलोरी की पर्याप्त मात्रा होती है। नियमित रूप से संतुलित मात्रा में घी खाने से आप तेजी से वजन बढ़ा सकते हैं। ब्रेड के साथ घी को आप ब्रेकफास्ट में शामिल कर सकते हैं, इसके अलावा कई अन्य तरीकों से भी इसे डाइट में शामिल किया जा सकता है। कुछ लोगों का वजन न बढ़ने का कारण उनका गलत तरीके से भोजन करना होता है। अगर आप सही समय पर और सही तरीके से डाइट नहीं लेते हैं, तो तमाम कोशिशों के बाद भी वजन नहीं बढ़ता है।

**घी और ब्रेड में मौजूद कैलोरी :** वजन बढ़ाने के लिए घी और ब्रेड का सेवन इसलिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि ब्राउन ब्रेड की 2 स्लाइस में लगभग 154 कैलोरी होती है। वहीं एक चम्मच में घी में लगभग 200 कैलोरी होती है। इसके अलावा इनमें मौजूद अन्य पोषक तत्व वजन बढ़ाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

## सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है कसावा का आटा, डायबिटीज और कब्ज से मिलेगी निजात

कसावा का आटा सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से आपको पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों से लेकर डायबिटीज जैसी समस्या में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलता है। कसावा के आटे के बारे में लोगों को जानकारी कम है, लेकिन भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में इसका इस्तेमाल खूब किया जाता है। कसावा के आटे में सेहत के लिए उपयोगी प्रोटीन, फाइबर और मिनरल्स पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। कसावा मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका और मैक्सिको में उगता है और अमेरिकी देशों में इसका इस्तेमाल बेकिंग के लिए बहुत किया जाता है। कसावा का आटा ग्लूटेन फ्री होता है, जिससे इसका सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। कसावा के आटे में सेहत के लिए फायदेमंद पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल आप



रेगुलर आटे की जगह पर रोटी बनाने के लिए भी कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल पास्ता और नूडल्स बनाने के लिए भी किया जाता है। बढ़ते ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए भी इसका सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**मानसिक सेहत के लिए फायदेमंद :** डिप्रेशन, एंग्जायटी और चिंता जैसी परेशानियों से हर तीसरा आदमी जूझ रहा है। कामकाज का प्रेशर और बिगड़ती आर्थिक स्थिति इसका प्रमुख कारण है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए भी कसावा का आटा खाना बहुत फायदेमंद होता है। कसावा में कैरोटिनॉइड, विटामिन सी और फिनोलिक जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से स्ट्रेस और सिरदर्द दूर करने में बहुत फायदा मिलता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** पाचन से जुड़ी परेशानियां जैसे कब्ज, अपच और पेट में गैस बनना आदि बहुत कॉमन हैं। इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए कसावा का आटा बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से कब्ज और अपच की समस्या दूर होती है। कसावा के आटे में फाइबर की पर्याप्त मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**डायबिटीज में फायदेमंद :** डायबिटीज के मरीजों के लिए कसावा का आटा बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन करने से शरीर में बढ़ते ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में भी फायदा मिलता है। कसावा का आटा ग्लूटेन फ्री होता है और इसका सेवन करने से शरीर में शुगर पार्टिकल्स जमा नहीं होते हैं। डायबिटीज के दौरान होने वाली कई अन्य परेशानियों में इसका सेवन बहुत फायदेमंद है।



सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो, बेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# भारतीय पीएम को कुवैत आने में 4 दशक लगे : पीएम मोदी

## प्रवासी भारतीयों से कहा- मैं आपसे मिलने ही नहीं, आपकी उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने आया हूं



बढ़ता राजस्थान

**कुवैत सिटी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर कुवैत पहुंचे। 43 साल बाद ये किसी भारतीय पीएम का पहला कुवैत दौरा है। पीएम मोदी से पहले 1981 में प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने कुवैत का दौरा किया था। मोदी का एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम हुआ।

प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 43 साल के बाद भारत का कोई पीएम कुवैत आया है। आपको भारत से आना है तो 4 घंटे लगते हैं, प्रधानमंत्री को 4 दशक लग गए। मोदी ने कहा कि कुवैत में लोगों को हर त्योहार मनाने की सुविधा है। लेकिन मैं आपको सेलिब्रेट करने आया हूं। इससे पहले भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कथकली डांस परफॉर्म किया था। इसके बाद पीएम कुवैत सिटी पहुंचे। जहां अरबी भाषा में लिखी और प्रकाशित रामायण और महाभारत पुस्तक के प्रकाशक अब्दुल लतीफ अलनेसेफ और अनुवादक अब्दुल्ला बैरन से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी को अरबी भाषा में लिखी महाभारत और रामायण उपहार में भेंट की। इसके बाद मोदी ने कुवैत के स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया और भारतीय मजदूरों से मुलाकात की। दरअसल, इसी साल 12 जून को कुवैत में मजदूरों के एक कैंप में आग लग गई थी, जिसमें 50 लोगों की जलकर मौत हो गई थी। इनमें 45 भारतीय थे।

### हमारे बीच व्यापार 19वीं शताब्दी से जारी

पीएम ने कहा कि एक वक्त था जब कुवैत से मोती, अच्छी नस्ल के घोड़े भारत जाते थे। वहीं भारत से मसाले, कपड़े, लकड़ी कुवैत आती थीं। कुवैत का मोती, भारत के लिए किसी हीरे से कम नहीं हैं। आज भारत की ज्वैलरी की पूरी दुनिया में धूम है तो इसमें कुवैत को मोतियों का योगदान है। गुजरात में तो हम बड़े-बुजुर्गों से सुनते आए हैं कि किस तरह कुवैत से भारत व्यापारी आया करते थे। 19वीं शताब्दी में ही यहां से व्यापारी सूरत जाने लगे थे। तब सूरत कुवैत के मोतियों के लिए इंटरनेशनल मार्केट हुआ करता था। कुवैती व्यापारियों ने गुजराती भाषा में अनेक किताबें भी पब्लिश की हैं। गुजरात के बाद कुवैत के व्यापारियों ने मुबंई और बाकी जगहों पर पहचान बनाई।

### कल्चर और कॉमर्स से बना रिश्ता नई बुलंदी पर जा रहा

पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत के बहुत सारे व्यापारियों ने आयात-निर्यात के लिए भारत के कई जगहों पर ऑफिस खोले हैं। 60-65 साल पहले कुवैत में भारतीय रुपए वैसे ही चलते थे जैसे भारत में चलते हैं। यानी यहां किसी दुकान से खरीदने पर भारतीय रुपए भी स्वीकार किए जाते थे। तब भारतीय करेंसी जैसे कि रुपया, पैसा, आना को कुवैती लोग जानते थे। जिस देश से जिस समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं, जिससे हमारा वर्तमान जुड़ा है, वहां आना मेरे बहुत यादगार है। मैं कुवैत के लोगों का यहां की सरकार का आभारी हूं। कुवैत के अमीर का उनके आमंत्रण के लिए धन्यवाद देता हूं।अतीत में कल्चर और कॉमर्स ने जो रिश्ता बनाया था वो आज नई सदी में नई बुलंदी की तरफ आगे बढ़ रहा है।

### कुवैत की लीडरशिप भी भारतीयों की मेहनत की कायल

पीएम ने कहा कि मैंने यहां काम करने वाले भारतीय मजदूरों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ये साथी यहां कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं। इसके अलावा बाकी लोग भी दूसरे सेक्टर में पसीना बहा रहे हैं। भारतीय समुदाय के डॉक्टर्स, नर्सें कुवैत के मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बहुत बड़ी शक्ति हैं। भारतीय शिक्षक कुवैत की अगली पीढ़ी को मजबूत बनाने में सहयोग कर रहे हैं, इंजीनियर्स कुवैत के नेक्स्ट जेनेरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं। जब भी मैं कुवैत की लीडरशिप से बात करता हूं तो वे आपकी खूब तारीफ करते हैं। कुवैत के नागरिक भी भारतीयों की मेहनत, ईमानदारी, स्किल की वजह से सम्मान करते हैं।

### भारत और कुवैत को वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी जोड़ा

मोदी ने कहा कि आज भारत रेमिटेंस के मामले में सबसे आगे है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय आप सभी मेहनतकश साथियों को जाता है। देशवासी भी आपके इस योगदान का सम्मान करते हैं।

भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का, व्यापार-कारोबार का है। भारत-कुवैत अरब सागर के दो किनारे पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं दिलों ने भी आपस में जोड़ा है। हमें वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी आपस में जोड़ा है।

### न्यू कुवैत बनाने की तकनीक और मैन-पावर भारत के पास

पीएम मोदी ने कहा कि हर सुख में साथ रहने की परंपरा हमारी आपसी रिश्ते, आपसी भरोसे की बुनियाद है। हमारे मकसद बहुत अलग नहीं हैं। जैसे कुवैत के लोग न्यू कुवैत बनाने में लगे हैं वैसे भी भारत के लोग भारत 2047 बनाने में लगे हैं। भारत आज इनोवेशन पर बल दे रहा है। इकोनॉमी को मजबूत करने में लगा है। भारत का स्किल्ड यूथ कुवैत को नई ताकत दे सकता है। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश रहने वाला है। ऐसे में भारत दुनिया की स्किल डिमांड को पूरा करने का सामर्थ्य रखता है। इसके लिए भारत अपने युवाओं का स्किल डेवलपमेंट कर रहा है। भारत इसके लिए दो दर्जन देशों के साथ समझौते किए। मोदी ने कहा कि आप सभी भारत से आए यहां रहे लेकिन भारतीयता को अपने दिल में संजो कर रखा है। कौन भारतीय होगा जिसे मंगलयान की सफलता पर गर्व नहीं होगा, जिसे चंद्रयान की चंद्रमा पर लैंडिंग की खुशी नहीं हुई होगी... आज का भारत, एक नए मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है। आज दुनिया का नंबर फिनटेक इकोसिस्टम भारत में है, तीसरा स्टार्टअप इकोसिट्म भारत में है।

# पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ बोले-जस्टिस शेखर का विरोध किया था

## जस्टिस गोगोई को लेटर भी लिखा था, नेपोटिज्म-रिश्तेदारी से नियुक्ति नहीं होनी चाहिए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने विवादों में चल रहे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर यादव को लेकर बड़ा खुलासा किया है। चंद्रचूड़ ने कहा कि वह शुरू से जस्टिस शेखर यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट का जज नियुक्ति करने के विरोध में थे। उन्होंने कहा कि नियुक्ति नेपोटिज्म (भाई-भतीजावाद) और रिश्तेदारी के आधार पर नहीं होनी चाहिए। जस्टिस यादव ने एक कार्यक्रम में कहा था कि कठमुल्ला देश के लिए घातक है।

चंद्रचूड़ ने कहा- मैंने इसके लिए तत्कालीन सीजेआई जस्टिस रंजन गोगोई को पत्र भी लिखा था। इसमें शेखर यादव के साथ कई अन्य नामों का भी विरोध किया था। जस्टिस यादव के विरोध का कारण नेपोटिज्म, रिश्तेदारी और अन्य संबंधी होना था। उन्होंने कहा कि किसी जज का रिश्तेदार होना ही कोई योग्यता नहीं है, नियुक्ति योग्यता के आधार पर होनी चाहिए। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि किस रिश्तेदार के प्रभाव से उनकी नियुक्ति हुई है। पूर्व सीजेआई ने कहा- सिटिंग जज को हमेशा सावधान रहना चाहिए कि वह न्यायालय के अंदर और बाहर क्या बोल रहा है।

# केजरीवाल ने शुरू की अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना

## दलित बच्चों की विदेश में पढ़ाई का खर्चा उठाएगी सरकार, कहा- यह शाह-भाजपा को जवाब

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के कन्वेनर अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना का ऐलान किया। केजरीवाल ने कहा कि दलित परिवार के बच्चे की विदेशी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई और आने-जाने का खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा, दलित समाज का कोई बच्चा पैसे की कमी की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित ना रह जाए। डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान करता हूं। दलित का कोई बच्चा दुनिया की किसी टॉप यूनिवर्सिटी में पढ़ना चहता है तो वह सिर्फ उस यूनिवर्सिटी में एडमिशन ले ले, पढ़ाई का खर्चा और आने-जाने का सारा खर्चा दिल्ली सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा, अंबेडकर ने विदेशों में पढ़ाई कर डबल पीएचडी की है। आजाद भारत में किसी बच्चे को फॉरेन यूनिवर्सिटी में पढ़ने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सरकारी अफसरों के ऊपर भी यह योजना लागू होगी। भाजपा और अमित शाह ने जो अंबेडकर का मजाक उड़ाया उसका जवाब हम इस योजना से दे रहे हैं। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। अगले दो महीने में चुनाव हो सकते हैं।

### केजरीवाल के ऐलान

18 दिसंबर : 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज-केजरीवाल ने 12 दिसंबर को घोषणा की कि 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज होगा। केजरीवाल ने साफ किया कि ये इलाज सभी बुजुर्गों के लिए मुफ्त होगा, चाहे वो किसी भी कैटेगरी में आते हों। इसे उन्होंने संजीवनी योजना बताया।

12 दिसंबर : महिलाओं के लिए 1000 रुपए प्रति माह-केजरीवाल ने 12 दिसंबर को महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने का ऐलान किया। इसे महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा।

10 दिसंबर : ऑटो चालकों के लिए 4 ऐलान किए थे-केजरीवाल ने 10 दिसंबर को ऑटो चालकों के लिए 4 ऐलान किए थे। उन्होंने कहा था कि ऑटो चालक की बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। होली-दिवाली पर वर्दी बनवाने के लिए ढाई-ढाई हजार रुपए दिए जाएंगे। 10 लाख रुपए का लाइफ इंश्योरेंस और 5 लाख का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस भी कराया जाएगा। साथ ही ऑटो चालकों के बच्चों की कोचिंग का पैसा दिया जाएगा।

# 5 बार के सीएम ओपी चौटाला पंचतत्व में विलीन

## दोनों बेटों ने मिलकर दी मुखाग्नि, चारों पोतों ने अंतिम रस्में निभाईं

बढ़ता राजस्थान



**सिरसा।** हरियाणा के 5 बार मुख्यमंत्री रहे ओपी चौटाला शनिवार (21 दिसंबर) शाम करीब 4 बजे पंचतत्व में विलीन हो गए। सिरसा के गांव तेजा खेड़ा स्थित फार्म हाउस में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

बड़े बेटे अजय चौटाला ने छोटे भाई अभय चौटाला के साथ मिलकर उन्हें मुखाग्नि दी। उनके समाधि स्थल को गेंदा, गुलाब और गुलदाउदी के 12 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। चिता के लिए लाल चंदन की लकड़ियां मंगाई गई थीं। इससे पहले उनकी पार्थिव देह को समाधि स्थल तक ले जाते वक्त समर्थकों ने फूल बरसाए और ओपी चौटाला- अमर रहें के नारे लगाए। इस दौरान ओपी चौटाला की पार्थिव देह को तिरंगे में लपेटा गया था। वहीं, इनेलो की पहचान हरी पगड़ी और चुनाव चिह्न चश्मा भी पहनाया गया था। हरियाणा सरकार ने उनके निधन पर 3 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। अंतिम संस्कार से कुछ देर पहले उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और ष्टरूनायब सैनी ने भी फार्म हाउस पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर राजनीतिक तौर पर अलग उनके दोनों बेटे अजय चौटाला व अभय चौटाला और ओपी चौटाला के भाई रणजीत चौटाला भी एक साथ मौजूद रहे। ओपी चौटाला का शुक्रवार (20 दिसंबर) दोपहर 12 बजे दिल का दौरा पड़ने से गुरुग्राम में निधन हो गया था। वह 89 साल के थे। इसके बाद उनकी पार्थिव देह शुक्रवार रात ही सिरसा स्थित तेजा खेड़ा फार्म हाउस में लाई गई थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# मणिपुर हिंसा के 600 दिन : सेना की सख्ती के कारण 1 महीने से शांति; कश्मीर की तरह ऑपरेशन क्लीन से 20 उग्रवादी पकड़े

बढ़ता राजस्थान



**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा के 600 दिन रविवार को पूरे हो जाएंगे। इन 600 दिनों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब लगातार एक महीने से हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। छिटपुट प्रदर्शन के लिए भी मैतेई-कुकी समुदायों की महिलाएं सड़कों पर नहीं उतरीं। सरकारी दफ्तर रोजाना खुल रहे हैं और स्कूल में बच्चों की तादाद बढ़ रही है। इसकी वजह यहां चल रहा सेना का कश्मीर जैसा ऑपरेशन 'क्लीन' है।

कश्मीर में सेना जहां भी सर्च ऑपरेशन चलाती है, वहां पूरे इलाके को आतंक से क्लीन करने के बाद ही सामाजिक गतिविधियों को पटरी पर लाने का काम होता है। मणिपुर में भी कुछ ऐसा ही ऑपरेशन हो रहा है।

30 दिन में उग्रवादी संगठनों के 20 उग्रवादी कैडर पकड़े गए इसी ऑपरेशन का असर है कि 30 दिन में न केवल हथियार-गोला बारूद की कोई बड़ी खेप जब्त हुई है, बल्कि उग्रवादी संगठनों के 20 से अधिक कैडरों को भी दबोचा गया है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भास्कर को बताया कि हमारा फोकस उग्रवाद वाले बफर इलाकों में सबकुछ न्यूट्रल करने पर है। इनमें वे इलाके भी शामिल हैं, जहां बीते डेढ़ साल में किसी की जाने की हिम्मत नहीं हुई। वहीं, पूरे राज्य में सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज की 288 कंपनियों में करीब 40 हजार जवान तैनात हैं।

**इतने हथियारों की पहली बार रिकवरी:** अब तक सेना ने एके-47 सीरीज की 20 से अधिक राइफल्स के साथ 7.62एमएम एसएलआर राइफल, 5.5एमएम इंसास राइफल, .22 राइफल, .303 राइफल, 9मएम पिस्टल, पोम्पी गन, सैकड़ों किलो आईईडी बरामद की है। इतने हथियारों की बरामदगी पहली बार हो रही है।

यह बरामदगी लगातार जारी है। पुलिस ने बताया कि 19 दिसंबर को सर्च ऑपरेशन के दौरान कई हथियार बरामद हुए। इनमें 9एमएम कार्बाइन मशीन गन, .303 राइफल, 9एमएम देशी पिस्टल, .32 पिस्टल, 123 जिंदा कारतूस, पोंपी गन (देशी मशीन गन), कार और मोबाइल फोन समेत गोला-बारूद बरामद हुआ।

सेना की सख्ती के बाद खुद हथियार जमा कर रहे लोग एक मानवाधिकार कार्यकर्ता ने बताया कि पहले सेना राजनीतिक दखल के कारण कुछ कर नहीं पा रही थी। इससे सेना नाराज थी, लेकिन जब से इंफाल वैली के 5 थाना क्षेत्रों में अफस्पा लागू हुआ, तब से सेना सख्त हुई, अब लोग खुद हथियार जमा करने पहुंच रहे हैं। मणिपुर हिंसा में अब तक 237 लोगों की मौत मणिपुर में कुकी-मैतेई के बीच 600 से ज्यादा दिनों से हिंसा जारी है। इस दौरान अब तक 237 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 1500 से ज्यादा लोग जख्मी हुए, 60 हजार लोग घर छोड़कर रिलीफ कैंप में रह रहे हैं। अब तक 11 हजार स्न्ढ्ढक्रदर्ज की गईं हैं और 500 लोगों को अरेस्ट किया गया है।